दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :168

प्रतापगढ़ | रविवार , 21 अप्रैल-2024

पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़ ,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

यूपी बोर्ड इंटर और हाई स्कूल के नतीजे जारी

# सीतापुर का जलवा, 10वीं में प्राची और इंटर में शुभम टापर

## इंटर में 82.60 और हाईस्कूल में 89.55 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण, लड़कियां फिर आगे

### अप्रैल के तीसरे हफ्ते में रिजल्ट घोषित कर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने रचा इतिहास



**प्रयागराज, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा-2024 का परिणाम माध्यमिक शिक्षा निदेशक-सभापति डॉ महेन्द्र देव एवं यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने शनिवार को बोर्ड मुख्यालय पर घोषित किया।

उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में कुल 89.55 प्रतिशत तथा इण्टर में 82.60 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। दसवीं में सीतापुर की प्राची निगम एवं इण्टर में शुभम वर्मा ने टॉप किया है।निदेशक ने बताया कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 22 फरवरी से 09 मार्च तक कुल 8265 परीक्षा केन्द्रों पर हुई थी। इस वर्ष 55,25,308 परीक्षार्थियों ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। जिसमें 10वीं में 29,47,335 एवं 12वीं में 25,78,007 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। हाईस्कूल में 27,49,364 एवं इण्टर में 24,52,830 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।उन्होंने बताया कि यूपी बोर्ड ने कापियों का मूल्यांकन 259 केन्द्रों पर महज 12 दिनों में पूरा कर लिया। यूपी बोर्ड की ओर से उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 01 लाख 47 हजार 097 परीक्षकों की नियुक्ति की गई थी। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 2 करोड़ 85 लाख कॉपियों का मूल्यांकन किया गया।

16 से 30 मार्च के बीच कापियों का मूल्यांकन हो गया था। निर्धारित किए गए कुल 259 मूल्यांकन केंद्रों में से 83 राजकीय और 177 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों को मूल्यांकन केंद्र थे।यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने बताया कि हाईस्कूल में 24,62,026 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें 12,38,422 बालक एवं 12,23,604 बालिकाएं हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05 एवं बालिकाओं का 93.40 प्रतिशत है। इसी प्रकार इण्टर में कुल 20,26,067 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें 10,43,289 बालक एवं 9,82,778 बालिकाएं हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.78 तथा बालिकाओं का 88.42 प्रतिशत है। इस प्रकार बालिकाओं ने बाजी मारी है। इस अवसर पर अपर क्षेत्रीय सचिव विभा मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री योगी ने दी बधाई

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रों को बधाई दी है। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और गुरुजनों को हार्दिक बधाई ! आप सभी %नए उत्तर प्रदेश% का स्वर्णिम भविष्य हैं। ऐसे ही परिश्रम, लगन और धैर्य के साथ आप सभी जीवन की हर परीक्षा में सफल हों, यही कामना है। माँ शारदे की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे !

# आईएनडीआईए की सरकार बनी तो गरीब परिवार की एक महिला को देंगे एक लाख की राशि-राहुल गांधी



**भागलपुर (बिहार)(हि.स.)।** राज्य के भागलपुर के सैंडिस कंपाउंड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 150 से अधिक सीटें नहीं मिलने वाली है। यह चुनाव संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि देश के अरबपतियों का मोदी सरकार ने 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया। आईएनडीआईए की सरकार बनेगी तो जितना कर्ज पूंजीपतियों का माफ किया गया, उतना कर्ज किसानों का भी माफ किया जाएगा।राहुल गांधी ने कहा कि यूपीए शासन काल में किसानों का कर्ज माफ हुआ था लेकिन भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों का जितना कर्ज माफ किया उतनी राशि से कई बार किसानों का कर्ज माफ हो सकता है। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद गरीब परिवार की एक महिला सदस्य के खाते में एक लाख रुपये ट्रांसफर कर दिया जाएगा। हर महीने में 8,500 रुपये डाल दिए जाएंगे। इस राशि का उपयोग महिला को परिवार की आजीविका चलाने के लिए करना होगा।राहुल ने कहा कि महालक्ष्मी योजना के तहत सारे गरीब परिवारों की लिस्ट निकाली जाएगी और उस परिवार से एक महिला चुनी जाएगी। उसी महिला के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की अग्निवीर योजना को केंद्र में आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद खत्म कर देंगे।राहुल गांधी ने कहा कि मोदी सरकार ने हिन्दुस्तान को बेरोजगारी का केंद्र बना रखा है। देश के युवा हर दिन सात-आठ घंटे इंस्टाग्राम और फेसबुक में लगे रहते हैं। मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारी फैला दी है। इसलिए इंडिया अलायंस ने सत्ता में आने के बाद हर ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर के लिए पहली नौकरी पक्की करने की योजना बनाई है।राहुल ने कहा कि इस योजना के तहत हर ग्रेजुएट और डिप्लोमा होल्डर को अप्रेंटिस ट्रेनिंग का अधिकार दिया जाएगा। जैसे केंद्र सरकार ने मनरेगा का अधिकार दिया उसी तरह से अब हर ग्रेजुएट को पहली नौकरी का अधिकार देगी। इसके तहत निजी, पीएसयू और सरकारी क्षेत्र में युवाओं को नौकरी मिलेगी और एक साल अच्छा काम करने वाले युवाओं को परमानेंट जॉब मिलेगी। इस योजना से देश में प्रशिक्षित युवाओं की फौज खड़ी होगी।राहुल गांधी ने यह भी भरोसा दिलाया कि आईएनडीआईए की सरकार बनते ही पांच अलग-अलग तरीके के जीएसटी को खत्म कर एक टैक्स की व्यवस्था लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि कम से कम टैक्स की व्यवस्था की जाएगा।

# कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी, मोदी ने जो कहा कर दिखाया - अमित शाह



**कोटा, (हि.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगर आपने 2019 में कांग्रेस को वोट दिए होते तो कोटा पीएफआई का गढ़ बन जाता। मोदी को वोट दिया तो पीएफआई का सफाया कर दिया। कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी है। गहलोत सरकार ने पांच साल तक ईआरसीपी को आगे नहीं बढ़ने दिया। भजनलाल सरकार ने तीन महीने में ही ईआरसीपी का काम आगे बढ़ा दिया। हर गांव-ढाणी में ईआरसीपी का पानी पहुंचाने की मोदी की गारंटी है। शाह शनिवार को कोटा में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।इससे पहले शाह भीलवाड़ा पहुंचे थे। यहां भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में विजय संकल्प महासभा को संबोधित किया था। इस सभा के माध्यम से शाह ने भीलवाड़ा जिले की जहाजपुर, मांडलगढ़, आसींद, मांडल, शाहपुरा, सहाड़ा, भीलवाड़ा और बूंदी जिले की हिंडोली विधानसभा को साधा। यह सभा जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र के शक्करगढ़ में हुई।शाह ने कहा कि हमने बहुमत का उपयोग गरीबी को हटाने में किया, देश को सुरक्षित बनाने में किया, अर्थतंत्र को 11वें से 5वें नंबर पर लाने में किया। जब तक भाजपा का एक भी कार्यकर्ता जिंदा है, हम आरक्षण को हटाने नहीं देंगे। ये कांग्रेस पार्टी वाले झूठ फैला रहे हैं। देश के अर्थतंत्र को दुनिया में तीसरे नंबर पर लाने का काम नरेन्द्र मोदी करेंगे। जब 200 रुपये की मटकी भी लेने जाए तो टकोरा लगाकर देखते हैं तो फिर देश का खजाना किसे सौंपना है, इसका पूरा ध्यान रखकर वोट करना। बिरला को जिता कर लोकसभा भेजिए, हम कोटा-बूंदी को देश का नंबर 1 लोकसभा क्षेत्र बनाएंगे।शाह ने कहा कि गहलोत पूरा राजस्थान छोड़कर अपने बेटे को जिताने में लगे हुए हैं। हम 400 पार की बात करते हैं तो कांग्रेस के पेट में दर्द होता है। ये झूठ के सरदार है। उन्होंने कहा कि कोटा की साड़ी और कोटा स्टोन को दुनियाभर में जीओ टैग दिलाने का काम भी भाजपा ने किया है। राहुल बाबा कहते थे अनुच्छेद-370 मत हटाओ, खून की नदियां बह जाएगी। ये मोदी की सरकार है, खून की नदियां तो छोड़ो, कंकड़ चलाने की मजाल नहीं है किसी की।

### पीएम मोदी ने कहा, राहुल गांधी एक और सीट से चुनाव लड़ेंगे

**तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि राहुल गांधी एक और सीट से चुनाव लड़ेंगे। एशियानेट टीवी चैनल से बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ये बात कही।पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस पार्टी के 'युवराज' उत्तर भारत से भाग गए हैं और दक्षिण भारत के वायनाड में उन्होंने शरण ली है। उनके दूसरी जगह से चुनाव लड़ने की घोषणा वायनाड में चुनाव खत्म होने के बाद की जाएगी, 26 अप्रैल के बाद।पीएम मोदी ने सत्तारूढ़ पिनाराई विजयन सरकार की भी आलोचना की और कहा कि राज्य सरकार ने गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान के लिए जीना कठिन कर दिया है। सरकार राजभवन को पैसे नहीं दे रही है।उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है और कहा कि वे भ्रष्टाचार मिटाने के लिए वो अपना काम कर रहे हैं।

# आम आदमी पार्टी विधायक अमानतुल्लाह खान राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान आज राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल को करने का आदेश दिया। उन पर दिल्ली वक्फ बोर्ड में भर्ती से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को नजरअंदाज करने का आरोप है।पेशी के दौरान उनके वकील ने कहा कि अमानतुल्लाह भाग नहीं रहे हैं। वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ईडी के सामने पेश भी हुए थे। ईडी ने कहा कि अमानतुल्लाह को सात बार समन भेजा गया, जिसमें से वह तीन समन पर पेश नहीं हुए। यह अपराध है। इसलिए हमने कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। ईडी ने मांग की है कि कोर्ट अमानतुल्लाह खान को अगली सुनवाई पर फिजिकल तौर पेश होने का निर्देश दे।उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने 9 अप्रैल को ईडी की शिकायत पर अमानतुल्लाह खान को आज पेश होने के लिए समन जारी किया था। ईडी ने याचिका दायर कर कहा था कि दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती में गड़बड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए अमानतुल्लाह खान को धारा 50 के तहत समन जारी किया गया था लेकिन वो पेश नहीं हुए। वह जांच में सहयोग भी नहीं कर रहे।ईडी के मुताबिक, अमानतुल्लाह खान ने आपराधिक गतिविधियों से काफी संपत्ति अर्जित की और सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्ति खरीदी है। छापे के दौरान ऐसे कई दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य मिले हैं जिनसे पता चलता है कि वो मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में लिप्त हैं।

## सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला 30 अप्रैल को आएगा



**नई दिल्ली, (हि.स.) ।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आज दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 30 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध किया है। एजेंसी ने कहा है कि आबकारी नीति कुछ थोक विक्रेताओं के पक्ष में थी। सिसोदिया के वकील सिर्फ ट्रायल में देरी को लेकर जमानत के लिए दबाव बना रहे हैं। उसके लिए उनको हलफनामा दाखिल करना चाहिए, क्योंकि इस मामले मे बड़ी संख्या में अलग-अलग अर्जी दाखिल की गई थीं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि मुकदमा धीमी गति से चल रहा है।ईडी ने कहा कि प्रॉफिट मार्जिन को सात फीसदी बढ़ाकर 12 फीसदी करने को सही ठहराने को लेकर कोई बैठक या चर्चा नहीं हुई।

इनका तर्क है कि पहले भी बैठक और चर्चा नहीं हुई थी अब भी नहीं है इसलिए हमने भी ऐसा किया है। तीन दिन के भीतर, बिना किसी बैठक या चर्चा के 12 प्रतिशत का प्रॉफिट मार्जिन पेश किया गया। अपराध की गंभीरता बेहद गंभीर है, क्योंकि एक नीति बनाई गई जो कुछ थोक विक्रेताओं के पक्ष में थी।

# पहले चरण के चुनाव में ही मतदाताओं ने इंडी गठबंधन को नकार दिया- मोदी

**मुंबई, (हि.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नांदेड में कहा कि पहले चरण के चुनाव में ही मतदाताओं ने इंडी गठबंधन को नकार दिया है। दरअसल, देश की जनता को यह एहसास हो रहा है कि इंडी गठबंधन अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए एक साथ आया है। इंडी अलायंस की पार्टियां देश की 25 फीसदी सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ लड़ रही हैं, इन पर आम जनता विश्वास नहीं कर पा रही है।मोदी शनिवार को भाजपा के नांदेड़ लोकसभा सीट से उम्मीदवार प्रतापराव चिखलीकर और हिंगोली लोकसभा सीट से उम्मीदवार बाबूराव कोहलीकर के प्रचार के लिए आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को देश में पहले चरण का मतदान हुआ। मैं सभी मतदाताओं और विशेषकर पहली बार के मतदाताओं को धन्यवाद देता हूं। मतदान के बाद कई लोगों ने बूथ स्तर तक का विश्लेषण किया है। इसे देखकर ऐसा लग रहा है कि पहले चरण में एनडीए के पक्ष में एकतरफा वोट पड़ा है। मैं देश के नागरिकों से अपील करता हूं कि आप एनडीए की जीत सुनिश्चित कर रहे हैं। मैं इसके लिए सभी को धन्यवाद देता हूं लेकिन जो लोग वोट नहीं देते, उनसे मैं कहना चाहूंगा कि आपको किसी को वोट देना चाहिए। वोट देने से पीछे न हटें।प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का जवान विपरीत माहौल में भी देश की रक्षा के लिए सीमा पर अपना कर्तव्य निभा रहा है। उसी प्रकार मतदाताओं को भी मतदान को कर्तव्य समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वायनाड के अलावा अन्य सुरक्षित निर्वाचन क्षेत्र तलाश रहे हैं। 26 अप्रैल को वायनाड में



मतदान के बाद राहुल गांधी दूसरी सीट तलाशेंगे, क्योंकि उन्हें अमेठी छोड़ना पड़ा। इसी तरह वे वायनाड भी छोड़ देंगे। उन्होंने सोचा नहीं होगा कि कांग्रेस की ऐसी हालत होगी। यह ऐसी स्थिति है कि जिस परिवार से कांग्रेस पार्टी चलती है, वह भी अपनी ही पार्टी को वोट नहीं दे सकता है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं राजनीति में नहीं था, चव्हाण परिवार उस समय से राजनीति में है। अशोक चव्हाण के पिता शंकरराव चव्हाण से एक बार चर्चा करने का मौका मिला था। तब मैं राजनीति में नहीं था। भले ही मैं एक आम आदमी था, शंकरराव चव्हाण ने मुझसे विनम्रतापूर्वक बातचीत की। राज्य और केंद्र में इतने महत्वपूर्ण पदों पर रहने के बाद भी, उनकी ऐसी विनम्रता देखकर मैं आज भी उनसे कुछ सीखने की कोशिश करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अशोक चव्हाण के उनके साथ आने से उनकी ताकत बढ़ी है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

### एलन मस्क का भारत दौरा स्थगित

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी टेस्ला प्रमुख एलन मस्क ने भारत दौरा कुछ समय के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। मस्क 22 अप्रैल को भारत आकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने वाले थे। पिछले हफ्ते ही मस्क ने एक्स हैंडल पोस्ट पर खुद भारत दौरे की पुष्टि की थी।रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मामले की जानकारी रखने वाले शख्स ने एलन मस्क का भारत दौरा टलने की पुष्टि की है। हालांकि, इसके कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। टेस्ला और भारत सरकार ने इस पर अब तक कोई बयान जारी नहीं किया है। माना जा रहा है कि मस्क की भारत यात्रा टेस्ला की पहली तिमाही के प्रदर्शन से संबंधित सवालों का जवाब देने के लिए 23 अप्रैल को अमेरिका में एक कॉन्फ्रेंस कॉल के कारण टाली गई है।

# रायबरेली से चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार



**रायबरेली, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में जनपद रायबरेली और उन्नाव में रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से बांग्लादेशी पासपोर्ट समेत अन्य चीजें मिली हैं। यह लोग यहां पर फर्जी तरह से क्लीनिक चला रहे थे।पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि, पुलिस को इनपुट मिला कि उन्नाव जनपद के मौरांवा कस्बे व रायबरेली के खीरो कस्बे समेत अन्य जगहों पर बांग्लादेशी नागरिक फर्जी तरह से रह रहे हैं। उनके साथ उनके रिश्तेदार भी है। यहां पर ये लोग क्लीनिक चलाकर अपना भरण पोषण करते हैं। इसके बाद पुलिस ने इन लोगों की तलाश शुरू कर दी।

इस दौरान पता चला कि डेढ़ वर्ष पूर्व कस्बे में ही जमीन खरीदकर मकान बनाने वाले कमल अतरहर रोड एक क्लीनिक चलाता था। उसके साथ मंतोष भी रहता था। वही, तनमय महरानीगंज और इन सभी को यहां लाने वाला प्रकाश हलदर उन्नाव जनपद के मौरांवा में अपना क्लीनिक चलाता था। तमाम सुबूत इकट्ठा करने के बाद पुलिस ने सबसे पहले प्रकाश को उठाया। पूछताछ में उसने कई अहम जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस उसके साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने सभी लोगों से जब वैध पासपोर्ट मांगा तो वह नहीं दिखा सके। कमल अपने को बनर्जी बताता था, जिससे किसी को कोई शक न हो और उसे लोग बंगाली मानते थे। पुलिस ने आरोपितों के पास से तीन बांग्लादेशी पासपोर्ट, आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज बरामद किये हैं।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध वरिष्ठ अधिकारियों और जांच एजेंसी को भी सूचित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# मुर्शिदाबाद हिंसा मामले में चुनाव आयोग का बड़ा एक्शन, दो पुलिस अफसरों पर गिरी गाज



**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रामनवमी के मौके पर हुई हिंसा को लेकर चुनाव आयोग ने बड़ी कार्रवाई की है। चुनाव आयोग ने दो पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया। पोल पैनल ने अपने पत्र में कहा, चुनाव आयोग को पता चला है कि शक्तीपुर और बेलदाणा के ऑफिसर इन चार्ज हिंसा और दंगों को रोक पाने में सफल नहीं हुए ऐसे में उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।बता दें कि मुर्शिदाबाद के शक्तीपुर में 17 अप्रैल को हिंसा भड़क गई थी। इसमें कम से कम 19 लोग घायल हुए थे। जानकारी के मुताबिक ऑफिसर इन चार्ज भी हिंसा में घायल हो गए थे। अब चुनाव आयोग आदेश के बाद शक्तीपुर की कानून व्यवस्था पुलिस हेडक्वार्टर के हाथ में है। चुनाव आयोग ने कहा है कि सस्पेंड किए गए अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट भी तैयार की जाएगी।वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने ही रामनवमी के मौके पर हिंसा भड़काई थी। इसी प्लान के तहत मुर्शिदाबाद के डीआईजी मुकेश कुमार को उस दिन शिफ्ट कर दिया गया था। उन्होंने कहा, यह हिंसा पहले से ही निर्धारित थी। भाजपा विधायक ने एक दिन पहले भी हंगामा किया था। इसके अलावा वह रामनवमी के मौके पर हथियार लेकर क्यों गए थे।

# रेहान बीफ शॉप जिंदाबाद..काटते रहो, ओवैसी के वीडियो पर मचा बवाल

## निर्मला सीतारमण बोलीं- दोनों भाई एक्सपर्ट




**हैदराबाद, ,एजेंसियां।** हैदराबाद के मौजूदा सांसद असदुद्दीन ओवैसी अपने प्रचार अभियान के दौरान तब विवादों में आ गए जब उन्हें हैदराबाद के पुराने शहर में एक रेहान बीफ शॉप के कसाई को %रेहान बीफ शॉप जिंदाबाद% कहकर अभिवादन करते देखा गया। दुकान में मौजूद लोगों से हाथ मिलाने के बाद ओवैसी ने उनसे विदा ली और कहा, %%काट ते रहो%%। बीजेपी ने वीडियो को आपत्तिजनक पाया और केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण से जब वीडियो पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें कोई आश्चर्य नहीं हुआ क्योंकि ओवैसी के राजनीतिक बयान हमेशा उग्र और अशोभनीय रहे हैं।सीतारमण ने कहा, ओवेसी के भाई विधायक अकबरुद्दीन ओवेसी भी वही हैं। भाजपा नेता ने कहा कि उनके राजनीतिक बयान हमेशा अशोभनीय होते हैं। मुझे आश्चर्य नहीं है कि उन्होंने इस तरह के बयान दिये। उनके छोटे भाई (अकबरुद्दीन औवेसी) विधायक हैं। वह ऐसे अतिवादी बयान देने में भी माहिर हैं, इसलिए मुझे कोई आश्चर्य नहीं है। बीफ विवाद के बाद मंडी से बीजेपी उम्मीदवार और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत पर विवाद के बाद अब इसकी आंच हैदराबाद तक पहुंच गई है, जहां ओवैसी की चुनौती हिंदुत्व प्रतिपादक माधवी लता हैं। कंगना ने उन दावों का खंडन किया कि वह बीफ खाती हैं और कहा कि वह कई वर्षों से पूरी तरह से योगिक जीवन जी रही हैं।ओवेसी के लिए, यह बीफ विवाद में उनका पहला प्रयास नहीं है क्योंकि 2016 में एक स्थानीय चुनाव के दौरान, ओवेसी की यह कहने के लिए आलोचना की गई थी कि अगर एआईएमआईएम सत्ता में नहीं है तो बीफ नहीं होगा। ओवैसी ने कहा, ÷अगर एआईएमआईएम चुनाव में हार जाती है, तो मैं आपको बता रहा हूं - अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों को बीफ खाने के बारे में भूलना होगा।÷ इस बार ओवेसी के लिए कड़ी चुनौती है क्योंकि माधवी लता ने दावा किया कि फर्जी मतदाताओं के कारण ओवेसी परिवार ने सीट बरकरार रखी।

**यूपी बोर्ड** सीतापुर की प्राची निगम दसवीं की, यहीं के शुभम वर्मा इंटर के रहे टॉपर

# यूपी बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट घोषित, 10वीं में 89.55 फीसदी और 12वीं 82.60 फीसदी परीक्षार्थी सफल

## सबसे कम दिनों में परीक्षा सम्पन्न कराने, कॉपियों के मूल्यांकन और रिजल्ट जारी करने का बना रिकॉर्ड



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश ने 10वीं और 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए हैं। प्रयागराज स्थित बोर्ड के मुख्यालय में इसका ऐलान किया गया।

छात्राओं का रिजल्ट इस वर्ष भी छात्रों से बेहतर रहा है। ससम्मान परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले परीक्षार्थियों की संख्या में वृद्धि से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के भी संकेत मिले हैं। प्रदेश सरकार के निर्देश पर अपनाई गई नई कार्यनीति के चलते बोर्ड ने परीक्षा संपन्न कराने, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने और रिजल्ट जारी करने को लेकर नए रिकॉर्ड बनाए हैं।

यूपी बोर्ड के दसवी और 12 वीं के नतीजे शनिवार को घोषित कर दिए गए। शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डा0 महेन्द्र देव ने बताया कि यूपी बोर्ड में हाईस्कूल में इस वर्ष 89.55 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तो वहीं इंटरमीडिएट में 82.60 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल रहे हैं।

हाईस्कूल में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 12,38,422 बालक तथा 12,23,604 बालिकाएं शामिल हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.05 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 93.40 है। सम्पूर्ण परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 7.35 अधिक है। वहीं इण्टरमीडिए में कुल उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 10,43,289 बालक तथा 9,82,778 बालिकाएं हैं। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.78 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.42 है। सम्पूर्ण परीक्षार्थियों में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों के उत्तीर्ण प्रतिशत से 10.64 अधिक है। हाई स्कूल में सीतापुर की प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है वहीं इण्टरमीडिएट में सीतापुर के शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत के साथ अव्वल स्थान हासिल किया है।

### बोर्ड ने किए अभिनव प्रयोग, बनाए कई रिकॉर्ड

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड मुख्यालय में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 के परिणाम यूपी बोर्ड मुख्यालय में घोषित किए जाने साथ ही कई नए रिकार्ड यूपी बोर्ड के नाम दर्ज हो गए हैं। बोर्ड ने सबसे कम समय में परीक्षा सम्पन्न कराने, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने और रिज़ल्ट जारी करने का रिकॉर्ड बनाया है।

यूपी बोर्ड की परीक्षा इस बार 22 फरवरी से शुरू होकर नौ मार्च तक चली थी। पूरी परीक्षा 12 कार्य दिवस में करवा ली गई थी। उसके बाद प्रदेश भर में कॉपियों के मूल्यांकन का कार्य 16 से 31 मार्च तक चला था। बोर्ड ने 12 कार्य दिवस में परीक्षा संपन्न कराने के बाद 16 कार्य दिवस में मूल्यांकन संपन्न कराकर सबसे कम समय में दोनों कार्य पूर्ण कराने के रिकार्ड बनाए। इस बार बोर्ड ने सबसे जल्दी 20 दिन में परिणाम देने का भी रिकार्ड बनाया है।

यूपी बोर्ड के सचिव दिव्य कांत शुक्ला बताते हैं कि बोर्ड के इतिहास में पहली बार यूपी बोर्ड ने मुख्यालय और सभी पांच क्षेत्रीय कार्यालय से परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम, परीक्षा कक्षों और मूल्यांकन केंद्रों की आनलाइन निगरानी कराई गई।

नकल विहीन और शुचितापूर्ण परीक्षा कराने के लिए पहली बार यूपी बोर्ड मुख्यालय और बोर्ड के सभी क्षेत्रीय कार्यालय में कमांड एंड कंट्रोल रूम बनाया गया था। टीमें गठित कर परीक्षा केंद्रों की रात दिन लगातार आनलाइन निगरानी कराई गई। जहां भी किसी तरह की संदिग्ध स्थिति मिली, वहां के केंद्र को तुरंत कमांड कंट्रोल रूम से रडार पर लेकर कार्यवाही की गई। बोर्ड सचिव के मुताबिक परीक्षा केंद्रों की यूपी बोर्ड मुख्यालय के कमांड कंट्रोल रूम से आनलाइन निगरानी के दौरान जिन 21 केंद्रों के कक्षों में संदिग्ध गतिविधियां दिखीं थीं, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और कार्यवाही की गई है।

इसी तकनीकी की मदद और सरकार की सख्ती का नतीजा था किसी भी केंद्र के स्ट्रांग रूम से प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं नहीं हुई।

# बाल सुरक्षा व साइबर अवेयरनेस पर कार्यशाला का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन एवं अपर पुलिस उपायुक्त, अपराध के कुशल पर्यवेक्षण में एसजेपीयू साइबर सेल एवं प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान एवं प्रबन्धक ब्लू बेल स्कूल करैली के सहयोग से बाल सुरक्षा, साइबर अवेयरनेस पर ब्लू बेल स्कूल नया पुरा करैली में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं किशोर न्याय आदर्श नियम 2016 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार बालकों के संरक्षण, सुरक्षा व अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की गयी। उक्त कार्यशाला का संचालन करते हुए मु0आ0 अजय कुमार मौर्य कार्यालय एसजेपीयू द्वारा बच्चों को आपातकालीन स्थिति में डायल 112 एवं चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 पर कॉल करने हेतु बताया गया साथ ही साथ बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों से बचाव के लिये उन्हें गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

प्रभारी एसजेपीयू तीर्थ राज यादव द्वारा उक्त कार्यशाला को संबोधित करते हुए कार्यशाला में उपस्थित बच्चों को बताया गया कि वह स्कूल व बाजार आदि में कहीं जाते है यदि उनका कोई पीछा करता है

या परेशान करता है तो भीड़-भाड़ वाले स्थानों या नजदीकी एटीएम सेन्टर की तरफ जाने (जहां सीसीटीवी कैमरा लगे होते है व गार्ड भी उपलब्ध होते है) व किसी बड़ों की मदद से घर वालों व पुलिस को सूचना देने सम्बन्धी बातें बताई गयी।

कार्यशाला में उपस्थित साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ मु0आ0 जय प्रकाश सिंह द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध बहुत तीव्र गति से बढ़ रहा है, अतः बच्चों को किसी भी दशा में अपने माता-पिता, परिजनों के डेबिट कार्ड या क्रेडिट कार्ड एवं व्यक्तिगत डाटा को किसी अन्जान व्यक्ति के साथ नहीं साझा करना है।

बाल कल्याण पुलिस अधिकारी थाना करैली उ0नि0 हरिशंकर मिश्र द्वारा बच्चों को बताया गया कि पुलिस उनकी दोस्त है, पुलिस से डरने की जरूरत नहीं, किसी भी समस्या में वह अपनी बात पुलिस के समक्ष रख सकते है। पुलिस उनकी सुरक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रिम रोज शिक्षा संस्थान के प्रबन्धक फरहान आलम एडवोकेट द्वारा बच्चों को बाल सुरक्षा सम्बन्धी कानूनी प्राविधानों को विस्तृत रूप से बताया गया।

उक्त कार्यशाला में ब्लू बेल स्कूल करैली के प्रबन्धक सन्दीप कुशवाहा, प्रधानाचार्या श्रीमती इन्दू खुराना, उप प्रधानाचार्या श्रीमती अर्पिता मालवीय एवंह स्कूल के समस्त अध्यापकगण, उ0नि0 अलख नारायण सिंह, ए0एच0टी0यू0, म0उ0नि0 प्रियंका गौतम (महिला सुरक्षा विशेष दल) मय टीम थाना करैली उपस्थित रहे।

# पकरी सेवार कोट की खुदाई में मिली प्राचीन दीवार

## बुजुर्गों ने बताया कोट पर सैकड़ों वर्ष पूर्व भर जाति का कब्जा रहा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी जल जीवन मिशन योजना क्षेत्र के पकरी सेवार गंगा घाट से जुड़े पुराने कोट पर आकर ले रही है।यहाँ फ़िल्टर हाउस निर्माण के लिए हो रही खुदाई में एक प्राचीन दीवार मिली है।गांव के बुजुर्गों ने बताया कि वर्षों पूर्व यहां भर जाति के लोग रहते थे।यह दीवारें करीब 200 वर्ष पूर्व की बतायी जा रही हैं।पुरातत्व विभाग के लिए यह जांच का विषय है।



क्षेत्र के पकरी सेवार गंगा घाट के पागलानंद आश्रम से जुड़े कोट पर जल जीवन मिशन योजना का निर्माण कार्य चल रहा है। करीब 900 करोड़ की लागत से आकर ले रही इस योजना से मेजा व कोरांव तहसील के 453 गांवों के कुल 117816 घरों को नल से जलापूर्ति की जानी है।इसमे कुल 150 ओवर हेड टैंक बनाये जाने हैं,जिनका निर्माण अंतिम चरण में है।जलापूर्ति पाइप लाइन के जरिए की जाएगी।पाइप लाइन का कार्य प्रगति पर है।योजना से वर्ष 2025 में जलापूर्ति किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

योजना के आरो प्लांट के साथ यहाँ फ़िल्टर हाउस,वास टैंक,केमिकल हाउस,केलोरिंग हाउस,सी एल एफ टैंक,इंटक वेल का निर्माण कार्य प्रगति पर है।गंगा के किनारे पागलानंद आश्रम से जुड़े 19 बीघे पुराने कोट पर यह निर्माण कार्य चल रहा है।फ़िल्टर हाउस निर्माण के लिए चल रही खुदाई में 15 फिट नीचे एक फिट चौड़ी ईट की दीवार मिली है।इसे देखने के लिए गांव की भीड़ जुट गई।गांव के बुजुगो ने बताया कि यहाँ भर जाति के लोग रहते थे।शायद यह दीवार 200 वर्ष पुरानी हो सकती है।यह जांच का विषय है।

## इंटर की छात्रा तैयब जमीर ने मऊआइमा का नाम किया रोशन



**मऊआइमा (प्रयागराज)।** उत्तर प्रदेश बोर्ड की परीक्षा में अंसार गर्ल्स इंटर मीडिएट कालेज तथा जेनिथ एकेडमी की छात्रा मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला आजमपुर निवासनी तैयबा जमीर पुत्री जमीर उद्दीन ने 500 अंकमें 477 अंक एंव 95,4 0 त्न सातवीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया।इस अवसर पर घर में खुशी का माहौल व्याप्त है।पिता जमीर उद्दीन ,माता शबनम परवीन और शिक्षक आबिद, आसिफ,शुभम,आलम आदि ने बधाई दी है।

# प्रथम चरण के मतदान से ही इण्डिया गठबंधन की भारी जीत का दावा,एनडीए के खिलाफ देश की जनता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** 51 फूलपुर संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य के समर्थन आयोजित गठबंधन के कार्यकर्त्ता सम्मेलन में आज सपा, कांग्रेस गठबंधन के नेताओं ने कहा कि एनडीए को सत्ता से बाहर करने के लिए देश की जनता उठ खड़ी है। प्रथम चरण के मतदान से ही इसके रुझान आने लगे हैं। भाजपा नेताओं के झूठे वादे, जुमले से जनता ऊब चुकी है और अब परिवर्तन चाहती है।



सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव, कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेश यादव, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, गीता शास्त्री, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, सत्यवीर मुन्ना, मनोज पासी आदि नेताओं ने कहा कि देश का बेरोजगार, किसान, अल्पसंख्यक, महिलाओं सहित हर आम आदमी आज अपने को ठगा सा महसूस कर रहा है।विपक्षी नेताओं द्वारा जनता की आवाज उठने पर उन्हें इडी, सीबी आई लगाकर परेशन किया जा रहा है। लोकतान्त्रिक संस्थाओं की मर्यादा को तार तार किया जा रहा है. संविधान को बदलने की साजिश चल रही है। देश की जनता एनडीए सरकार की साजिश को समझ चुकी है और इसे सत्ता से बेदखल करने के लिए एक एक वोट इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशियों को देकर जिताने का काम करेगी।

लोकसभा उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह स्वयं एक कार्यकर्त्ता की हैसियत से चुनाव लड़ रहे हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने मुझे लोकसभा का प्रत्याशी घोषित कर कार्यकर्त्ता को सम्मान दिया है।

संचालन उपाध्यक्ष मेराज आरिफ एवं विधानसभा अध्यक्ष श्याम सिंह यादव उर्फ़ बच्चा नेता ने किया।

इस अवसर पर अन्य लोंगो में रविन्द्र यादव, डॉ सुमन शर्मा, राम सुमेर पाल, राम अवध पाल, राजू पासी, प्रतिमा रावत, संदीप यादव, खिन्नी लाल पासी, शांति प्रकाश पटेल, डॉ राजेश यादव,मुलायम यादव, नवीन यादव, आसुतोष तिवारी, मो सैफ, कुलदीप यादव,राकेश पासी, अमरबाहादुर, सुशील यादव, सुरेश यादव, राकेश पटेल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# प्रदेश में सबसे गर्म प्रयागराज

## सुबह आठ से दो बजे तक संचालित हो रहे परिषदीय विद्यालय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रदेश के सर्वाधिक गर्म शहरों में से एक प्रयागराज में आठवीं तक के लाखों बच्चे गर्मी से बिलबिला रहे हैं। शिक्षकों व संगठनों के बार-बार अनुरोध के बावजूद स्कूल टाइमिंग में बदलाव नहीं हो रहा है।बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने 15 अप्रैल को आदेश जारी किया था कि स्कूल टाइमिंग सुबह आठ से दो बजे ही रखी जाए। इसके चलते जिला प्रशासन और बेसिक शिक्षा विभाग के अफसर भी स्कूल टाइमिंग में परिवर्तन से बच रहे हैं। माध्यमिक स्कूल जहां कक्षा छह से 12वीं तक के बच्चे अध्ययनरत हैं, वहां की टाइमिंग सुबह 730 से 1230 बजे की है। वहीं, कक्षा एक से आठवीं के परिषदीय, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट के साथ मान्यता प्राप्त व सहायता प्राप्त तकरीबन पांच हजार स्कूलों में पढ़ने

### तपिश से हलाकान बच्चे स्कूल प्रबंधकों के कान पर नहीं रेंग रही जूं

वाले लाखों बच्चों की छुट्टी दोपहर दो बजे हो रही है। ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों को अधिक परेशानी हो रही है।प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र श्रीवास्तव का कहना है कि आठवीं तक के स्कूल की टाइमिंग 730 से 1230 बजे तक होनी चाहिए। इससे स्कूल संचालन में केवल एक घंटे का अंतर आएगा, लेकिन लाखों बच्चों को राहत मिलेगी। प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष वसीम अहमद ने भी शुक्रवार को जिला प्रशासन को पत्र लिखकर गर्मी के हालात को देखते हुए स्कूल टाइमिंग सुबह सात से 11 बजे तक करने का अनुरोध किया है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर गिरोह

## तीन बाइक के साथ बरामद हुए 4 देशी बम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** प्रयागराज कमिश्नर ऑफ पुलिस रमित शर्मा के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार को मेजा पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है।पुलिस टीम ने बाइक चोर गिरोह को दबोच कर उनसे तीन बाइक व चार देशी बम बरामद कर चार लोगों के खिलाफ विधिक कार्यवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को क्षेत्र के डोरवा मोड़ पर जांच के दौरान एक बाइक चोर गिरोह के चार लोग पकड़े गए।इनके पास चोरी की तीन बाइक और तलासी के दौरान 4 देशी बम की बरामदगी की गई।चौकी प्रभारी सिरसा कुलदीप शर्मा और सहयोगी दरोगा गोविंद सिंह,बलवंत यादव आदि ने डोरवा मोड़ पर जांच शुरू की थी।इसी बीच पारानीपुर की तरफ से तीन बाइक से चार युवक आ रहे थे।पुलिस टीम को देखकर वह भागने के लिए बाइक मोड़ रहे थे तभी पुलिस टीम ने उन्हें घेर लिया और जांच में तीनों बाइक चोरी की मिली।जामा तलासी में उनके पास से 4 देशी बम भी बरामद किए गए है। चौकी प्रभारी द्वारा विभाग को दी गयी जानकारी में पकड़े गए युवक सूरज सिंह विशेनकापुरा,

अर्सलान कोटहा,दीपक आदिवासी खानपुर,रासू सिंह कोढनिया बताए गए हैं।मेजा पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाई की है।

# फूलपुर में बहेगी विकास की धारा- प्रवीण पटेल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया, प्रयागराज।** बहरिया चौराहे पर शुक्रवार को बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लाक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्र ने फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी के प्रत्याशी प्रवीण पटेल को चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। इसके साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर पर चढ़कर पार्टी प्रत्याशी प्रवीण पटेल के ऊपर पुष्प वर्षा किया।



इस दौरान प्रवीण पटेल ने पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए भव्य स्वागत के लिए सभी का आभार जताया। प्रवीण पटेल ने कहा कि क्षेत्र की जनता का साथ मिला तो लोकसभा क्षेत्र का कोई भी इलाका विकास से अछूता नहीं रहने पाएगा। क्षेत्र के विकास के लिए कोई भी कोर-कसर नहीं छोडूंगा। इस दौरान उन्होंने घोषणा किया कि अपने लोकसभा क्षेत्र में इफको जैसी दूसरी फैक्ट्री लगवाने के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा। जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। इस मौके पर आशीष कुमार केसरवानी,सत्यम हिन्दू, कमलेश कुमार पाल,अनिरुद्ध सिंह पटेल, बीजेपी मंडलाध्यक्ष बहरिया बसंत लाल पटेल, पूर्व मंडलाध्यक्ष राकेश शुक्ल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शशिकांत यादव, अनिल कुमार पटेल, अजीत कुमार तिवारी,पंकज श्रीवास्तव, राजाराम प्रजापति, सूबेदार सिंह, गोलू दुबे, पंकज मिश्र, विक्की मिश्र, विक्रम सिंह प्रजापति सहित काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसी प्रकार से श्रुति नर्सिंग होम सरायगनी में संस्थापक डाक्टर शिव कुमार पटेल ने भावी सांसद का स्वागत किया इस मौके पर धनीराम पटेल,लालजी पटेल समेत काफी कार्यकर्ता रहे।

# भाजपा में दिख रहा टीम संयोजन का अभाव प्रत्याशी से दूरी बनाएं हैं पार्टी के कई बडे चेहरे

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के तीसरी बार प्रयोग का असर चुनाव प्रचार में साफ दिख रहा है।सक्रिय राजनीति से दूर रहने वाले पार्टी प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का टीम संयोजन फिलहाल क्षेत्र में नही नजर आ रहा है। इस सीट से जुड़े कई बड़े चेहरे चुनाव से दूरी बनाए हुए हैं। पार्टी के लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल ने चुनावी चर्चा में यह स्वीकार किया है कि पार्टी के कुछ लोग कॉग्रेस प्रत्याशी के प्रचार में खुले आम घूम रहे हैं।उन्होने कहा कि पार्टी का झंडा बांधकर सत्ता का लाभ लेने वाले लोग निजी सम्बन्धों की दुहाई दे रहे हैं और पार्टी को हराने के लिए काम कर रहे हैं।हालांकि संयोजक शिवदत्त पटेल ने कहा कि इलाहाबाद में मोदी की गारंटी पर मतदाता भरोसा कर रहे हैं और यहाँ कमल खिलेगा और पार्टी की बडे अंतर से जीत होगी।

संयोजक शिवदत्त पटेल के दावे में कितना दम है यह तो मतदान के साथ साफ होगा लेकिन पार्टी की प्रचार गति की हालत बेहद लचर नजर आ रही है।

पार्टी संगठन और इस क्षेत्र से जुड़े चर्चित और बडे चेहरे की संगठित टीम फिलहाल क्षेत्र में कहीं नजर नही आ रही है,जिसका आलम यह है कि समर्थकों की वेचैनी बढ़ रही है।कई समर्थकों ने साफ कहा कि यदि प्रचार में लामबंदी नही आई तो इसका खामियाजा पार्टी को भुगतना तय है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा तीसरी बार किया गया प्रयोग इस चुनाव में अहम मुद्दा है।अंदरखाने इस मुद्दे पर कहीं ना कहीं गुस्सा है।पर्दे पर कुछ और दिखाने की कोशिश हो रही है।

जबकि पर्दे के पीछे निष्क्रियता बनी हुई है।चुनाव के लिए बनाए गए विधानसभा प्रभारी भी सक्रिय नजर नही आ रहे हैं।खासकर मेजा क्षेत्र के प्रभारी रायचंद दूबे की बात करें तो गैर जनपद के होने के नाते उन्हें भी यहाँ की तासीर की बखूबी जानकारी नही है।यहाँ मोदी की गारंटी के साथ स्थानीय टीम की सक्रियता अहम होगी,जिसके जरिए ही प्रयागराज में कमल खिल सकता है।

# हाईस्कूल परीक्षा में कालेज टॉपर रही सिमर

## ९०% अंक के साथ हासिल की उपलब्धि

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटर की परीक्षा का परिणाम बेहद उत्साह जनक रहा है।लोग इस धमाकेदार परिक्षा परिणाम को लोकसभा चुनाव से भी जोड़कर देख रहे हैं।लोगों ने कहा यह रिजल्ट फर्स्ट टाइम मतदाताओं के लिए योगी सरकार का तोहफा है। बोर्ड परीक्षा परिणाम ने मेधावी छात्रों का उत्साह बढ़ाया है। परीक्षा पास होने वाले बच्चे चहक रहे थे।

मांडा के बरहा कला स्थित स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी श्री राजाराम यादव इंटर कालेज मे हाई स्कूल मे शिक्षारत छात्रा सिमर यादव पुत्री अमरजीत यादव ने टॉप कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। छात्रा ने 540 अंक हासिल किया है। छात्रा का 90त्न परिणाम देख विद्यालय के प्रबंधक कृष्ण विजय सिंह यादव, प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र यादव साहित शिक्षकों ने छात्रा को बधाई दिया है। प्रबंधक द्वारा कालेज के टॉप टेन सूची मे शामिल छात्रों को सम्मानित करने की बात कही है।



बताते चले की हाई स्कूल की छात्रा सिमर यादव मूल रूप से मिर्जापुर जिले के गैपुरा (ढेगुअहा) की रहने वाली हैं। छात्रा अपने ननिहाल मांडा के आंधी (लक्षन् चौकठा) मे रहकर पढ़ाई कर रही है। छात्रा के बड़े मामा राहुल यादव पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं उन्होंने बताया की छात्रा के पिता हरियाणा में करते हैं। छात्रा सिमर ने उपलब्धि का श्रेय गुरुजनो के साथ ननिहाल को दिया है।

# मुकदमा दर्ज होने के बाद शनिवार सुबह हुआ अन्तिम संस्कार

## संदिग्ध हालात में भाई की मौत का मामला

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** मऊआइमा के ग्राम परानू का पूरा (पूरे फौजशाह) निवासी कृपाशंकर यादव बडे भाई और दयाशंकर यादव (45) छोटे भाई के बीच जमीनी और नाली का विवाद चल रहा था। आरोप है तीन बडे भाई ने छोटे भाई से तीन लाख रुपए उधारी भी ली थी।

आरोप है कि इसी को लेकर छोटे भाई दयाशंकर यादव को बडे भाई कृपा शंकर यादव ने अपने घर में बुलाकर गुरूवार को दोपहर में मारे पीटे तथा सल्फास खिला दिया। जिसका वीडीओ भी दयाशंकर के परिजनों ने बना लिया था।

दयाशंकर की हालत नाजुक होने पर पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया रेफर होने पर स्वरूप रानी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शुक्रवार को सुबह दयाशंकर यादव की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंचा तो परिजन बिना हत्या के मुकदमा के शव का अन्तिम संस्कार करने से इंकार कर दिए।मध्य रात्रि को मृतक के छोटे पुत्र रोहित यादव की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने मृतक दयाशंकर के बडे भाई कृपाशंकर, भतीजे सद्दाम उर्फ सुरेंद्र, सुनील कुमार, राजेन्द्र यादव,भतीजी सुधा यादव,बहन राजकुमारी, सुरेश कुमार के खिलाफ जबरियन जहर देकर हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बाद शव का अन्तिम संस्कार किया गया।

# वांछित आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थानाध्यक्ष चरवा बलराम सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा एससी एसटी एक्ट से संबन्धित वांछित पवन कुमार पाण्डेय निवासी छोटी मौली थाना चरवा को मौली तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

## दुष्कर्म के वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार दुबे मय हमराह पुलिस बल द्वारा एससी एसटी एक्ट वांछित सतीश उर्फ गोले विश्वकर्मा निवासी ओसा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को ओसा चौराहा से गिरफ्तार किया गया।

## दो वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक मिश्री लाल चौधरी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी विनोद कुमार निवासी रसीदमई थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार किया गया। थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा एससी एसटी एक्ट से सम्बन्धित वारंटी सोनम देवी निवासी अन्धावा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार किया गया।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार वर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा पल्लू निवासी चक हिंगुई थाना करारी जनपद कौशाम्बी को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 95 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 06 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में

(थाना मंझनपुर से 01, थाना करारी से 01, थाना पिपरी से 01, थाना चरवा से 01, थाना कोखराज से 02 ) कुल 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# दबंग ने पाइप पर साइकिल चढ़ाने को लेकर सगे भाइयों को पीटा

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के सिरसी गांव में शनिवार सुबह पानी के पाइप पर साइकिल चढ़ जाने से नाराज दबंग ने सगे भाइयों को जमकर पीट दिया। पिटाई से उसे काफी चोटें आई। घायल ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। सिरसी गांव निवासी अमर सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह उसके बेटे रंजीत और मंजीत साइकिल से पास के ही विद्याालय जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में फैले पानी के पाइप पर उनकी साइकिल चढ़ गई। इसी बात को लेकर दबंग गाली गलौच करने लगा। विरोध करने पर उसने दोनों भाइयों की पिटाई कर दी। रोते हुए दोनों भाइयों ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। पिता अमर सिंह दबंग के घर उलाहना देने के लिए गए तो उसने गाली गलौच कर लोहे का पाइप लेकर उसे भी मारने के लिए दौड़ा लिया। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।

# तीन दशक पहले अखबार ही सहारा था यूपी बोर्ड के रिजल्ट का

**रवि अग्रहरी/आबिद हुसैन**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** यूपी बोर्ड 10वी व 12वी बोर्ड परीक्षा परिणाम 20 अप्रैल शनिवार की दोपहर जारी कर दिया गया है। हाईस्कूल व इंटर मीडिएट के छात्र छात्रा रिजल्ट देखने के लिए इंटरनेट कैफे व मोबाइल का सहारा लिया। कभी यूपी बोर्ड का रिजल्ट मोहल्ले भर में एक इवेंट हुआ करता था। इसके आने से पहले स्टूडेंट और उनके पैरेंट्स के हलक सूख जाते थे। रिजल्ट अखबार में छपकर आया करता था। अखबार की एक कॉपी 20-20 रुपये में बिका करती थी। एक-एक रोल नंबर देखने के लिए 5-5 रुपये वसूल लिए जाते थे। छात्र के साथ पूरा मोहल्ला उसे घेरकर खड़ा हो जाता था। अखबार में स्कूल और कॉलेज के नाम के नीचे रोल नंबर के साथ (फर्स्ट), (सेकंड), (थर्ड) और (विदहेल्ड) लिखा होता था। बच्चे नर्वस और मोहल्ला रोमांचित दिखता था। 1995 और उससे पहले का वह दौर था जब यूपी बोर्ड का रिजल्ट 20 से 25 परसेंट या उससे भी कम आता था। यूपी बोर्ड की परीक्षा पास करना किसी जंग को जीतने से कम नहीं होता था। फर्स्ट आने वाले स्टूडेंट्स की गिनती बहुत कम होती थी। जो फर्स्ट आते थे हीरो बन जाते थे। सेकेंड वालों का भी काफी रुतबा हुआ करता था। लेकिन आज के इंटरनेट युग में छात्र रिजल्ट की घोषणा होते ही तुरंत ऑनलाइन रिजल्ट देख लेते है। लेकिन तीन दशक पहले रिजल्ट देखने के लिए अखबार ही एकमात्र सहारा था।

## नहीं होता था उस दौर में इंटरनेट और मोबाइल

कौशाम्बी। यूपी बोर्ड के रिजल्ट की तारीखों का ऐलान होते ही हर बार लोगों को उस पुराने दौर की यादें ताजा हो जाती हैं। वह दौर भुलाए नहीं भूलता है। रिजल्ट आने से पहले की टेंशन, पेपर की एक कॉपी पाने की जद्दोजहद, मोहल्ले भर का हीरो या एकदम से जीरो बन जाने की कश्मकश, रोमांच। इससे बहुत कुछ जुड़ा होता था। उस जमाने में न फोन होते थे न इंटरनेट। अक्सर रिजल्ट शाम को आता था। यह अखबार में छपता था। रिजल्ट आते ही हंगामा मच जाता था। आवाजें सुनाई देने लगती थीं। बोर्ड का रिजल्ट आ गया.. बोर्ड का रिजल्ट आ गया। यह आवाज मोहल्लेभर का रोमांच बढ़ा देती थी। आज से तीन दशक पहले अखबार की एक कॉपी पाने के लिए होती थी जद्दोजहद

इसके तुरंत बाद अखबार की एक कॉपी पाने के लिए जद्दोजहद का सिलसिला शुरू होता था। अखबार की यह कॉपी खास तरह की होती थी। इसमें अमूमन कोई विज्ञापन नहीं होता था। सिर्फबच्चों का रोल नंबर, उनका कॉलेज-स्कूल और रोल नंबर के आगे उनकी डिवीजन लिखी होती थी। कई मर्तबा प्रिंटिंग मिस्टेक में फर्स्ट का सेकेंड और सेकेंड का फर्स्ट हो जाता था। कुछ का पेपर में डब्बा गुल होता था। लेकिन, कॉलेज में मार्कशीट लेने पर नतीजा अलग होता था। पेपर में टॉपरों की लिस्ट अलग से छपी होती थी।

# रूद्रा फॉउण्डेशन कौशाम्बी के छात्रों ने यू0पी बोर्ड में पुन: लहराया सफलता का परचम







**लोकमित्र ब्यूरो**


**कौशाम्बी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश द्वारा हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष-2024 के परीक्षा परिणाम घोषित किये गये जिसमें रूद्रा फॉउण्डेशन, कौशाम्बी द्वारा संचालित विद्यालय पं0 जगत नारायण वि0 नि0 इण्टर कॉलेज, रामदयालपुर, काजू, कौशाम्बी के छात्रों ने अप्रत्याशित सफलता दर्ज करके संस्था का नाम पूरे कौशाम्बी में रोशन किया। जन्हा मोनिका सर्वाधिक 94 प्रतिशत अंक पाकर रुद्रा स्कूल्स टॉपर बनी है वहीं इण्टरमीडिएट परीक्षा में हिमांशु सैनी ने 91.00 प्रतिशत, मानवी तिवारी ने 86.20 प्रतिशत एवं अनुराधा यादव ने 84.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किये वहीं हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में मोनिका 94.00 प्रतिशत, शालू प्रजापति ने 92.33 प्रतिशत एवं प्रियांशू ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसी तरह संस्था द्वारा संचालित एम0 एस0 इण्टर कॉलेज, सिकन्दरपुर बजहा, कौशाम्बी में भी छात्रों में इण्टरमीडिएट की छात्रा पायल साहू तथा छात्र कपिल देव ने संयुक्त रूप से 91.20 प्रतिशत, आशुतोष पाण्डेय ने 90.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये वहीं हाईस्कूल में तनीषा वर्मा ने 89.50 प्रतिशत, पूजा कुमारी 87.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इस वर्ष भी रूद्रा फॉउण्डेशन ने 95 प्रतिशत के 55 से अधिक तथा 90: के विषयवार 120 से अधिक परिणाम देकर इतिहास रचा है।

रुद्रा चेयरमैन अनामिका त्रिपाठी एवं संस्था के तकनीकी प्रबन्धक श्री अंजनी कुमार त्रिपाठी तथा दोनों प्रधानाचार्य रेखा मैम व अजय सर ने छात्रों को आर्शीवाद एवं शुभकामना दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस सफलता का श्रेय उन्होंने छात्रों की लगन एवं समस्त शिक्षकों की कड़ी मेहनत को दिया। संस्था के एडमिन प्रभाकर द्विवेदी एवं ऐकडेमिक हेड विनय गिरी ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**



**सिराथू।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सैनी कस्बे में देर रात सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से 60 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। घटना की सुचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है। मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के सैनी कस्बे में पैदल सड़क पार करते समय संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बा निवासी महताब आलम पुत्र मुन्ने मियां 60 वर्ष की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिखा पढ़ी कर जांच में जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सड़क पार करते समय वृद्ध की मौत हो गई। लोग समझ पाते तब तक वाहन चालक फरार हो गया।

मृतक के लड़के अल्ताफने बताया की सैनी कस्बे में रिश्तेदार रुआब अहमद के यहां सगाई कार्यक्रम में आये थे जो घर जाने के लिए सड़क पार करते समय हादसे का शिकार हो गये। मौत की खबर पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया।

# मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को आज तीसरे दिन भी दिया गया प्रशिक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए आज तीसरे दिन एम0वी0 कान्वेण्ट स्कूल एण्ड कालेज, ओसा में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया।

यह प्रशिक्षण 02 पालियों-प्रथम पाली प्रातः 09 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली-अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे तक आयोजित की गई। प्रथम पाली में-400 एवं द्वितीय पाली में-400 मतदान कार्मिकां को प्रशिक्षण दिया जाना था, जबकि प्रथम पाली में 399 मतदान कार्मिकां को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें एक मतदान कार्मिक-कैशियर श्री अशोक कुमार अनुपस्थित रहें तथा द्वितीय पाली में 396 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया, 04 मतदान कार्मिक-स्वास्थ्य पर्यवेक्षक शिव सिंह, वरिष्ठ सहायक जिला समाज कल्याण विभाग घनश्याम सिंह यादव, लिपिक एसबीआई मंझनपुर अंकित सिंह एवं निबन्धक लिपिक मंझनपुर गौरव श्रीवास्तव अनुपस्थित रहें। प्रभारी अधिकारी कार्मिक मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने नाराजगी प्रकट करते हुए अनुपस्थित कार्मिकों को सूचित किया है कि 22 अप्रैल 2024 को प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, अन्यथा की स्थिति में यदि प्रशिक्षण नहीं प्राप्त करते हैं तो सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से सम्बन्धित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की कार्यवाही की जायेंगी।

# एसएन इण्टर कालेज के ताहा अली ने लहराया परचम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** एसएन इण्टर कालेज के ताहा अली पुत्र अलीशाह ने इण्टरमीडिएट की परीक्षा में 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। ताहा अली अपनी सफलता का श्रेय माता पिता के अलावा विद्यालय के शिक्षको को देते है। प्रबन्धक सुनीत पाण्डेय ने छात्रं को आर्शीवाद एवं शुभकामना दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# श्यामा शेखर इन्टर कालेज के बच्चों ने लहराया परचम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** विकास खण्ड सिराथू के बालकमऊ स्थित श्यामा शेखर इन्टर कालेज के इंटर मीडिएट के आशीष पुत्री राम भवन 86.21 प्रतिशत, गोलू कुमार पुत्र उमेश चंद्र 84.81 प्रतिशत, अनुष्का सेन पुत्री शिवबाबू सेन 82.81 प्रतिशत व हाईस्कूल तनु शुक्ला पुत्री अरूण शुक्ला 91.86 प्रतिशत, अदिति शुक्ला पुत्र मनोज शुक्ला 86.21 प्रतिशत, अल्शना बानो पुत्री अनवर अली 84.11 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया, विद्यालय मे अव्वल आने वाले टाप बच्चों को विद्यालय के प्रबंधक विष्णु प्रकाश मिश्रा सहित विद्यालय स्टॉफने छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनको सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

# वीबीपी स्कूल में कलर बेल्ट परीक्षा का हुआ आयोजन

## सेजल येलो बेल्ट, अनंत केसरवानी ग्रीन तथा लकी यादव ब्लू बेल्ट में अव्वल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल में शनिवार को कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। बच्चों ने बेल्ट प्रमोशन सर्टिफिकेट प्राप्त किया, जिसमें सेजल यलो बेल्ट में, अनंत केसरवानी ग्रीन बेल्ट में और लकी यादव ब्लू बेल्ट में पहले स्थान पर रहीं।अन्य बच्चों में वंतिका यादव, एंजेल वर्मा, सेजल सरोज, काजल सरोज, प्रिंस यादव, आराध्या केसरवानी, रिया यादव, रियांश पाल, साक्षी यादव अनन्या कुशवाहा, आकाश मौर्य ने भाग लिया। इसी क्रम में ग्रीन बेल्ट के आनंद केसरवानी और ब्लू बेल्ट के लकी यादव, गर्व केसरवानी ने भी अपना स्थान बनाया।




इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक तिवारी ने कलर बेल्ट प्रदान कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। वहीं उत्थान संस्था के अध्यक्ष डाक्टर धीरेंद्र कुमार और सचिव डॉक्टर केके तिवारी ने इस उपलब्धि के लिए बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह इसी तरह सफलता प्राप्त कर नाम रोशन करती रहें।प्रधानाचार्य राहुल शुक्ल ने कहा कि यह बच्चे जब अन्य जगहों से भी जीत हासिल करते हैं तो गर्व दुगुना हो जाता है। इसके साथ ही ताइक्वांडो के बैच का शुभारंभ किया गया। स्पोर्ट्स की शपथ वरिष्ठ शिक्षक राकेश मालवीय ने दिलाई। पीटीआई नकुल तिवारी ने पहला प्रशिक्षण देकर सत्र का आगाज किया। इस अवसर पर फातिमा बीबी, शाइस्ता, काजल, जैनब, शाबान, मनीष अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में दूसरे दिन उमड़ी युवाओं की भीड़, 172 युवाओं का हुआ चयन

## डॉ. रिजवी कॉलेज ऑफइंजीनियरिंग में सम्पन्न हुआ दो दिवसीय रोजगार मेला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** कस्बा स्थित डॉ. रिजवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में चल रहे दो दिवसीय रोजगार मेले का शनिवार को समापन हुआ। रोजगार मेले के दूसरे दिन भी युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी निभाई। इस मौके पर 172 युवाओं का चयन किया गया।कॉलेज के प्रबंधक ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं दी।


डॉ. रिजवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में दो दिवसी रोजगार मेले का आयोजन किया गया था। दूसरे दिन शनिवार को मेले में प्रयागराज, कानपुर, कौशाम्बी, फतेहपुर, मिर्जापुर, सोनभद्र, रेणुकोट, प्रतापगढ़, चित्रकूट, बांदा, कर्बी, जौनपुर जिलो से तीन सौ युवाओं ने कॉलेज कैम्पस में व लगभग सौ युवाओं ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में एयरटेल, वोडाफोन, आइडिया, इंटीग्रेटेड वायरलेस सॉल्यूशन, प्रेरणा ग्रुप, स्किल फाउंडेशन, इंडस टॉवर, हिताची, लावा, याजकी आदि कंपनिया कॉलेज में युवाओं का हुनर तलाशा। इनमे 172 युवाओं काचयन हुआ। डॉ. रिजवी एजुकेशनल ट्रस्ट के सचिव कर्रार हुसैन रिजवी ने कहा कि स्किल (कौशल) को बढ़ाएं।कौशल किसी काम को बेहतर तरीके से करने में सक्षम बनाता है। प्रशिक्षण व प्लेसमेंट अधिकारी मंतसा हसीब ने कहा कि दुनिया में कोई काम असंभव नही है। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। कॉलेज के डायरेक्टर इस्तियाक अहमद ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सरताज आलम, सीएम पाण्डेय, सुधांशु शर्मा, आलोक श्रीवास्तव, अली जहीर आगा, हिमांशु जायसवाल, वीरेन्द्र सोनकर, मंतशा रशीद उपस्थित रहे।

# शत प्रतिशत रहा मदर इंडिया इंटर कालेज का रिजल्ट

## 12वीं की एकता गौतम ने प्राप्त किया जिले में 7 वां स्थान, खुश हुए परिजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी, कौशाम्बी।** करारी कस्बा स्थित मदर इंडिया इंटर कालेज का इंटर व हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम बहुत ही अच्छा रहा। शनिवार को बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यालय परिवार व उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओं के परिजनों में खुशी की लहर दिखाई पड़ी। प्रधानाचार्य सैयद सरफराज हुसैन ने 12वीं के परीक्षा में जिले में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली एकता गौतम को मिठाई खिलाकर बधाई दी।




करारी के नेता नगर मोहल्ला स्थित मदर इंडिया इंटर कालेज की 12वीं की छात्रा एकता गौतम ने 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में सातवां स्थान प्राप्त किया। इसी तरह नीतू यादव 93 प्रतिशत, सचिन पाल 92.80 प्रतिशत, शिवा यादव 90.4 प्रतिशत और आंचल यादव ने 89.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया। इसी तरह हाई स्कूल में आशीष पाण्डेय 93.83 प्रतिशत पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवम सिंह 93 प्रतिशत द्वितीय, संजय सिंह 92 प्रतिशत, ज्ञान दत्त मिश्र 99.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सैयद सरफराज हुसैन ने सभी मेधावियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार की सदैव यह प्रयास रहा है कि ज्यादा से ज्यादा मेधावी बच्चे यहां से निकलकर प्रदेश व देश के पटल पर विद्यालय और घर परिवार का नाम रोशन करें। उन्होंने सभी मेधावी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान अजादार हुसैन, प्रदीप अग्रहरि, अंकुर राव आदि मौजूद रहे।

# धर्मा देवी कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्रदेश में फिर लहराया परचम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अजुहा, कौशाम्बी।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में शनिवार को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में विकास खण्ड कड़ा के केन कनवार में स्थित धर्मा देवी इंटर कॉलेज के की छात्रा प्रियांशी मौर्य 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम व प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया, शिवम यादव 97 प्रतिशत जिले में दूसरा तथा प्रदेश में नौवां तथा इंटर में श्वेता राजपूत 96.2: जिले में द्वितीय स्थान तथा प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त कर जनपद सहित प्रदेश का गौरव बढ़ाया।साथ ही जिले की हाईस्कूल टॉप 10 सूची में विद्यालय के 12 छात्र-छात्राएं एवं इंटरमीडिएट में जिले की टॉप 10 सूची में 8 छात्रध्छात्राएं ने स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के प्रबंधक राम सुभग त्रिपाठी के साथ भारत समाचार के मुख्य सलाहकार शैलेश मिश्रा ने विद्यालय पहुंचकर मेघावी छात्रों को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सालियों ने भाई संग गाली-गलौच का विरोध करने पर जीजा को पीटा

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के मोहीउद्दीन पुर गांव में शुक्रवार की शाम पत्नी और बच्चों को बुलाने ससुराल आये युवक के साथ सालियों ने भाई संग गाली-गलौच की। विरोध करने पर उसे जमकर पीट दिया।उसके जेब में रखी नगदी भी छीन लिया। बाइक भी तोड़ डाला।पिटाई से युवक को काफी चोटें आई। लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफमामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के असरावल खुर्द गांव निवासी शैलेश कुमार यादव पुत्र अर्जुन सिंह यादव किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके अनुसार शुक्रवार की शाम वह अपनी पत्नी और बच्चों को बुलाने के लिए चरवा थानाक्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव स्थित ससुराल गया था। इसी दौरान उसकी दो सालियां अपने फुफेरे भाई के साथ वहां पहुंची और उसके साथ गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। आरोप है कि गाली-गलौच का विरोध करने पर उन तीनों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी।साथ ही जेब में रखा 15 हजार रुपए छीन लिया।साथ ही उसकी बाइक भी तोड़ डाला।पिटाई से उसको काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया।

घायल ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफमामले की तहरीर दी तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# किसान को बाइक सवार युवकों ने दी जान से मारने की धमकी

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के केसी का पूरा गांव निवासी ओम ओझा पुत्र अशोक ओझा ने बताया कि वह अपने छोटे भाई भ्राता राम ओझा के साथ शुक्रवार रात खेत से भूसा ढो रहे थे। इसी बीच वहां बाइक सवार तीन युवक पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने तमंचा निकाल उन्हें गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे।

# प्रो. रज्जू भैया विश्वविद्यालय की बीकॉम छठवें सेमेस्टर की परीक्षा निरस्त

**करारी, कौशाम्बी।** प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भइया राज्य विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक ने शनिवार को राज्य विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रथम पाली में बीकॉम षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षा निरस्त कर दिया। यह परीक्षा प्रश्नपत्र में त्रुटि होने के कारण निरस्त किया गया है। इसकी परीक्षा अब पुनः कराई जाएगी। जिसके लिए अलग से तिथि घोषित की जाएगी। प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया राज्य विश्वविद्यालय से संबध डॉ. रिजवी कॉलेज में शनिवार की सुबह बीकॉम छठवें सेमेस्टर की परीक्षा होनी थी। प्राचार्य डॉ.राजेश सक्सेना ने बताया कि 36 छात्र-छात्राओ की परीक्षा होनी थी। सुबह करीब 09:45 बजे प्रो. रज्जू भैया विवि की परीक्षा नियंत्रक प्रो. विनीता यादव ने राज्य विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रथम पाली में बीकॉम षष्ठम सेमेस्टर ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेट का पेपर निरस्त करने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेट के पेपर में अंदर बैकिंग से संबधित प्रश्न छप गए थे। प्रश्नपत्र में त्रुटि होने के कारण परीक्षा को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। इसकी परीक्षा अब पुनरू कराई जाएगी। जिसके लिए अलग से तिथि घोषित की जाएगी।

# कांग्रेसियों ने केक काटकर मनाया आराधना मिश्रा का जन्मदिन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़-** कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में आज रामपुर खास की लोकप्रिय विधायक एवं उ.प्र.कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता, लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचार .श्रीमती आराधना मिश्रा मोना के जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन, अंबेडकर चौराहा प्रतापगढ़ मेंकांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर नारेबाजी करते हुए केक काटकर एक दूसरे को केक और लड्डू खिलाते हुए धूमधाम से मनाया गया उसके उपरांत एक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी एवं संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता, राष्ट्रीय राजनीति में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले प्रमोद तिवारी जी की बड़ी सुपुत्री कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता,रामपुर खास की लोकप्रिय विधायक, पूर्व डायरेक्टर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया,उत्तर प्रदेश, गरीबों, दुखियों की सच्ची हमदर्द, रामपुर खास ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय महासचिव श्रीमति प्रियंका गांधी जी के साथ कदम से कदम मिलाकर संघर्ष करने वाली हम सब की नेता श्रीमती आराधना मिश्रा मोना को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवम अनंत शुभकामनाएं । बाबा घुश्मेश्वर नाथ से यही प्रार्थना है कि मोना दीदी दीर्घायु हो एवम राजनैतिक जीवन में सफलता को प्राप्त करें नगर अध्यक्ष इरफान अली एवम पी सी सी सदस्य डॉ.प्रशान्त देव शुक्ला ने संयुक्त रूप से कहा कि विधायक मोना जी भी अपने पिता की तरह ही एक अजेय योद्धा हैं । रामपुर ब्लॉक से लगातार तीन बार निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख रहीं। जब से विधानसभा का चुनाव लड़ रहीं है लगातार विपरीत परिस्थिति में भी तीसरी बार कांग्रेस से विधायक का चुनाव जीत हासिल की और नेता कांग्रेस विधानमंडल दल उत्तर प्रदेश के पद को सुशोभित कर रही है और उत्तर प्रदेश के जनमानस की समस्या को विधानसभा में मजबूती से उठा रही है जन्मदिन में मुख्य रुप से कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कांग्रेस कोषाध्यक्ष एवम कार्यालय प्रभारी वेदान्त तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष इंद्रानंद तिवारी, राम रतन तिवारी, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मो.हुजैफ, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव प्रवीण दिवेदी, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नफीस खान, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, विधि विभाग के जिला अध्यक्ष मकरंद शुक्ला, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दानिश माबूद, नगर प्रभारी संजय इश्तियाक, बेलाल अहमद, जावेद अहमद, बबलू दूबे, राधेश्याम दूबे, राजू भाई,मो.वसीम,सुरेश कुमार,बजरंगी, सलमान ख़ान, सुनील शुक्ला, जिला सचिव सुरेश मिश्रा, फतेह बहादुर सिंह, मनीष पांडेय, देवमणि पांडेय, शाहरुख खान आदि रहे।

## राजकुमारी मेमोरियल का परीक्षा परिणाम अव्वल







**प्रतापगढ़-**राजकुमारी मेमोरियल इंटर कॉलेज दिलीपपुर के हाई स्कूल का रिजल्ट छात्राओं का 100त्नऔर छात्रों का 98त्न रहा। इसमें प्रथम स्थान सृष्टि कोरी 552 अंक पाकर 92त्न अंक के साथ क्षेत्र के दर्जनों विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रथम रही। वही इंटरमीडिएट में छात्राओं व छात्रोंका रिजल्ट 99त्नरहा। जिसमें अनामिका मिश्रा 455 अंक पाकर 91त्न अंक के साथ क्षेत्र में प्रथम रही। जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय परिवार ने बच्चों को अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए बधाई दिया है।

# पेपर त्रुटिपूर्ण होने से परीक्षा निरस्त

## बीकॉम षष्ठम सेमेस्टर की थी परीक्षा, बाद में घोषित होगी तिथि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षा में आज बीकॉम षष्ठम सेमेस्टर का मानव संसाधन प्रबंध प्रश्न पत्र त्रुटि पूर्ण पाए जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा निरस्त कर दी गई है। अब इस परीक्षा की तिथि बाद में घोषित की जाएगी।बता दें कि प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रही हैं आज बीकॉम षस्टम सेमेस्टर का वैकल्पिक प्रश्न पत्र मानव संसाधन प्रबंध की परीक्षा थी किंतु प्रश्न पत्र में सभी प्रश्न मुद्रा एवं बैंकिंग प्रश्न पत्र के पूंछे गए थे जबकि वर्तमान में मुद्रा एवं बैंकिंग प्रश्न पत्र बीकॉम षष्टम सेमेस्टर में नहीं है। प्रश्न पत्र पाने के बाद विद्यार्थियों ने जब उसे पढ़ा तो वे परेशान हो गए। लगभग सभी केंद्रों पर जहां बीकॉम की परीक्षा हो रही थी विद्यार्थियों ने विषय के बाहर प्रश्न पूछे जाने की जानकारी कक्ष निरीक्षकों को दी। कक्ष निरीक्षकों द्वारा प्राचार्यों को इसकी जानकारी दी गई। शहर के एमडीपीजी कॉलेज में जहां डेढ़ सौ से अधिक परीक्षार्थी बी काम षष्टम सेमेस्टर बैकल्पिक प्रश्न पत्र की परीक्षा दे रहे थे। प्रश्न पत्र गलत एवं कोर्स के बाहर का पूछे जाने पर कक्ष निरीक्षकों को इसकी जानकारी दी। कक्ष निरीक्षकों ने प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र को वस्तु- स्थिति से अवगत कराया। प्राचार्य ने विश्वविद्यालय प्रशासन को प्रश्न पत्र त्रुटि पूर्ण होने की जानकारी दी। लगभग अधिकांश केंद्रों से प्रश्न पत्र त्रुटि पूर्ण होने की जानकारी विश्वविद्यालय को पहुंचने लगी। वास्तविकता जानने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रश्न पत्र को निरस्त कर दिया। एमडीपीजी कॉलेज के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय ने बताया कि बीकॉम षष्टम सेमेस्टर का मानव संसाधन प्रबंध प्रश्न पत्र त्रुटि पूर्ण होने के कारण विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इस प्रश्न पत्र के परीक्षा की तिथि बाद में विश्वविद्यालय द्वारा घोषित की जाएगी।

## शत प्रतिशत रहा बीबीएफजी के बच्चों का रिजल्ट




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जरूरतमंद छात्रों की उनकी शिक्षा में मददगार बना बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के सहयोग से शिक्षा ग्रहण करने वाले बोर्ड परीक्षार्थियों का रिजल्ट इस बार भी शत प्रतिशत रहा। हाई स्कूल और इंटर मिलाकर कुल छह छात्र इस बार की बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें सभी अच्छे नंबरों से पास हुए। क्लास 12 की रागिनी ने प्रथम और क्लास दस के छात्र गोलू ने प्रथम स्थान लाकर बच्चा बैंक का नाम ऊंचा किया हैं। परिणाम की घोषणा के बाद बीबीएफजी के भंगवा सेंटर पर खुशी का माहौल हो गया। लोगों की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। नाचते गाते और झूमते नजर आए। सेंटर के प्रिंसिपल शनि ने सभी को बधाई दी और लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। परिणाम देखने के लिए लोग कंप्यूटर स्क्रीन से चिपके रहे।

# बेल्हा में कुर्मी वोटर किंग मेकर की भूमिका में

### हर दल इनका भरोसा जीतना चाहेगा, करा सकते हैं जीत

### तीन विधान सभा में काबिज है कुर्मी बिरादरी के विधायक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी बिरादरी के वोटरों की तादाद काफी अधिक है। जानकार मानते हैं कि ये जिधर घूम जाएं उसकी जीत निश्चित है। यही वजह है कि इनको किंग मेकर भी कहा जाता है। इस लोक सभा में आने वाली तीन विधान सीट पर भी कुर्मी बिरादरी की सत्ता है। जिसका लाभ लोकसभा चुनाव में मिल सकता है। संस्थापक डाक्टर सोने लाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस मनाने के लिए प्रतापगढ़ को चुनने के पीछे को असली वजह कुर्मी बिरादरी को अपने पाले में लाने की भरपूर कोशिश है।

हालांकि इसके तरह तरह के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने भी कुर्मी को एकजुट करने के लिए कुर्मी बिरादरी का उम्मीदवार उतारा है। इसके अलावा यादव, मुस्लिम वोटरों पर भी सपा का भरोसा कायम है।

### जातिगत आंकड़े

प्रतापगढ़ लोकसभा में जातिगत आंकड़ों पर नजर डाले तो पता चलता है कि कुर्मी 11 प्रतिशत, ब्राह्मण 16, क्षत्रिय 8, एससीएसटी 19, मुस्लिम 15 और यादव की आबादी 10 प्रतिशत है।

### रानीगंज, पट्टी और विश्वनाथगंज में कुर्मी विधायक

वर्तमान में रानीगंज, विश्वनाथगंज और पट्टी में कुर्मी बिरादरी के विधायक हैं। इन इलाकों में अच्छे खासे कुर्मी वोटर हैं। हालांकि दो समाजवादी पार्टी और एक अद से विधायक है। इसलिए कुर्मी बिरादरी के वोट चुनाव में काफ़ी असर डाल सकते हैं। यूं कहा जाए कि निर्णायक साबित हो सकते है तो अतिश्योक्ति नहीं होगा।

### सभी दल कुर्मी बिरादरी का वोट चाहेगा

लोकसभा चुनाव में हर दल चाहेगा कि कुर्मी वोट उसे ही मिले। इसके लिए पार्टियों के नेता हर हथकंडे अपना सकते हैं।

फिलहाल अभी तक सपा ने ही कुर्मी बिरादरी के उम्मीदवार को मैदान में उतारा है।

## इंटरमीडिएट की परीक्षा में सुमित ने 90.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** क्षेत्र के फूलमती निवासी सुमित तिवारी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के अति प्रिय है। सुमित तिवारी ने यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में 90.60त्न अंक प्राप्त किए हैं। इस सफलता पर सुमित को राजा भैया ने शुभकामनाएं दी। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी फोन करके वह सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो के माध्यम से देर रात तक शुभकामनाएं देते रहे।

# दबंगों ने दर्जनो लोगों के साथ पड़ोसी के घर पर किया हमला, हवाई फायरिंग कर फैलायी दहशत

## पीड़ित ने उच्च अधिकारी से शिकायत कर लगाई न्याय की गुहार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के महन्दा पुर गांव के आशीष यादव पुत्र नंद लाल यादव के घर पर बीती रात तीन दर्जन दबंगों ने घर पर चढ़कर हवाई फायरिंग करते हुए जमकर तांडव किया ।घर की महिलाओं को भी जमकर पीट कर घायल कर दिया। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोस के दबंगों ने करीब तीन दर्जन लोगों को बाहर से बुलाकर शुक्रवार को देर रात पीड़ित आशीष यादव के घर पर चढ़कर हवाई फायरिंग करते हुए जमकर मारा पीट कर सिर फोड़ दिया ,जिससे पीड़ित युवक गिरकर बेहोश गया।गुहार मचा रही घर की महिलाओं को भी गंभीर चोटे आई है। घर के बाहर खड़ी डिजायर कार व स्विट कार एक मोटरसाइकिल को दबंग बदमाशों ने तोड़ दिया । पीड़ित का आरोप है की दरवाजा खिड़की तोड़कर अवैध असलहे से फायरिंग करते हुए पूरे परिवार को जान से मारने के नियत से बदमाशों ने हमला कर दिय।पीड़ित युवक आशीष यादव ने पड़ोसी समेत दर्जनों लोगों के विरुद्ध बाघराय पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई का मांग किया है। साथ ही उच्च अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर पीड़ित ने अपने पूरे परिवार को आरोपियों से खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग किया हैं।

## हाईस्कूल परीक्षा मे अधिकतम लाकर आराध्या ने जिले का बढाया सम्मान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रानीगंज प्रतापगढ-** स्वामी करपात्री जी इण्टरमीडियट कालेज रानीगंज की आराध्या तिवारी ने हाईस्कूल की परीक्षा मे 96.83त्नअंको के साथ जिले का सम्मान बढ़ाते हुए प्रदेश मे 10वी रैंक हासिल की है बेटी की सफलता से गदगद माता पिता ने प्रसन्नता ब्यक्त करते हुए लड्डू खिला मुह मीठा कराया विद्यालय परिसर समेत ईष्ट मित्रो ने बेटी की सफलता पर प्रसन्नता ब्यक्त करते हुए बधाई दी।। बतादे कि आराध्या तिवारी के पिता राजेश कुमार तिवारी पेशे से वकील है और माता सभ्या तिवारी आंगनवाडी कार्यकत्री है बेटी की सफलता पर घर परिवार के लोगो द्वारा बधाई देने वालो का ताता लगा हुआ है।

## मतदाता जागरूकता अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहारा के आदेशानुसार अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा व उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक/नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ सरदार सिंह के निर्देशन व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में जनपद प्रतापगढ़ के सभी शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई.राजकीय बालिका इंटर कालेज मानिकपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य ऋचा श्रीवास्तव के निर्देशन में, पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़ सिटी प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य




डॉ अनूप सिंह के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही एमपी मिश्रा के निर्देशन में,शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में, तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में, इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अंसार अहमद के निर्देशन में, अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में,राजकीय उमावि रसूलपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए.इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कालेज विहार प्रतापगढ़,

राजकीय बालिका इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़,राजकीय बालिका इंटर कालेज आसपुर देवसरा, पंडीडीयूजीएम इंटर कालेज महुली प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्यो के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए.

# मां चामुण्डा देवी धाम से चोरों ने लाखों रुपए उड़ाए



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार प्रतापगढ़।** बिहार ब्लॉक के पुवांसी ग्रामसभा स्थित सिद्ध पीठ मां चामुण्डा देवी धाम में शुक्रवार की लगभग मध्य रात्रि को चोरों ने मां चामुण्डा देवी धाम में मुख्य प्रवेश द्वार का ताला काटकर लाखों रुपए के जेवरात पर हाथ साफ कर दिए। धाम के मुख्य पुजारी श्याम तिवारी सुबह लगभग 3 बजे नित्य क्रिया के बाद स्नान को जा रहे थे तो उनकी निगाह, मुख्य प्रवेश द्वार के कटे हुए ताले पर गई, तो वह स्तब्ध रह गए। प्रवेश द्वार का दरवाजा खोलकर देखा तो माता के श्रृंगार से संबंधित जेवरात गायब थे। उक्त पूरी घटना के दौरान चोरों की पूरी हरकत सीसीटीवी में कैद हो गई। मंदिर के मुख्य पुजारी श्याम तिवारी ने बाघराय पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए उक्त घटना के जल्द खुलासे की मांग की है। बता दें कि मां के दरबार में हुई लाखों की चोरी की घटना के संदर्भ में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं में काफी आक्रोश व्याप्त हो गया। मामले की तहरीर मिलते ही बाघराय पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

## विद्यालय के टॉपर छात्र-छात्राओं को छात्र नेता ने किया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाबागंज विकासखंड के रामसेवक इंटरमीडिएट कॉलेज धमोहन में इंटरमीडिएट टॉपर प्रिया सरोज 87त्न पिंटू सरोज 86त्न, सनी85त्न निधि त्रिपाठी 84त्न, विपिन सरोज 83.5 त्न, सौरभ शुक्ला 83त्न, सनी सरोज 82त्न, रिचा दुबे 80त्न, कृष्णा यादव 79त्नतबस्सुम बानो 77त्न व हाई स्कूल टॉपर दिव्या कुमार यादव 94त्न, अलिस्बा फातिमा 90त्न दीपा सरोज 89त्न, ज्योति यादव 87त्न अंजलि सरोज 86त्न,वंशिक मिश्रा 86त्न प्रियंका सरोज 85त्ननैंशी मौर्या 84.5त्ने ,आंचल सिंह 84त्नआर्या तिवारी 83त्न सफलता हासिल किए छात्र-छात्राओं को शनिवार को विद्यालय के प्रबंधक वेद प्रकाश त्रिपाठी व युवा समाजसेवी छात्र नेता प्रांजल त्रिपाठी ने सम्मानित किया। उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरु दत्त सिंह, सिद्धांत पांडेय, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नामांकन के आखिरी दिन गाजेबाजे के साथ अधिवक्ताओं ने पेश की दावेदारी

## अध्यक्ष पद पर आठ तथा महामंत्री पद पर पांच प्रत्याशियों के बीच होगा रोचक मुकाबला



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में मतदान के अखिरी दिन प्रत्याशियों द्वारा नामांकन को लेकर चुनाव समिति के कार्यालय के समक्ष धूम मची दिखी। गाजेबाजे के साथ प्रत्याशियों ने समर्थकों के उत्साह भरे माहौल में चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के समक्ष अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। अध्यक्ष पद पर शनिवार को राजेश चन्द्र तिवारी, घनश्याम मिश्र तथा विजय कुमार तिवारी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र चतुर्वेदी, अबरार अहमद, विभाकर नाथ शुक्ल तथा उपाध्यक्ष पद पर बालेन्द्र कुमार त्रिपाठी, आशीष कुमार त्रिपाठी एवं विनय कुमार जायसवाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। महामंत्री पद पर संजीव कुमार तिवारी, महेश कुमार पटेल, अरविन्द पाण्डेय तपन ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। सहमंत्री पद पर वेद व्रत त्रिपाठी व पंकज त्रिपाठी तथा प्रचार मंत्री पद पर विनोद कुमार शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। सदस्य कार्यकारिणी पद पर सतीश पाण्डेय, आशुतोष द्विवेदी तथा दानिस ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अध्यक्ष पद पर अब आठ प्रत्याशी तथा महामंत्री पद पर पांच प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। चुनाव समिति के महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच दिनांक बाइस अप्रैल तथा तेईस अप्रैल को नाम वापसी की प्रक्रिया संचालित होगी।

नामांकन प्रक्रिया की देखरेख में राममोहन सिंह, वीरेन्द्र सिंह अगई, शिवाकान्त उपाध्याय, अजय शुक्ल गुड्डू, कालिका प्रसाद पाण्डेय, राधा रमण शुक्ल, टीपी यादव को जुटे देखा गया। नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन दिन भर तहसील परिसर में चुनावी गहमागहमी का माहौल दिखा।


## भागवत कथा जीवन जीने की युक्ति बताती है- आचार्य देवव्रत महराज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के मादामई के पूरे दुबान में हो रही भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथा व्यास आचार्य देवव्रत महराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का महात्म अकथनीय है। उन्होंने बताया कि भगवान की जितनी ही कृपा होती है उतना ही वाणी से प्रस्फुटित होता है। देवव्रत जी ने कहा कि यह कथा जीवन जीने की युक्ति बताती है। उन्होंने भक्तों को बताया की हर मानव को एक आधार की जरूरत है। आचार्य ने श्रद्धालुओं को समझाया कि यह कथा अमर ग्रन्थ है व जीवन का मुक्ति का मार्ग है। कथा के दौरान जिले के भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता ने भी व्यास पीठ से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर नेता अभिषेक मिश्र, कुलवंत सिंह, नागेश प्रताप सिंह, बनलू नेता, सुरेश सिंह, देवेंद्र मिश्र गट्टे महराज, धीरज सिंह, रोहित सिंह भी व्यासपीठ का पूजन अर्चन करते दिखे। कथा के संयोजक प्रदीप गुप्ता ने व्यासपीठ का पूजन किया। श्रद्धालुओं का स्वागत आचार्य शास्वत एवं संजय शुक्ला ने किया।

## 91 प्रतिशत अंक लेकर जान्हवी त्रिपाठी ने किया नाम रोशन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** नरसिंहगढ़ की निवासी जान्हवी त्रिपाठी कृपालु बालिका इंटर कॉलेज की दसवीं की छात्रा है। जिनके परिणाम आते ही अंक प्रतिशत देख कर जान्हवी खुशी से झूम उठी। जान्हवी के पिता शिक्षक है । उन्होंने कहा कि जान्हवी ने पढ़ाई में दिलचस्वी दिखाई है । उम्मीद है कि ऐसा ही प्रदर्शन इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में भी देखने को मिलेगा। जिसके बाद परिवारजनों ने जान्हवी को मिठाई खिला कर बधाई दी।

# सवारियों से भरी निजी बस अनियंत्रित होकर पलटी, आधा दर्जन जख्मी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नेवादा/ सरांय अकिल/ बारा, कौशाम्बी।** करारी से प्रयागराज सवारियों को लेकर जा रही एक निजी बस सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के डहिया गांव के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। बस के पलटते ही उसमें बैठी सवारियों के बीच चीख पुकार मच गया। मौके पर जुटे लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद क्षेत्राधिकारी पिपरी और सरायअकिल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सवारियों को बस से बाहर निकाला और घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी सरायअकिल और चायल भेज दिया।



शनिवार की सुबह करारी से सवारियां भरकर एक निजी बस प्रयागराज जा रही थी। बस में कुछ तकनीकी खराबी आ जाने के कारण सरायअकिल थाने के डहिया गांव के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। बस के पलटते ही सवारियों के बीच चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुनकर मौके पर जुटे ग्रामीणों और समाजसेवियों ने मामले की सूचना पुलिस के साथ-साथ एम्बुलेंस को दी। सूचना मिलने के बाद सीओ मनोज कुमार रघुवंशी पिपरी और सरायअकिल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी सवारियों को बस से बाहर निकाला। घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल और सरायअकिल इलाज के लिए भेज दिया। बस में सवार रेशमा पत्नी अरुण कुमार निवासी फकीराबाद, अंशुल पुत्री फूलचंद्र निवासी फकीराबाद, साधना पुत्री शिव बाबू निवासी चौपुरवा, रवि पुत्र शिवबाबू निवासी चौपुरवा, निशा चतुर्वेदी पत्नी विजय निवासी गुड़ हल्दी रीवा, विजय चतुर्वेदी पुत्र धर्म प्रसाद निवासी गुड़ हल्दी रीवां, सुभाष प्रजापति पुत्र साधू लाल निवासी ऐंगवा उपरहार, राम सवारी पत्नी मुन्नी लाल निवासी ऐंगवा उपरहार, हिमांशु द्विवेदी पुत्र अरविंद निवासी रक्सराई घायल हो गए।

## सडक हादसे मे महिला सहित दो जख्मी

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावां गांव के समीप दो अलग-अलग हादसे में महिला सहित दो जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पंइसा थाना क्षेत्र के कैंमा गांव निवासी प्रमोद कुमार शुक्रवार की रात करीब दस बजे सिराथू कस्बे से निमंत्रण में शामिल होकर घर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह सैनी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर धमावा गांव के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया स्थानीय लोगों ने देखा तो इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दूसरी घटना शनिवार की सुबह सड़क पार कर रही दामू गांव की ज्ञानमती देवी को पिकअप ने टक्कर मार दी जिसमें वह जख्मी हो गई हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल भेजा है।

# खेत मे लगी आग सैकड़ों बीघे गेंहू की फसल जलकर राख

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सरसवां, कौशाम्बी।** सदर तहसील के ऊनो गांव में शनिवार दोपहर को आग लग गई जिसमें सैकड़ो बीघा गेहूं की फसल जल गई।फतेहपुर जनपद के अजरौली गांव में दोपहर गेहूं की खेत मे आग लग गई।हवा तेज होने के कारण आग सदर तहसील के ऊनो,कुलौली,बभन का पूरा तक आ पहुँची जिसमे करीब सौ बीघे गेंहू की फसल जलकर राख हो गई।मंझनपुर की दो,उदहिन व पश्चिम शरीरा की फायर बिग्रेड की गाड़ियों और पास में चार समरसेबल से चार घंटे कड़ी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया गया।मौके पर सदर एसडीएम आकाश सिंह, सीओ मंझनपुर सतेन्द्र पी0तिवारी, लेखपाल संदीप गुप्ता, नायब तहसीलदार मंझनपुर ओमप्रकाश सिंह समेत मंझनपुर, करारी,पश्चिम शरीरा थानों की पुलिस मौजूद रही।सदर एसडीएम आकाश सिंह ने बताया कि आग में काबू पा लिया है

नायब तहसीलदार के साथ लेखपालों की टीम लगाकर नुकसान का आकलन करके जल्दी





रिपोर्ट बनाकर भेजने का निर्देश दिया गया है।

# दहेज की मांग न पूरी होने पर युवक ने तीन तलाक कह कर बीबी को घर से निकलाने की दिया धमकी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करारी/ पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव मे एक मुस्लिम युवक ने दहेज व नकदी न मिलने से नाराज होकर अपनी पत्नी को मारपीट कर तीन तलाक कह कर वैवाहिक सम्बंध खत्म कर दिया। जबकि शासन ने तीन तलाक न कहने का कानून बना दिया है। ऐसा करने वाले पर विधिक कार्यवाही का प्रावधान बना दिया गया है। पीडित के पिता ने थाना पश्चिम शरीरा मे तहरीर देकर युवक के विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। थाना क्षेत्र के गोराजू गांव निवासी रसीद अली ने थाना पश्चिम शरीरा मे शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि दो वर्ष पूर्व मैने अपनी लडकी शबानाज उर्फ साइका फात्मा का निकाह गांव के युवक के साथ मजहब के रस्म रिवाज से किया था। यथा शक्ति दहेज दिया और अपनी लडकी व दामाद के रहने के लिए एक मकान बना कर दिया जिसमे लगभग दस लाख रुपये से अधिक की लागत लगी है।इतना करने के बाद जब बेटी विदा होकर ससुराल गयी तो मेरा दामाद लडकी से पुनः तीन लाख नकद व बुलेट मोटर साइकिल व सोने की जंजीर की मांग करने लगा। मेरी लडकी ने कहा मेरे मां बाप गरीब है अपनी हैसियत से अधिक दहेज दे चुके हैं।अब दोबारा दहेज नही दे पाएंगे इस बात से मेरा दामाद व उसकी बहन लाडली,नाजनी व नईमा ने एकराय होकर मेरी बेटी को बहुत मारा पीटा और तलाक तलाक तलाक कहकर रिश्ता खत्म करने की धमकी देकर घर से निकल जाने को कह रहा है।जब कि शासन ने तीन तलाक खत्म करने का कानून बनाया है यदि ऐसा कोई करता है तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने के आदेश दिए गए है । पीडित ने प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है और तीन तलाक देने वाले के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आया अधेड़, गंभीर

## गांव के चारो तरफ ढीली तार से हुआ हादसा

**लोकमित्र ब्यूरो**


**अवाना आलमपुर, कौशाम्बी।** चम्पहा बाजार चौकी अंतर्गत बौली गांव में बिजली विभाग के लापरवाही के चलते शनिवार को बड़ा हादसा हो गया जबकि जानकारी के अनुसार ग्रामीण प्राइवेट लाइन मेन से लेकर जेई और एक्सईएन तक दूरभाष के माध्यम से सूचना दिया

आश्वासन ही दे कर शनिवार को एक बड़ा हादसा में तब्दील हो गया स्थानीय लोगों का कहना है यदि पहले ढीली तार को टाइट कर लिया जाता तो आज इतना बड़ा हादसा नही होता आप को बतादें कि पुलिस चौकी चम्पहा बाजार क्षेत्र के हरिलाल प्रजापति पुत्र केशव प्रजापति निवासी बौली निवासी मजदूरी का करके अपने परिवार को भरण पोषण करता है के गांव के बच्चा लाल सरोज के घर पर टेंट हाउस का पंडाल खोल रहा था तभी अचानक पाइप 11000 तार के छू



गया जिससे हरिलाल गंभीर रूप से झुलस गया वही अगल-बगल लोग शोर मचाने के बाद लोगों ने गांव के बाहर से फ्यूज काट दिया तब जाकर भुक्तभोगी की जान बची हुई है लेकिन हालात नाजुक बनी हुई है इसी प्रकार गांव में चक रोड बनी है लेकिन ग्यारह हजार की तार एक दम नीचे होने लोग खड़े खड़े तार आसानी से टच कर सकते है लेकिन गांव के राम बहादुर,राजेश कुमार,विनोद कुमार,पिंटू कुमार,अनूप कुमार दिलीप कुमार आदि का कहना है की यदि चकरोड में तार इतनी ढीली है की खेत में लगे गन्ने को टच कर सकती थी लेकिन बिजली विभाग को कोई फर्क नहीं है जो आज की तरह एक दिन और बड़ा हादसा के इंतजार बिजली विभाग कर रहा।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

# अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में लगी आग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के अटसराय गांव में शनिवार को अज्ञात कारणों से गेहूं के बोझ में आग लग गई जिससे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई , ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियो ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय गांव में नेशनल हाइवे किनारे सूरजमल अग्रहरी पुत्र स्व राजाराम अग्रहरी का खेत है जिसमे गेहूं की फसल बोई थी , किसान ने फसल काटकर बोझ बांध कर कटाई के लिए रखा था , गेंहू की कटी फसल में अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण फसल जलकर खाक हो गई । आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने तत्काल दमकल कर्मियो को सूचना दी। जिसके बाद पहुंचे दमकल कर्मियो ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान किसान की लगभग आठ बोझ के करीब गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई । पीड़ित ने घटना की जानकारी लेखपाल को दी जिसके बाद लेखपाल ने आकलन के बाद नुकसान की रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी।

# बेकाबू डम्पर ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, गंभीर स्थिति में प्रयागराज रेफर





**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है, ताजा मामला शनिवार की शाम नगर के वॉर्ड नंबर दो राजा सुहेलदेव नगर के परसरा चौराहे की है, जहा डाइवर्जन के चलते वन वे से वाहन गुजर रहे है, वही कोखराज थाना क्षेत्र के वॉर्ड नंबर पांच पण्डित गिरधारी लाल मेहता नगर के रसूलपुर गिरछा निवासी राजकुमार (34) पुत्र स्व0 बच्चे असवा स्थिति राइस मील में मजदूरी करता था, वहीं से असवा राइस मिल की तरफ से साईकिल से अपने घर आ रहें थे तभी परसरा चौराहे के पास पिछे से आ रहे अनियंत्रित तेज रफ्तार डंफर टक्कर मारते हुए मंझनपुर की तरफ भागने लगा तभी मौके पर रहे स्थानीय लोगों ने डंफर को चालक सहित पकड़ कर मौके पर पहुंची डायल 112 को सुपुर्द कर दिया, वही प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि टक्कर लगते ही राजकुमार दूर जा गिरा और कान से खून निकलने लगा। यह घटना देख आस पास के लोग मौके पर पहुंचकर डम्पर चालक को पकड़ लिया। घायल राजकुमार को 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया जहाँ से डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति में उसे 108 एम्बुलेंस द्वारा ही प्रयागराज रेफर कर दिया। घायल राजकुमार रसूलपुर गिरसा का रहने वाला है, सराय अकिल से साइकिल द्वारा अपने घर जा रहा था।

## अज्ञात वाहन ने मारी बाइक को टक्कर, गंभीर स्थिति में बाइक चालक जिला अस्पताल रेफर

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना अंतर्गत संजीवनी अस्पताल, फकीराबाद के पास एक अज्ञात वाहन ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक श्यामू पुत्र लकड़ू, मेरुवा सलेमपुर घायल हो गया। आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुचे और 108 एम्बुलेंस को बुलाकर घायल को सीएचसी सराय अकिल में भर्ती करवाया जहाँ से डॉक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के बाद 108 एम्बुलेंस द्वारा ही जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## कुनबे ने मेड़ काटने का उलाहना देने पर महिला को दी धमकी, शिकायत

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के पिपरी गांव में शनिवार की सुबह मेड़ काटने का उलाहना देने पर कुनबे ने गाली-गलौच कर एक महिला को मारपीट की धमकी दी।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी कुनबे के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।पिपरी गांव निवासी रामजनक किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता है।उसकी पत्नी सीतापति के अनुसार शनिवार को उसके खेत की मेड़ एक दबंग ने काटकर अपने खेत में मिला लिया।इसकी जानकारी होने पर उसने खेत को जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने दबंग के घर जाकर मेड़ काटने का उलाहना दिया। उलाहना देने से नाराज होकर वह अपनी पत्नी और पुत्रियों के साथ मिलकर गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उन्होंने महिला को मारपीट की धमकी दी।

# जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को शेष तालाबों में एक सप्ताह के अन्दर पानी भरवाने के दिये निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी ी राजेश कुमार राय द्वारा कार्यालय कक्ष में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ गर्मी के दृष्टिगत तालाबों में भरवाये जा रहें पानी के सम्बन्ध में बैठक की गई। बैठक में अधिशासी अभियंता, सिंचाई जगदीश लाल ने बताया कि लक्ष्य 140 तालाबों के सापेक्ष 56 तालाबों में नहर द्वारा पानी भरवाया जा चुका हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को सत्यापन कराने के निर्देश दियें। बैठक में सहायक अभियंता, नलकूप आशीष कुमार ने बताया कि लक्ष्य 185 तालाबों के सापेक्ष 78 तालाबों में नलकूप के माध्यम से पानी भरवाया जा चुका हैं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, सिंचाई एवं सहायक अभियंता, नलकूप को एक सप्ताह के अन्दर शेष रह गये तालाबो में भी पानी भरवाने के कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दियें। मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने गर्मी के दृष्टिगत जिला पंचायतराज अधिकारी को प्राथमिकता के आधार पर प्रत्येक ग्राम के कम से कम 01 तालाब में पानी भरवाने के निर्देश दियें।

# हुबलाल इंटरमीडिएट कालेज की छात्रा अंशिका ने लहराया परचम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी स्थित हुबलाल इंटरमीडिएट कालेज की छात्रा अंशिका पुत्री भोला प्रसाद ने जिले के टॉप 10 सूची में 6वीं स्थान दर्ज कराते हुए 95 प्रतिशत नंबर हासिल किए जिले की टॉप और विद्यालय का नाम रोशन किया गया। नगर पालिका परिषद भरवारी वार्ड नंबर 7 रामनगर का मजरा टिटिरिहा निवासी अंशिका पुत्री भोला गुप्ता की पुत्री ने जिले में टॉप 10 की सूची में छठवा स्थान प्राप्त कर 95 प्रतिशत अंक हासिल कर नगर जिले का उत्तर प्रदेश में नाम रोशन किया। हुबलाल इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्रा कौशांबी जनपद के टॉप 10 सूची में छतवान स्थान प्राप्त कर खूब लाल इंटरमीडिएट कॉलेज का नाम रोशन किया। हुबलाल इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य जीवनलाल चौधरी और शिक्षक बृजेश ने अंशिका पुत्री भोला गुप्ता को मिठाई खिलाकर बहुत-बहुत बधाई दी। हुबलाल इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार केसरवानी कोको ने अंशिका को बहुत-बहुत बधाई दिया और बताया कि उसने कॉलेज और जनपद का नाम उत्तर प्रदेश में रोशन किया। प्रबंधक ने बताया कि अंशिका पुत्री भोला गुप्ता भरवारी गरबा किराए पर लाइ चना का ठेला लगाकर व्यापार करता है और बेटी को पढ़कर नगर और जिले का नाम रोशन किया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए एम0वी0 कान्वेट स्कूल एण्ड कालेज,ओसा में आज तीसरे दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम) को सामान्य एवं ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण दिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने मतदान कार्मिकों को एम0वी0 कान्वेट स्कूल एवं कालेज, ओसा में दिये जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को उनके कार्योंध्दायित्वों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अपने कार्यो दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए निर्वाचन निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न करायें, निर्वाचन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार कराए गए मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हुए सभी पीठासीन अधिकारियों को अपने मोबाइल में ऐप डाउनलोड करने एवं मतदान के दिन प्रत्येक 02 घण्टे में मतदान प्रतिशत फीड करने के निर्देश दियें।

मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह, नीतीश यादव एवं विकास पाण्डेय द्वारा मतदान कार्मिकों को सामान्य प्रशिक्षण यथा-वास्तविक मतदान तिथि के एक दिन पूर्व (पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन) के कार्य/दायित्व की विस्तृत जानकारीध्प्रशिक्षण दिया गया। इसी प्रकार मतदेय स्थल पर की जाने वाली कार्यवाही,बूथ व्यवस्था,वास्तविक मतदान के दिन की कार्यवाही, मॉक पोल, ईवीएम मशीनों का संयोजन, विशेष परिस्थिति आने पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के नियत समय पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान समाप्ति के बाद की जाने वाली कार्यवाही आदि के बारे में विस्तृत जानकारीध्प्रशिक्षण दिया गया।तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा द्वारा मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकलन ऐप के विषय में प्रशिक्षण दिया गया, जिसके माध्यम से प्रत्येक 2 घंटे मे पुरुष महिला एवं अन्य मतदाता की क्रमिक संख्या को ऑनलाइन प्रदान करना है। मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान कार्मिकों को ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण यथा-वीवीपैट,बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट को आपस में संयोजित करना, मॉक पोल,स्पेशल टैग लगाना, ईवीएम मशीन की सीलिंग एवं मतदान से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं के विषय में विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक सच्चिदानंद यादव एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीखा हमारा सौर मंडल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कसेंदा, कौशाम्बी।** बीएस पब्लिक स्कूल करनपुर में शनिवार को प्रथम साइंस प्रोग्राम फूलनगर (फुलवा) के तत्वावधान में विज्ञान टीम से आलोक सिंह यादव, शिव ब्रत पाल व नितिन पाल ने तीन दिवसीय कार्यशाला में भाग लिया। जिसमें क्लास 6 और 9 के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने सबसे पहले रोल प्ले के माध्यम से पृथ्वी की अक्षीय व कक्षीय गति को प्रायोगिक तौर पर जाना। साथ ही साथ चन्द्रमा की कलाओं को भी समझा जैसे कृष्ण पक्ष में घटता हुआ प्रतीत होता है व शुक्ल पक्ष में बढ़ते हुए क्रम में दिखाई पड़ता है। सांयकाल के दौरान बच्चों तथा अध्यापकों ने टेलिस्कोप के माध्यम से आकाश दर्शन किया और सप्तर्षि तारामंडल की सहायता से ध्रुव तारा को खोजना व टेलिस्कोप से चंद्रमा का अवलोकन करना। सीखा व स्काई वॉचिंग के दौरान आसमान में दिखने वाले कई तारा मंडलों के बारे में जाना। इस तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान विद्यालय प्रबंधक कंचन सिंह व विद्यालय स्टाफ भी मौजूद रहे। जिन्होंने बच्चों को सीखने की दिशा में इस कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताया।

## सम्पादकीय

### फैसले किसी को डराने या नीचा दिखाने के लिए नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनके पास बड़ी योजनाएं हैं, किसी को डरने की जरूरत नहीं है। उनके फैसले किसी को डराने या नीचा दिखाने के लिए नहीं होते। वे देश के विकास के लिए बने हैं, और 10 साल का उनका काम सिर्फ ट्रेलर है, 2047 के लिए अभी बहुत काम बाकी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को एक न्यूज एजेंसी को दिए विस्तृत साक्षात्कार में तमाम जिज्ञासाओं और प्रश्नों के खुलकर जवाब दिए। बेशक, चुनावी वेला उनके साक्षात्कार से काफी बातें साफ हुई हैं, और मंतव्यों को सही परिप्रेक्ष्य में समझने में मदद मिल सकती है। चुनावी बॉन्ड से लेकर मोदी की गारंटी कहे जाने के पीछे के मंतव्य का भी उन्होंने खुलासा किया।राम मन्दिर को लेकर होती रही राजनीति में अपनी पार्टी और विपक्षी पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोपों पर भी उन्होंने तमाम बातें स्पष्ट कीं। दरअसल, यह चुनाव ऐसा है जहां किसी प्रकार की लहर जैसी कोई बात नहीं है, और मुकाबला सीट दर सीट होना तय है।चूंकि भाजपा गठबंधन एनडीए दस साल से सत्ता में है, और चुनाव में कोई लहर न रहने से एनडीए सरकार को सत्ताजनित आक्रोश का सामना रहेगा। ऐसे में गफलत फैलाने का मंसूबा सिरे चढ़ाना किसी के लिए भी आसान रहता है। मोदी सरकार ने शुरू से ही फैसले लेने वाली सरकार की छवि बना ली थी। नोटबंदी जैसे फैसले एकाएक लिए गए और भी तमाम फैसलों की लिस्ट गिनाई जा सकती है, जिनसे लगता है कि उन्हें एकाएक लिया गया।जिस प्रकार कांग्रेसविहीन अवधारणा पेश की गई उससे भी लगने लगा कि सरकार किसी भी फैसले में विपक्ष को विश्वास में लेने में विश्वास नहीं करती। न ही किसी मंच पर जनमानस को किसी भी फैसले के प्रभावों के मद्देनजर तैयार करने की ही कोशिश सरकार की ओर दिखलाई पड़ी। कई बार लगा जैसे सरकार पारदर्शिता से काम नहीं कर रही और एकतंत्रीय व्यवस्था जैसे हालात हुए जा रहे हैं। चुनावी बॉन्ड का अधिकांश हिस्सा सत्ताधारी पार्टी को मिलने से भी एक प्रकार के अविश्वास की स्थिति नजर आने लगी।अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ऐसे तमाम सवालों के जवाब को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी। महसूस कराया कि काफी कुछ ऐसा है जिसका वस्तुस्थिति से कुछ लेना देना नहीं है। बेशक, प्रधानमंत्री का साक्षात्कार गफलत को परे झटकेगा।

# सावधानी बरतनी चाहिए

**विनीत नारायण**

इस बार का चुनाव बिल्कुल फीका है। एक तरफ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा हिन्दू, मुसलमान, कांग्रेस की नाकामियों को चुनावी मुद्दा बनाए हुए है वहीं चार दशक में बढ़ी सबसे ज्यादा बेरोजगारी, किसान को फसल के उचित दाम न मिलना, बेइंतहा महंगाई और तमाम उन वादों को पूरा न करना, जो मोदी जी ने 2014 व 2019 में किए थे-ऐसे मुद्दे हैं जिन पर भाजपा का नेतृत्व चुनावी सभाओं में कोई बात ही नहीं कर रहा।

'सबका साथ सबका विकास' नारे के बावजूद समाज में जो खाई पैदा हुई है, वो चिंताजनक है।रोचक बात यह है कि 2014 के लोक सभा चुनाव को मोदी जी ने गुजरात मॉडल, भ्रष्टाचारमुक्त शासन और विकास के मुद्दे पर लड़ा था। पता नहीं 2019 में और इस बार क्यों वे इनमें से किसी भी मुद्दे पर बात नहीं कर रहे हैं। इसलिए किसान, मजदूर, करोड़ों बेरोजगार युवाओं, छोटे व्यापारियों यहां तक कि उद्योगपतियों को भी उनके भाषणों में रुचि खत्म हो गई है। उन्हें लगता है कि मोदी जी ने उन्हें वादे के अनुसार कुछ भी नहीं दिया। इसलिए यह विशाल मतदाता वर्ग भाजपा सरकार के विरोध में है। हालांकि अपना विरोध खुल कर प्रकट नहीं कर रहा। हालांकि यह उल्लेख करना भी जरूरी है कि प्रति व्यक्ति हर महीने 5 किलो अनाज मुफ्त देने का मोदी जी का फार्मूला कारगर रहा है। जिन्हें अनाज मिल रहा है, वे कहते हैं कि इससे पहले कभी किसी सरकार ने उन्हें ऐसा कुछ नहीं दिया। इसलिए वे मोदी जी के समर्थन में हैं। पर इस मुद्दे पर बुद्धिजीवियों और अर्थशास्त्रियों की राय भिन्न है। वे कहते हैं कि अगर मोदी जी ने अपने वादे के अनुसार हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार दिया होता तो अब तक 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिल जाता। तब हर युवा अपने परिवार के कम से कम पांच सदस्यों का भरण-पोषण कर लेता। इस तरह भारत के 100 करोड़ लोग सम्मान की जिंदगी जी रहे होते जबकि आज 80 करोड़ लोग 5 किलो राशन के लिए भीख का कटोरा लेकर जी रहे हैं।दूसरी तरफ, वे लोग हैं जो मोदी जी के अंधभक्त हैं, और हर हाल में मोदी सरकार को फिर से लाना चाहते हैं। मोदी जी के 400 पार के नारे से आत्ममुग्ध हैं। मोदी सरकार की सब नाकामियों को वे कांग्रेस शासन के मत्थे मढ़कर पिंड छुड़ा लेते हैं क्योंकि इन प्रश्नों का कोई उत्तर उनके पास नहीं है। अभी बताना असंभव है कि कांटे की टक्कर में ऊंट किस करवट बैठेगा। क्या विपक्षी गठबंधन की सरकार बनेगी या मोदी जी की? सरकार जिसकी भी बने, चुनौतियां दोनों के सामने बड़ी होंगी। मान लें कि भाजपा की सरकार बनती है, तो क्या हिन्दुत्व के ऐजेंडे को इसी आक्रामकता से, बिना सनातन मूल्यों की परवाह किए, बिना सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन किए सब पर थोपा जाएगा, जैसा पिछले 10 वर्षों में किया गया। इसका मोदी जी को सीमित मात्रा में राजनैतिक लाभ भले ही मिल जाए, लेकिन हिन्दू धर्म और संस्कृति को स्थायी लाभ नहीं मिलेगा।

भाजपा और संघ, दोनों ही हिन्दू धर्म के लिए समर्पित होने का दावा करते हैं पर सनातन हिन्दू धर्म के मूल सिद्धांतों से परहेज करते हैं। सैकड़ों वर्षों से हिन्दू धर्म के स्तंभ रहे शंकराचार्य मानते हैं कि जिस तरह का हिन्दुत्व मोदी और योगी राज में पिछले कुछ वर्षों में प्रचारित और प्रसारित किया गया, उससे हिन्दू धर्म का मजाक ही उड़ा है। केवल नारों और जुमलों में ही हिन्दू धर्म का हल्ला मचाया गया। हां, उज्जैन, काशी, अयोध्या, केदारनाथ आदि धर्मस्थलों पर विशाल मन्दिरों के निर्माण से हिन्दू समाज में अपनी पहचान के लिए जागरूकता बढ़ी है।

इसके अलावा जमीन पर ठोस कुछ नहीं हुआ, जिससे सनातन परंपरा पल्लवित-पुष्पित होती। इस बात का हम जैसे सनातनधर्मियों को अधिक दुख है क्योंकि हम साम्यवादी विचारों में विश्वास नहीं रखते। हमें लगता है कि भारत की आत्मा सनातन धर्म में बसती है, और सनातन धर्म विशाल हृदय वाला है जिसमें नानक, कबीर, रैदास, महावीर, बुद्ध, तुकाराम, नामदेव सबके लिए गुंजाइश है। वो संघ और भाजपा की तरह संकुचित हृदय नहीं है, इसलिए हजारों साल से पृथ्वी पर जमा हुआ है जबकि दूसरे धर्म और संस्कृतियां अहंकारी नीतियों के कारण कुछ सदियों के बाद धरती के पर्दे पर से गायब हो गए।संघ और भाजपा के राजनैतिक हिन्दू ऐजेंडा से उन सब लोगों का दिल टूटता है, जो हिन्दू धर्म और संस्कृति के लिए समर्पित हैं, ज्ञानी हैं, साधन-संपन्न हैं पर उदारमना भी हैं क्योंकि ऐसे लोग धर्म और संस्कृति की सेवा डंडे के डर से नहीं, बल्कि श्रद्धा-प्रेम से करते हैं। जिस तरह की मानसिक अराजकता पिछले 5 वर्षों में देखने में आई है, उसने भविष्य के लिए बड़ा संकट खड़ा दिया है। अगर ऐसे ही चला तो भारत में दंगे, खून-खराबे और बढ़ेंगे जिससे भारत का विघटन भी हो सकता है। इसलिए संघ और भाजपा को इस विषय में अपना नजरिया क्रांतिकारी रूप में बदलना होगा तभी आगे चलकर भारत अपने धर्म और संस्कृति की ठीक से रक्षा कर पाएगा, अन्यथा नहीं। अलबत्ता, हिन्दू धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए संघ का संगठन सक्रिय रहता है, तो सनातनधर्मियों को अच्छा ही लगेगा।

जहां तक 'इंडिया' गठबंधन की बात है, तो यह आश्चर्यजनक तथ्य है कि समय और अवसर, दोनों प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होते हुए भी इस गठबंधन का सामूहिक नेतृत्व वो एकजुटता और आक्रामकता नहीं दिखा पा रहा जो उसे बड़ी सफलता की ओर ले जा सकती थीं। फिर भी 'इंडिया' के समर्थकों को विश्वास है कि यह चुनाव 'विपक्ष बनाम भाजपा' नहीं, बल्कि 'आम जनता बनाम भाजपा' की तर्ज पर लड़ा जाएगा, जैसा आपातकाल के बाद 1977 में लड़ा गया था। वैसे अगर राज्यवार आकलन किया जाए तो गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और कुछ हद तक राजस्थान को छोड़ कर कोई भी प्रांत ऐसा नहीं है, जहां भाजपा विपक्षी दलों के सामने कमजोर नहीं है। ऐसे में कुछ भी हो सकता है। लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में है कि मतभेदों का सम्मान किया जाए, हर वर्ग को अपनी बात कहने की आजादी हो, चुनाव जीतने के बाद, जो दल सरकार बनाए, वो विपक्ष के दलों को लगातार कोस कर या चोर बताकर, अपमानित न करे, बल्कि उनके सहयोग से सरकार चलाए क्योंकि राजनीति के हमाम में सब नंगे हैं। चुनावी बॉन्ड के तथ्य उजागर होने के बाद स्पष्ट है कि मोदी सरकार भी अपवाद नहीं रही। इसलिए और भी सावधानी बरतनी चाहिए।

# आओ हम मतदाता चुनावी प्रक्रिया में नोटा और वीवीपीएटी की कमियों को साझा करें

**किशन सनमुखदास**

वैश्विक स्तरपर भारत में लोकसभा 2024 चुनावी महापर्व में प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल 2024 को संपन्न हुआ, जिसमें 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर अनेक अपीलों के बावजूद केवल कुल एवरेज करीब 60.03 फ़ीसदी मतदान हुआ जो रेखांकित करने वालीबात है। जबकि इस मतदान प्रतिशत को हमें 90 फ़ीसदी के पार लेकर जाना है जिसके लिए हमें इसकी कमियों व चुनावी प्रक्रिया की कमियों को ढूंढना लाजमी भी है।हालांकिअगला मतदान 26 अप्रैल 2024 से 1 जून 2024 तक चलेगा और 4 जून को रिजल्ट घोषित होगा। मैंने आज 19 अप्रैल2024 के प्रथम चरण में भंडारा गोंदिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान कियातो मुझे महसूस हुआ कि दो चुनावी प्रक्रियाओं के नियमों में तात्कालिक बदलाव करने की चुनाव आयोग को जरूरत है। सबसे पहले नियम 64 के प्रावधान के अनुसार नोटा के नियम में बदलाव जरूरी है, चुनाव आयोग को इस आशय के नियम बनाने चाहिए कि यदि नोटा को बहुमत मिलता है, तो विशेष निर्वाचन क्षेत्र में हुए चुनाव को अमान्य घोषित कर दिया जाएगा और निर्वाचन क्षेत्र में नए सिरे से चुनाव कराया जाएगा। उस परिस्थिति में, चुनाव आयोग यह कहते हुए नियम भी बना सकता है कि जो उम्मीदवार पहले चुनाव लड़ चुके हैं, उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए या उन्हें कम से कम कुछ समय के लिए चुनाव लड़ने से रोक दिया जाना चाहिए, जैसा कि चुनाव द्वारा तय किया जा सकता है। नोटा मतदाताओं के लिए अधिक शक्ति की मांग करते हुए, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने फिर से चुनाव को प्रोत्साहित किया, जब गुजरात विधानसभा चुनाव, 2017 में 5.5 लाख से अधिक मतदाताओं ने नोटा को वोट दिया था। उन्होंने कहा था मेरी राय में, नोटा बहुत अच्छा है; हमें यह कहना चाहिए कि यदि नोटा वोटों के एक निश्चित प्रतिशत को पार कर जाता है; उदाहरण के लिए, यदि विजेता और हारने वाले के बीच का अंतर नोटा वोटों से कम है, तो हम कह सकते हैं कि हमें दूसरे दौर का चुनाव कराना चाहिए। दूसरा वीवीपीएटी का नियम जिनको अब तक चुनाव आयोग प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में किसी भी पांच मतदान केन्द्रों की सभी वीवीपीएटी पर्चियां को गिनती करवाता है, जो अभी मेरा सुझाव है कि सभी 100 फ़ीसदी मतदान केंद्रों की गिनती करवाई जानी चाहिए, ताकि पारदर्शिता व ईवीएम के प्रति लोगों का विश्वास बड़े वैसे इस संबंध में केस सुप्रीम कोर्ट में जा चुका है,नोटिस जारी हो चुके थे और 18 अप्रैल 2024 को 5 घंटे सभी पक्षों की सुनवाई के बाद अब फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। चूंकि मैंने 19 अप्रैल 2024 को मतदान किया और महसूस किया कि आओ हम मतदाता चुनावी प्रक्रिया में नोटा और वीवीपीएटी कीकमियों को साझा करें,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,क्या चुनावी प्रक्रिया में नोटा और वीवीपीएटी केवल नाम मात्र है? साथियों बात अगर हम प्रथम चरण में दिनांक 19 अप्रैल 2024 को मेरे मतदान अनुभव की करें तो,मैं दोपहर 3 बजे अपने पूरे परिवार सहित वोट करके आया जिसमें वोटिंग करते समय मैं वीवीपीएटी पर भी ध्यान दिया वोट सत्यापन प्रणाली (वीवीपीएटी) मतदाता देख सकते हैं कि जिसको ईवीएम में वोट दिया उसको गया या नहीं, वोटिंग देते समय वीवीपीएटी में मेरे वोटिंग वाले प्रत्याशी का इमेज उसमें आया और हॉर्न बजते ही वीवीपीएटी में पर्ची कटी और गिरी ऐसा मैने देखकर महसूस किया। मुझे बहुत अच्छा लगा और महसूस हुआ कि इससे मतदाताओं का विश्वास पूरा बढ़ेगा। मतदान बूथ पर सुरक्षा चाकचौबंद अच्छा दिखा उम्मीद थी,वोटिंग का प्रतिशत बहुत बढ़ेगा लेकिन 56 प्रतिशत के आसपास ही रहा।ईवीएम में जनता का विश्वास बढ़ाने,चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता सुनिश्चित करने वीवीपीएटी पर्चियों का हंड्रेड परसेंट मिलान करने को रेखांकित करना अत्यंत ही जरुरी है। साथियों बात अगर हम नोटा की करें तो, निर्वाचन आयोग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी मामले में नोटा के मतों की संख्या चुनाव में शामिल अन्यउम्मीदवारों के मतों से अधिक हैं, तो नियम 64 के प्रावधान के अनुसार अन्य उम्मीदवारों के बीच जिस उम्मीदवार को अधिक मत मिले हैं, उसे निर्वाचित घोषित किया जाएगा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार निर्वाचन आयोग द्वारा वोटिंग मशीन में नोटा का भी बटन लगाया जाता है।नोटा का बटन चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के बाद सबसे आखिरी में होता है।

यदि कोई मतदाता मतदान केन्द्र में प्रवेश करने के बाद उसकी पहचान सुनिश्चित होने के बाद अपना मत किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में नहीं देना चाहता है, तो उसके लिए उपरोक्त में से कोई नहीं या नोटा के बटन का विकल्प भी रहेगा।इस बटन का उपयोग करने वाले मतदाताओं की गोपनीयता भंग नहीं की जाएगी, बता दें लोकसभा चुनाव के दौरान कोई वोटर मतदान केन्द्र में प्रवेश करने के बाद (पहचान सुनिश्चित होने के बाद) अपना मत किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में नहीं देना चाहता, तो उसके लिए कोई नहीं% या नोटा के बटन का विकल्प भी रहेगा। इसको दबाने पर किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में मत अंकित नहीं होगा। साथियों बात अगर हम वीवीपीएटी के रोचक तथ्यों की करें तो वीवीपैट के बारे में रोचक तथ्य (1)वीवीपैट पर्ची 7 सेकंड के लिए प्रदर्शित होती है, इसके बाद यह स्वचालित रूप से कट जाती है और वीवीपैट के सीलबंद ड्रॉप बॉक्स में गिर जाती है (2) वीवीपीएटी को बैटरी की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि यह पावर पैक बैटरी पर चलता है(3) सामान्य तौर पर एक वीवीपैट के वोटों को गिनने में एक घंटे का समय लगता है।(4)वीवीपीएटी को पहली बार सितंबर 2013 में नागालैंड के तुएनसांग जिलेमें नोकसेन विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव में तैनात किया गया था।(5) वीवीपीएटी में एक प्रिंटर और एक वीवीपीएटी स्टेटस डिस्प्ले यूनिट (वीएसडीयू) होता है। साथियों बात अगर हम वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता द्वारा राहत मांगने की करें तो, याचिकाकर्ता ने चार राहतें मांगी हैं,(द्व) प्रतिवादी ईसीआई अनिवार्य रूप से सभी वीवीपैट पेपर पर्चियों की गिनती करके वीवीपैट के माध्यम से मतदाता द्वारा डाले गए रूप में दर्ज किए गए वोटों के साथ ईवीएम में गिनती को सत्यापित करता है;(द्वद्व) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपीएटी पर अगस्त 2023 के मैनुअल के दिशानिर्देश संख्या 14.7 (एच) को भारत के चुनाव आयोग द्वारा तैयार और जारी किया गया है, जहां तक यह वीवीपीएटी पर्चियों के केवल अनुक्रमिक सत्यापन की अनुमति देता है, जिसके परिणामस्वरूप अनुचित परिणाम मिलते हैं। सभी वीवीपैट पर्चियों की गिनती में देरी;(द्वद्वद्व) यह कि ईसीआई मतदाता को वीवीपैट द्वारा उत्पन्न वीवीपैट पर्ची को मतपेटी में डालने की अनुमति देता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतदाता का मत 'रिकॉर्ड के अनुसार गिना गया' है; और/या (द्व1) कि उत्तरदाताओं ने वीवीपैट मशीन के शीशे को पारदर्शी बना दिया है और प्रकाश की अवधि इतनी लंबी कर दी है कि मतदाता अपने वोट कट को रिकॉर्ड करने वाले कागज को देख सके और उसे ड्रॉप बॉक्स में डाल सके।एकराजनीतिक पार्टी ने चुनावों में सभी वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों की गिनती की मांग करने वाली याचिका पर भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को सुप्रीम कोर्ट के नोटिस की सराहना करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पहला कदम था।




**मेष राशि :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। दोपहर तक आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। कुछ छिपे विरोधी आपके बारे मे अफवाहें फैलाने के लिए तैयार बैठे हैं। ऐसा कोई मौका ही न दें। आज आपकी प्रतिभा मान-सम्मान बढ़ाने में कारगर साबित हो सकती है। आपको कुछ ऐसे काम दिए जायेंगे, जिन्हें आप आसानी से पूरा कर लेंगे। इस राशि के जो लोग विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े हैं, आज उन्हें किसी नयी खोज में बड़ी सफलता मिल सकती है।

**वृष राशि :** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पूरा दिन माता-पिता के साथ बितेगा। आज खुद से बनाई हुई खीर पैरेन्ट्स को खिलाने पर पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। जिन सीमित विचारों की वजह से आप विचार के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, आज उन्हें तोड़कर जीवन में बदलाव लाने में सफल होंगे। आज सरकारी काम या कोर्ट संबंधित कामों को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा, एग्जाम से रिलेटेड कोई शुभ समाचार मिल सकता हैं।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज कार्यस्थल पर लोगों के साथ जुड़े रहने की और मिलने-जुलने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपने विचारों में किसी भी प्रकार का बदलाव सोच-समझकर करें। पिछली बातों से मिली सीख को आज ध्यान में रखेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। कोई अनजान व्यक्ति आपका फायदा उठा सकता है, थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**कर्क राशि :** आज आपके दिन की शुरुआत खुशियों से भरी होगी। आज अन्य लोगों की समस्याओं को सुलझाने पर आपका ध्यान रहेगा, इस कारण व्यक्तिगत जीवन की कुछ बातों को नजर अंदाज न करें। आज अन्य लोगों की, की गई मदद से आपको लाभ मिलेगा। आज का दिन दोस्तों के साथ मौज मस्ती में बितेगा। आप उसके साथ बाहर जा सकते है जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात होगी। परिवार के साथ रात का डिनर बाहर करने का मन बनाएंगे। इंजीनियरिंग के स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे। आप जिन कामों को करने के लिए सोचेंगे, वे आपको उम्मीद से ज्यादा फायदा दे सकते हैं। आज के दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। जो लोग मिट्टी के व्यवसाय से जुड़े है उनके लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। इससे दूसरे लोग भी आपसे प्रभावित होंगे। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है। रिश्तो में मिठास बनी रहेगी। लोगों का भरोसा आप पर बना रहेगा।

**कन्या राशि:** आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जाएगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आगे बढ़ने के लिए आप कुछ नया सीखेंगे। इस राशि के जो लोग सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं, उन्हें तरक्की के नये अवसर प्राप्त होंगे। आपको सहकर्मियों का सहयोग प्राप्त होगा, जो आपको सफलता के मार्ग पर एक कदम आगे बढ़ाएगा।

**तुला राशि :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह मजाक करने से आपको बचना चाहिए। कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन खुश रहेगा। आज कुछ नए मौके और नये विचार सामने आयेंगे, जिन्हें आप खुले मन से स्वीकार करेंगे। आज आप ज्यादातर मामलों में खुद को भाग्यशाली महसूस करेंगे। छोटी-मोटी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निजात पाने के लिये घरेलू नुस्खों को अपनाना फायदेमंद रहेगा।

**वृश्चिक राशि:** आज आपका दिन लकी रहेगा। आज आप जो भी करें, अच्छे से समझकर करें, फायदा होगा। सरकारी कामों में किसी अनुभवी से सलाह मिल सकती है, जो आपके बहुत काम आ सकती है। इस राशि के जो लोग कोचिंग संचालक हैं, उनके लिये अपने काम में कुछ बदलाव करने का आज अच्छा दिन है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही करने से बचे। जीवनसाथी का सहयोग बना रहेगा। आज के दिन जरूरतमंद को वस्त्र देंगे, इससे आपको खुशी मिलेगी।

**धनु राशि :** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। आज सेहत संबंधी समस्या को किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे। आज आप सकारात्मक बातों पर ध्यान देने की कोशिश करेंगे। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है। इस राशि के कॉन्टैक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। मौसम के बदलने से चिडचिडापन हो सकता है, इससे बचने के लिए खूब पानी पीएं लाभ होगा।

**मकर राशि:** आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज थोड़ी मेहनत से किसी बड़े फायदे का योग बन रहा है। जीवनसाथी की मदद से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आज किसी समारोह में जाने का प्लान बनाएंगे, जहां किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज किसी ऐसे मित्र से कॉल पर बात होगी जिससे पुरानी यादें ताजा हो जाएगी। आज पिछली बातों की वजह से मन उदास होगा। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। जीवनसाथी आज आपसे अपने मन की बात शेयर करेंगे। साथ ही उपहार मिलने से आपको प्रसन्नता होगी।

**मीन राशि :** आज आपका दिन नई सौगात लेकर आया है। आज करियर संबंधी कोई शुभ समाचार मिलेगा, जिससे घर का वातावरण खुशनुमा हो जाएगा। सेहत आज फिट रहेगी। मन में पैसों को लेकर कई तरह के विचार आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने के लिए समय बेहतर है। यात्रा का कोई कार्यक्रम बना सकते हैं।

# लोकमित्र का रंग कवियों के संग

## मतदाता जागरूकता गीत

अपना फर्ज निभाएं हम,मजबूत लोकतंत्र बनाए हम!
निर्भीक होकर, बिना प्रलोभन
वोट डालने जाएं हम
उम्र 18 हो गई जिसकी वो युवा मतदान करें,
मम्मी-पापा,भाई-बहन और कोई न छुटे ध्यान करें!!
गांव,शहर या देश का विकास हमीं को करना हैं,
01 जून को देवरिया में मतदान हमहीं को करना है÷
पहले हमसे भूल हुयी थी,
यह गलती न दुहराना है,
56 प्रतिशत मतदान को अब शत-प्रतिशत तक ले जाना है!
हम सबने अब यह ठाना है,
जन-जन तक बात पहुंचाना हैं,
01 जून को हर हाल में वोट डालने जाना है!
शपथ लेते हैं कि - ये कर्तव्य निभाएंगे।
कोई बुर्जुग, दिव्यांग दिखे तो-
मदद करेंगे उनकी हम मतदान केन्द्र पहुँचाऐगे।
हम भारत के नागरिक नैतिक कर्तव्य निभाएंगे,
01 जून को हर हाल में वोट डालने जायेंगे ।

**राजन कुमार वर्मा( ब्लॉक स्वीप नोडल)**
**विकासखंड - भागलपुर**
**जनपद - देवरिया (उ0प्र0)**



## मत देकर मान बढ़ाओ

लोक तंत्र की शान निराली,
मत देकर के मान बढ़ाओ।
चाचा चाची दादा दादी,
वोट डालने सब जन आओ।।
विधि ने पावन साज सजाकर,
लोक तंत्र की नीति बनायी।
बाग डोर सारी सत्ता की,
जनता के है हाथ थमायी।
शुचित भाव से विधि मंशा का,
साथी मेरे लाभ उठाओ।
लोक तंत्र की शान निराली,
मत देकर के मान बढ़ाओ।
पांच वर्ष का मौका देकर,
कर्म परखती जनता सारी।
नहीं उचित यदि शासन लगता,
दूजे को है देती बारी।
भाव यही अपनाकर साथी,
मत की ताकत को अजमाओ।
लोक तंत्र की शान निराली,
मत देकर के मान बढ़ाओ।
जाति धर्म के भावों को तज,
वोट नीति को है अपनाना।
छोड़ लोभ की मंशा सारी,
वोट डालने हमको जाना।
बने विश्व गुरु भारत अपना,
ऐसा सारा साज सजाओ।
लोक तंत्र की शान निराली,
मत देकर के मान बढ़ाओ।।

**ओम प्रकाश श्रीवास्तव ओम**
**शिक्षक व साहित्यकार**
**भीतरगांव कानपुर नगर**



## यादें अपनों की

आज जो तुम इतने गमगीन हो
पता है इस उदासी का तोड़ नहीं
पर इसे तुम अब भरमाया करो
आंखों को अब समझाया करो
ये नही कि यादों को तुम भुला दो
अब उसे अपने कामो में लगा दो
जग में ऐसा कुछ कर जाओ तुम
उनका नाम अमर कर जाओ तुम
दुनिया का यह है रीत सखे
जो आया है वो एक दिन जायेगा
रह जायेगा सिर्फ कृति शेष यहां
कृति को अब आगे बढ़ाना है बस
उनके हरे सपनो को जीना है बस
जब हम उनके कदमो पर चल लेंगे
न रहते हुए भी मेरे साथ वो रह लेंगे
अब तुम ऐसा कुछ कर जाओ बस
तुम्हारे छवि में बाबूजी दिख जाए बस

**कुन्दन कुमार**
**बेगूसराय, बिहार**




## तमाशा

कौन कहता है
आईने झूठ नहीं बोलते
वे चेहरे के पीछे की परतों को कहाँ खोलते हैं
दिये गये सम्मान में भी
दिली सम्मान कहाँ होता है
उसमे तोचापलूसी के पीछे
छिपा मतलब हि होता है
झंडा उठाने वाले भी
लेते हैं अपनी मजदूरी
दल से उन्हें किसी हमदर्दी नहीं है
हर दल पर उन्हे शंका है
आज तक भी उनके यहाँ फाका है
लतियाये जाते हैं
स्वागत लिखे पायदान भी
दीपावली के दिनों में भी चौखट पर
लक्ष्मी जी के स्टिकर चिपके मिलते हैं
बदल गए हैं मायने अदर्शता के
सारा खेल दिखावे की जादूगरी का है
तमाश् बीन समाज
तोलियाँ भर हि बजाता रहता है।

**मोहन तिवारी**
**मुंबई**






## आया लोकतंत्र का पर्व

आया लोकतंत्र का पर्व
सभी मतदान करें।
मतदान करके योग्य
नेता को चुनें।
चाचा भैया सभी घर
में से निकले।
सब काम-काज छोड़
बूथ की ओर चलें।
एक-एक मत की कीमत
हैं भारी।
मतदान करें हम सब
जो है लोकतंत्र के हितकारी।
घर घर जाकर सबको
जागरूक करें।
हमारे घर की बहू बेटियां
भी मतदान करें।
अपना मत देकरउंगली पर
निशान बनवाएं।
जागरूक मतदाता होने का
हम सब फर्ज निभाएं।
घर घर जाकर यह पता करें
इस सुनहरे अवसर से नहीं
कोई वंचित रहे।
बुजुर्ग असहायों का भी
हम सब मदद करें।
सहारा देकर उनको भी
मतदान की ओर ले चलें।
जन-जन में यहउल्लास जगाएं
अपना मत देकर लोकतंत्र को
सार्थक बनाएं।

**प्रतिमा यादव (लेखिका एवं शिक्षिका)**
**सिद्धार्थनगर**



## साथ जो है मुझे तेरा

मेरे राम साथ जो है मुझे तेरा।
मानाकि अभी छाया है जीवन में अंधेरा।
लेकिन भरोसा है तुझ पर पूरा मेरा।
तू ही बनेगा सहारा।
मेरे राम साथ जो है मुझे तेरा।
जैसे अब तक है तेरे सहारे जीवन गुजारा।
तूने ही तो दिया हर पल मुझे सहारा।
तभी तो मिलता है मेरी जीवन नैय्या को किनारा।
जब-जब मन से मैं हारा।
तब-तब हर दर्द से तूने ही मुझे है उबारा।
तभी तो भरोसा है तुझ पर पूरा मेरा।
मेरे राम साथ जो है मुझे तेरा।
अब न डरेगा फिर कभी ये भक्त तेरा।
चाहे जितना भी छा जाए जीवन में अंधेरा।
बस तू साथ न छोड़ना मेरे राम कभी मेरा।
फिर क्यों डरना है मुझे,
चाहे जो भी दर्द ने हो मुझे आकर घेरा।
मेरे राम साथ जो है मुझे तेरा।

**मंजू अशोक राजाभोज**
**भंडारा (महाराष्ट्र)**



# उपखनिजों का परिवहन करने वाले 96 वाहनों की हुई जाँच

## 100740 रुपए का अर्थदंड आरोपित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के क्रम में खान अधिकारी एवम उनकी टीम ने 20 दिन के विशेष अभियान के अंतर्गत उपखनिजों के ओवरलोड परिवहन सहित अन्य अनियमितताओं के अपराध में 96 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही हुई तथा रूष्टद्धद्दष्ध के द्वारा कुल रू0 10,00,740.00 का चालान किया गया तथा विभिन्न थानों की सुपुर्दगी में दिया गया।

उपरोक्त वाहनों पर नियमानुसार देय की वसूली सहित परिवहन कर रहे वाहनों में अवैध परिवहन प्रपत्र जारी करने वाले खनन पट्टाधारकों से भी प्रति वाहन रु0 25,000.00 अर्थदंड की वसूली हेतु अलग से कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त वाहनों से खनन विभाग के अतिरिक्त अन्य विभाग भी नियमानुसार अलग से वसूली करेंगे।

उक्त के अतिरिक्त अवैध भण्डारण की प्राप्त शिकायतों के कम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) / प्रभारी अधिकारी (खनिज), शिव प्रताप शुक्ल द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में खान अधिकारी मीरजापुर द्वारा तहसील सदर अन्तर्गत ग्राम आदमपुर में औचक स्थलीय जाँच की गयी।

जाँच में पाया गया कि जनपद मीरजापुर की तहसील सदर अन्तर्गत बालू भंडारण तथा तहसील मड़िहान अन्तर्गत स्थापित स्टोन कॅशरों में राजस्व व खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जॉच की गयी जिनमे जांच आख्या आने के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
इजराय सं0 37/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फ्रीकेन कमलाकान्त आदि बनाम सीताराम आदि
बनाम
1. सीताराम 2. पृथ्वीपाल 3. भइया लाल सुतगण रामनाथ 4. दुलारी विधवा कन्धई 5. राम शिरोमणि 6. राम प्रताप सुतगण महावीर 7. धनिया 8. शान्ती पुत्रीगण महावीर साकिनान पूरे गोसाई पोस्ट सुवन्शा परगना पट्टी तहसील रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 08.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
मूलवाद सं0 203/1991
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फ्रीकेन शंकर आदि बनाम गांवसभा आदि
बनाम
1. मंजू 2. अर्चना पुत्रि राजमणि निवासिनीगण ग्राम कान्धरपुर पो0 दोनई प0त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ उ0प्र0
तारीख पेशी 23.05.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एल0आई0सी0 की पालिसी मे मेरा नाम अमित मिश्रा के बजय विकाश मिश्रा निवासी दहिलामऊ थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ एजेन्टी की गलती से त्रुटिवश हो गया है। जबकि विकाश मिश्रा मेरा उर्फ नाम है मेरा सही नाम अमित मिश्रा उर्फ विकाश मिश्रा है जो कि मेरे एजेण्ट द्वारा गलती द्वारा डाल दिया गया था। विकाश मिश्रा मेरे घर का बुलाने का नाम है जबकि मेरे आधार कार्ड और अन्य शैक्षिक कागजातो पर मेरा नाम अमित मिश्रा अंकित है। मुझे मेरे सही नाम अमित मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाये।

अमित मिश्रा उर्फ विकाश मिश्रा
पुत्र स्व0 श्री जय प्रकाश मिश्रा
निवासी दलिहामऊ, प्रतापगढ़

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अलफिया नाज की जन्मतिथि विद्यालय अभिलेख में 09.06.2014 अंकित है जबकि आधार कार्ड में पुत्री की जन्मतिथि 09.06.2015 है। मेरी पुत्री की सही जन्मतिथि संशोधित करना है।

मकसूद आलम
लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2008 अनुक्रमांक 1520393 का अंकपत्र एवम प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

आरती मिश्रा
पुत्री राम जी मिश्रा
142. गुरु नानक नगर, नैनी
प्रयागराज।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी न्यायिक महोदय लालगंज प्रतापगढ़
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 टी201902570200561
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फ्रीकेन सुरेन्द्र बहादुर सिंह बनाम जगत बहादुर सिंह आदि
बनाम
1. जगत बहादुर सिंह उम्र लगभग सुत दिलीप सिंह 2/1. बब्लू सिंह 2/2. डब्लू सिंह सुतगण स्व0 जगदीश बहादुर सिंह 2/3. सीमा सिंह पत्नी स्व0 जगदीश बहादुर सिंह 3. बबन सिंह उम्र लगभग वर्ष सुत दिलीप सिंह 4. लाल बहादुर सिंह सुत दिलीप सिंह 5. अमर बहादुर सिंह उम्र लगभग वर्ष सुत स्व0 राम प्रताप सिंह 6. आकाश सिंह उम्र लगभग 12 वर्ष 7. अंकित सिंह उम्र लगभग 8 वर्ष सुतगण स्व0 विजय सिंह संरक्षिका माता स्वयं नीतू सिंह पत्नी स्व0 विजय सिंह 8. नीतू सिंह उम्र लगभग वर्ष पत्नी स्व0 विजय सिंह समस्त निवासीगण ग्राम पूरे सेवकराय परगना रामपुर तह0 लालगंज जनपद प्रतापगढ़ 9. भभूता देवी उम्र लगभग वर्ष पत्नी रामकरन निवासी ग्राम कटरा कैथन मौजा पूरे सेवकराय 10. श्रीमती कलापती उम्र लगभग वर्ष पत्नी जीतेन्द्र नि0ग्राम डिहवा मौजा पूरे सेवकराय 11. शान्ती सिंह उम्र लगभग वर्ष पत्नी जगतबहादुर नि0 ग्राम पूरे सेवकराय प0 रामपुर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 12. राम प्रकाश उम्र लगभग वर्ष सुत बचई नि0ग्रा0 पूरे वसन्तराय प0 रामपुर त0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 13. गांवसभा द्वारा प्रधान ग्राम सभा पूरेसेवकराय प0 रामपुर त0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 25.04.2024

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 25.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# 3 जुलाई को आयोजित होगी लोक अदालत

**मीरजापुर।** जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल ने बताया है कि दिनांक 13 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर, परिवार न्यायालय, मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण न्यायालय, बाह्य न्यायालय चुनार, बाह्य न्यायालय मड़िहान एवं सभी चारो तहसीलों के प्रागंण में आयोजित किया जायेगा। उन्होने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए समस्त न्यायिक अधिकारियों, राजस्व विभागों के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों एवं बैंको के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठके आहूत करने और राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिये और सभी से अपेक्षा किया है कि विभागों में लम्बित मुकदमों के अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को और बैंक ऋण प्री-लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराना सुनिश्चित करें और अधिक से अधिक वादकारियों एवं बकायेदारों को लाभान्वित करें।

# जिलाधिकारी ने किया गेंहू खरीद केन्द्रों का औचक निरीक्षण



**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने शनिवार को गेहूं खरीद वर्ष 2024-25 का क्रय केन्द्र, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति उत्तरी पहाडी, चकौध व मंडी में बने राजकीय गेहूं क्रय केन्द्र, खाद्य एवं रसद विभाग क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि जो गेहूं क्रय के अतिरिक्त साफ-सफाई के लिए 20 रूपए अतिरिक्त दिया जाता है, उसको भी बैनर पर अंकित कराएं। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्रों पर सभी इंस्ट्रूमेंट रहनी चाहिए। क्रय केन्द्रों पर पानी, छांव व बैठने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। साथ ही सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों से बात करें। उन्होंने उप जिलाधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि लेखपालों को भी लगाए। जिससे कि चना, मसूर की भी खरीद बढे। जिलाधिकारी ने रजिस्टर्ड किसानों से दूरभाष पर वार्ता कर गेहूं क्रय की जानकारी ली। उन्होंने क्रय केन्द्र प्रभारियों को भी निर्देशित किया कि किसानों से प्रतिदिन बात करें। उन्होंने मंडी सचिव विपुल कुमार की गेहूं क्रय की प्रगति ठीक न पाए जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देशित किये। साथ ही कहा कि स्थति में सुधार नहीं होगा तो वेतन रोक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गेट के दोनों तरफ बोर्ड का इंडिकेटर लगवाएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि जो गेहूं खरीद की रसीद है, उससे बडे किसानों से मैच कराकर अवगत कराए। जिलाधिकारी ने भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी लिए एवं निर्देशित किया कि किसानों का भुगतान कर दिया जाए। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि सरसों के क्रय के लिए प्रचार-प्रसार कराएं।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कर्वी सौरव यादव, जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश चंद्र झा आदि मौजूद रहे।

# 105 वाहनों से अधिरोपित किया 2,35,100 रुपये का जुर्माना , 4 वाहन सीज



**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह द्वारा यातायात जागरुकता अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन कर यात्रा करने वाले दो पहिया, चार पहिया, ई रिक्शा, आटो टैक्सी, टेम्पो वाहन चालकों से कुल 2,35,100 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। जिसमें नाबालिक द्वारा ई रिक्शा चलवाने वाले वाहन स्वामी का 35,000 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। साथ ही 2 टेंपो एवं 2 ई-रिक्शा वाहनों को सीज किया गया। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए प्रभारी यातायात ने सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि सडक पर यात्रा कर रहे यात्री पुलिस से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए तैनात है कि किसी भी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो पाए इसीलिए सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कि वह यातायात नियमों का पालन करें।

# गोताखोरों एवम् नाविकों को सुरक्षा किट वितरित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**मीरजापुर।** गंगा में डूबने से लोगों की जान बचाने वालें नगर के गैवी घाट के कुछ गोताखोर/नाविकों के द्वारा कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से सम्पर्क कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया, गोताखोर/नाविकों ने जिलाधिकारी से बताया कि उन लोगों द्वारा बाढ़ के दौरान अथवा अन्य सामान्य दिनों में गंगा स्नान करने वाले लोगों के द्वारा कतिपय कारणों से गंगा में डूबने वालों की जान की रक्षा की जाती है,

जिसके लिए पुलिस विभाग की तरफ से उन्हें गोताखोर का परिचय पत्र भी दिया गया है ` जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उक्त सभी मिलने वाले गोताखोर को आपदा राहत के नाव-नाविक सुरक्षा योजना के तहत लाइफ़ जैकेट सहित अन्य आवश्यक किट/सामान प्रदान किया।

सुरक्षा किट प्राप्त करने वाले समस्त गोताखोरों ने यह आश्वासन दिया कि घाट पर होने वाले त्योहारी आयोजनों पर जैसे नवरात्रि, मौनी अमावस्या, छठ पूजा इत्यादि पर लगने वाले मेलों में उनके द्वारा सक्रियता से आम जनमानस की रक्षा हेतु घाटों पर पहरा दिया जाएगा एवं किसी भी अप्रत्याशित घटना के समय प्रभावित की रक्षा की जाएगी द्य इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल, अपर उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज, जिला आपदा विशेषज अंकुर गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# शांती देवी इण्टर कॉलेज के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन



**चित्रकूट:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2023-24 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शांति देवी इंटर कॉलेज का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में शान्ती देवी इंटर कालेज पहाडी से हाई स्कूल में 72 एवं इंटरमीडिएट में 36 परीक्षार्थियों ने सहभागिता की। जिसमें गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी छात्र छात्राएं परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। हाई स्कूल में 72 में से 44 परीक्षार्थी ससम्मान तथा शेष 28 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में 36 में से 24 ससम्मान तथा शेष 12 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। कक्षा 10 में नैतिक सिंह ने 96.17 प्रतिशत अंक के साथ जिले में तीसरा स्थान, सुमित सिंह ने 93.16, रमन तिवारी ने 92.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार इंटरमीडिएट में श्रद्धा देवी ने 93.8 प्रतिशत अंक के साथ जिले में आठवाँ स्थान, संजना देवी ने 88.2, आरती देवी ने 87, मोहित कुमार 87 एवं हर्ष ने 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सभी छात्र-छात्राओं ने इस सफलता के लिए अपने गुरूजनों, प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के संरक्षक चुनकू राम पटेल, प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, प्रधानाचार्य शिवबरन त्रिपाठी, प्रेरक मनोज त्रिपाठी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभाशीष प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ एक्सपर्ट गाइडेंस सेशन्स का आयोजन



**चित्रकूट:** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को महाविद्यालय की इंस्टीट्यूशनल इनोवेशनल कांउसिल के तत्वावधान में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के इनोवेशन सेल द्वारा प्रायोजित इम्पैक्ट लेक्चर सीरिज के अंतर्गत दो सत्रों में एक्सपर्ट गाइडेंस सेशन्स का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन गतिविधियों को आयोजित करने में मदद करने के लिए नामित मेण्टर संस्था रूडकी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रूडकी के इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन कांउसिल के समन्वयक अमित कुमार रावत व आर्य मनोहर उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के इंस्टीट्यूशनल इन्नोवेशन काउंसिल के समन्वयक डॉ रामनरेश यादव द्वारा महाविद्यालय में इनोवेशन से संबंधित गतिविधियों के साथ आमंत्रित विद्वानों का परिचय कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ विनय कुमार चौधरी ने कहा कि महाविद्यालय का सदैव से प्रयास रहा है कि हम वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए अपने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक इनोवेशन एवं स्किल डेवलपमेंट जैसी गतिविधियों से जोड सकें। इन्हीं प्रयासों के अन्तर्गत महाविद्यालय की इन्नोवेशन काउंसिल द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों के क्रम में इस इंपैक्ट लेक्चर सीरीज जैसे छात्रोपयोगी कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया जा रहा है। उन्होंने छात्रों को अपने अंदर की प्रतिभा को निखारने में इनोवेशन तथा स्किल डेवलपमेंट पर जोर देने की बात कही।

इंस्टीट्यूशनल इन्नोवेशन काउंसिल के समन्वयक अमित कुमार रावत ने बिजनेस मॉडल कैनवस थीम पर अपनी पावर पॉइंट प्रस्तुति देते हुए बिजनेस अपॉर्चुनिटी, प्रोबलम आईडेंटिफिकेशन आदि के साथ इनोवेशन, इनक्यूबेशन और स्टार्टअप के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इनोवेशन के संदर्भ में उन्होंने कहा कि इनोवेशन तब कारगर होती है जब आपके पास एक समस्या है और आप उस समस्या के समाधान के लिए इनोवेटिव आइडियाज के साथ प्रयत्नरत होते हैं तथा आपका प्रयत्न समाज के हित में उपयोगी होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी आवश्यकताओं के अनुरूप हमें उनसे जुडी कमियों को पहचान कर सम्भावनाओं को तलाशते हुए उनके लिए यूनीक सॉल्यूशन ढूंढने का प्रयास करना होगा। इन प्रयासों में सहायता के लिए ही सरकार के माध्यम से इनक्यूबेशन तथा स्टार्टअप आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रहे हैं, जिनका उपयोग कर युवा अपने अंदर छिपी प्रतिभा तथा कौशल को निखार कर सफल उद्यमी बन सकते हैं। इसके अतिरिक्त अपने युवाओं को बौद्धिक संपदा अधिकार आईपीआर तथा पेटेंट इत्यादि के संदर्भ में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की।

आर्य मनोरथ ने बताया कि आपके इन्नोवेटिव आईडियाज स्वयं आपके तथा समाज के लिए उपयोगी होना चाहिए और आपकी सकारात्मक मनोदशा ही आपको सफल उद्यमी बना सकती है। सफल उद्यमी होने के लिए डिग्री से ज्यादा महत्वपूर्ण आपकी प्रयोगधर्मिता और आपके अंदर की कौशल प्रतिभा होती है। इसके विकास के लिए ही इन मेंटरशिप. गाइडेंस जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें तराशने में सरकारए हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स तथा अन्य सफल उद्यमियों आदि के माध्यम से इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन के द्वारा अवसरों की प्राप्ति में आसानी हो सकती है। आवश्यकता है युवाओं को अपनी सोच को सकारात्मक बनाने और अपने अंदर इन्नोवेटिव तथा एंटरप्रेन्योरशिप क्वालिटी को विकसित करने की। उन्होंने अपने अनुभवों तथा स्टार्टअप और तत्संबंधी विभिन्न अवधारणाओं के माध्यम से पावर प्वाइंट प्रस्तुति के द्वारा युवाओं का मार्गदर्शन किया।

महाविद्यालय की सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष सीमा कुमारी ने कार्यक्रम में आयोजित दोनों सत्रों की उपलब्धियों तथा निष्कर्षों को सार रूप में उपस्थित प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं इंपैक्ट लेक्चर सीरीज के समन्वयक डॉ राजेश कुमार पाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्वतजन तथा प्रतिभागियों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल के सदस्य डॉ नीरज गुप्ता ने किया।

इस मौके पर अमित कुमार सिंह, मुकेश कुमार, डॉ अतुल कुमार कुशवाहा, डॉ हेमंत बघेल, डॉ वंश गोपाल, आशुतोष कुमार शुक्ला, डॉ गौरव पांडेय, रचित जायसवाल, गजेंद्र सिंह, सिद्धांत चतुर्वेदी, बलवंत सिंह राजोदिया, शंभू नाथ मिश्र आदि मौजूद

# आदित्य ने किया नाम रोशन

**लोकमित्र**
**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** एमएलसी गोपाल जी के पीए जितेन्द्र पाल के पुत्र आदित्य पाल ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 451 अंक पाकर विद्यालय एवं परिजनो का नाम रोशन किया है। आदित्य पाल चिलबिला कोर्ट के निवासी एवं मथुरा प्रसाद इंटर कालेज के छात्र है।

# प्रीती एवं अंजनी ने मारी बाजी

**लोकमित्र**
**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** सत एंथोनी की छात्रा प्रीती सिंह एवं अंजनी कुमार सिंह ने बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त कर नाम रोशन किया है। इनकी सफलता से शिक्षक एवं परिजन उत्साहित है।

# मीरा देवी इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र एवं छात्राओं ने लहराया परचम




**लोकमित्र ब्यूरो**
**कुंडा प्रतापगढ़** लोदीपुर देवर पट्टी स्थित मीरा देवी इंटर कॉलेज के बच्चों ने क्षेत्र में अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। हाई स्कूल की परीक्षा में 94.5 प्रतिशत अंक पाकर पलक त्रिपाठी रही प्रथम स्थान पर 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नितिन पाल रहे दूसरे स्थान पर 91 प्रतिशत अंक पाकर आयुष पांडे रहे तीसरे स्थान पर 90.5 अंक प्राप्त कर आशीष सरोज रहे चौथे स्थान पर90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर डाली केशरवानी पांचवे स्थान पर 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर काजल रही छठवें स्थान पर 88.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रिया सिंह रही सातवें स्थान पर 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रिंस और राहुल रहे आठवें स्थान पर 87.5 अंक प्राप्त कर नैंसी रही नौवें स्थान पर 87.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रुचि और साक्षी रही दसवें स्थान पर। इसी प्रकार इंटर की परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अंजना गुप्ता रही प्रथम स्थान पर 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रतीक त्रिपाठी रहे दूसरे स्थान पर87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पायल त्रिपाठी रही तीसरे स्थान पर 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शुभम रहे चौथे स्थान पर। प्रधानाचार्य संजय त्रिपाठी ने सभी बच्चो को बधाई संदेश देते हुए कहा की सदैव ऐसे ही अपने माता पिता अपने क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करते रहिए और आगे बढ़ते रहिए।

# बार एसोसिएशन का धरना जारी, सीएम तक आवाज पहुंचाने का ऐलान

**लोकमित्र**
**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** बार एसो. पुरातन तहसील सदर की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष विवेकदत्त मिश्र तथा संचालन महामंत्री अजय कुमार सिंह ने किया। बैठक में तहसील सदर के अधिवक्ताओ ने अपनी तीन सूत्रीय मांगो को लेकर 03 अप्रैल से निरंतर व अनवरत रूप से धरने पर है तथा न्यायिक कार्य से विरत है। अधिवक्ताओ की इन तीन सूत्रीय मांगो में रजिस्ट्री आफिस चकबंदी कोर्ट व 56 गांव को तहसील सदर में लाये जाने हेतु अपनी मांगो को लेकर न्यायिक कार्य से विरत है। आज तक शासन प्रशासन ने मांगो के विषय में आकर पूंछा तक नहीं।

जो अधिवक्ता समाज के लिए अपना घर परिवार छोड़कर समाज के लिए समर्पित है। शासन प्रशासन ने सुध तक लेना मुनासिब नहीं समझा। अधिवक्ता समाज की धुरी है। अधिवक्ता धीरेन्द्र मिश्र ने कहा कि शासन प्रशासन का यह निरंकुशतापूर्ण रवैया किसी हद तक बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

और हम अपनी मांगो को लेकर शासन प्रशासन की ईट से ईट बजा देंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता आशुतोष तिवारी ने कहा कि हम अपनी मांगो को लेकर आने वाले समय में अपनी आवाज और बुलंद करेंगे और मुख्यमंत्री तक अपनी बातो को रखेंगे। तहसील सदर में व्याप्त भ्रष्टाचार को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और धरना निरंतर जारी रहेगा।

बैठक में संतोष सिंह, चंचल सिंह, आशीष सिंह, दुर्गेश सिंह, भूपेन्द्र मणि तिवारी, बृजेश सिंह, अजय कुमार, राकी सिंह, राममूर्ति प्रजापति, पवन तिवारी, अवनीश शुक्ला, नीरज मिश्र आदि सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/-प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# चर्चित विजय नारायण हत्याकांड में करणी सेना की एंट्री, पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल

लोकमित्र ब्यूरो

**सुल्तानपुर।** चर्चित विजय नारायण सिंह हत्याकांड करणी सेवा भारत की एंट्री हो गई है। आज विजय की 13वीं के दिन करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाए। श्री सिंह ने कहा कि इस मामले में एक अज्ञात समेत 6 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है, लेकिन अभी तक केवल एक गिरफ्तारी हुई है। जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरेशाम शहर में हुई हत्या के बावजूद किसी भी पुलिसकर्मी पर कोई कार्रवाई नहीं की हुई।



उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर कर आरोपियों की त्वरित गिरफ्तारी की जाए। जिले के पुलिस पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यहां योगी जी की जीरो टॉलरेंस नीति फेल हो रही है। पुलिस पर तंज करते हुए उन्होंने कहा कि अगर पुलिस अपराधियों को नहीं हमसे कहे हम खोज कर लायेंगे। श्री सिंह ने अप्रत्यक्ष रूप से आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि न्याय नहीं हुआ

और परिवार ने कहा तो तो यहां पूरे देश के लोग जमा हो जाएंगे। विदित हो कि बीते 7 अप्रैल को शहर के दरियापुर तिराहे पर सारे शाम विजय नारायण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

इस मामले में चर्चित डॉक्टर घनश्याम हत्याकांड से जोड़ते हुए मृतक के भाई सतीश नारायण सिंह ने मृतक चिकित्सक की पत्नी समेत अन्य छे आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कराया था। मृतक विजय डॉक्टर घनश्याम हत्याकांड में सह अभियुक्त था। पुलिस ने 9 अप्रैल को मुख्य आरोपी बताएं जा रहे अजय सिंह सिरवारा को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया था

अब बाकी आरोपियों को की गिरफ्तारी को लेकर करणी सेना के रुख से मामले में नया मोड़ आ गया है।

## संजय गाँधी अस्पताल के चिकित्सकों को मिली जमानत

**सुलतानपुर।** अमेठी के संजय गाँधी अस्पताल के तीन चिकित्सकों को मजिस्ट्रेट न्यायालय से जमानत मिल गई. इन पर इलाज में लापरवाही से मरीज की मौत होने का आरोप है. जिसके बाद शासन ने अस्पताल को सीज कर दिया था जो बाद में न्यायालय के आदेश पर फिर संचालित हो रहा है।

मुसाफिरखाना कोतवाली रामशाहपुर निवासी अनुज शुक्ल ने 17 सितम्बर 23 को मुंशीगंज थाने में एफआईआर लिखाई थी। आरोप लगाया कि संजय गाँधी अस्पताल के चिकित्सकों डॉ अवधेश शर्मा डॉ उज्जैर अब्दुल्ला व डॉ शुभम द्विवेदी ने दिव्या शुक्ला का पथरी का ऑपरेशन 15 सितम्बर 23 को किया था। उनकी लापरवाही व बेहोशी के ओवरडोज से उनकी पत्नी का निधन हो गया। तीनो चिकित्सकों ने अधिवक्ता सत्येंद्र शुक्ला के माध्यम से न्यायालय में आत्मसमर्पण किया. उनके तर्कों पर मजिस्ट्रेट अविनाश चंद्र गौतम ने बीस हजार की जमानत व मुचलके पर रिहा कर दिया।

## वरिष्ठ सहायक क्षयरोगी को हर माह देते है पौष्टिक आहार किट



**सुल्तानपुर।** मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में पिछले तीन वर्षो से तैनात वरिष्ठ सहायक विजय राय सिर्फ सरकारी कर्मी ही नही एक अच्छे समाजसेवी भी है।जन सहयोग या फिर समाजसेवा का मौका मिले तो विजय बाबू छोड़ते नहीं, जिले में बड़े-बड़े व्यवसायी खुद को अच्छा समाजसेवी साबित करने की होड़ में काफी कुछ करते रहते है, परंतु जब सही समाज सेवा की बारी आती है, तो जरूरतमंद नजरअंदाज कर दिए जाते है। लेकिन इसी समाज के बीच से एक सरकारी मुलाजिम ने समाज में ऐसे लोगों की तलाश करता रहता है,जिसे वाकई में मदद की जरूरत है। हम बात कर रहे है मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में वरि.सहायक विजय राय की। राय बाबू को अक्सर देखा जाता है किसी को भोजन करवाते तो किसी अंजान को गंतव्य तक का किराया देते और अपने आफिस में भी आने वालो व सहकर्मियों के भी सहयोग में हमेशा तत्पर रहते है। विजय राय ने पिछले तीन माह पहले एक क्षयरोग से ग्रसित अति गरीब बच्ची को गोद लिया था, तबसे लगातार उस बच्ची को हर माह श्री राय बाबू के द्वारा पौष्टिक आहार किट निरंतर दिया जा रहा है। श्री राय ने बताया कि मैने तीन माह पहले उस बच्ची को टीबी अस्पताल में देखा था, मैने उसी दिन फैसला किया कि बच्ची के खान-पान की व्यवस्था अच्छे से हो तो उसे स्वास्थ्य लाभ शीघ्र मिल सकता है,उसी दिन मैने उस बच्ची को गोद ले लिया और जो मुझसे थोड़ा-बहुत सहयोग हो सकता है। मै करता हूं, उसी क्रम में आज बच्ची टीबी हास्पिटल दवा लेने आई थी, वही मैने उसे आहार किट दिया। आहार किट देते समय अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डां.जेसी सरोज, वरि.उपचार पर्यवेक्षक सुरेश कुमार, वरि.टीबी लैब पर्यवेक्षक केके तिवारी सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

## मोस्ट ने सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को समर्थन पत्र सौंपा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मोस्ट कल्याण संस्थान के पदाधिकारी जिसमें मोस्ट संरक्षक भारत राम (से.नि. ए.डी.ओ), मोस्ट संरक्षक पूर्व विधायक सफदर रजा खां, मोस्ट निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरुजी÷, प्रदेश संयोजक रामानंद बौद्ध, प्रदेश प्रमुख जीशान अहमद एवं जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव (रिटायर्ड नेवी आफिसर) आदि समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में इसौली विधायक मो. ताहिर खां की उपस्थिति में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से मुलाकात कर आगामी लोकसभा चुनाव में पीडीए प्रत्याशियों का सहयोग व समर्थन पत्र सौंपा।उल्लेखनीय है कि बीते 24 मार्च, 2024 को मोस्ट कल्याण संस्थान के पदाधिकारियों की मीटिंग की गई। मीटिंग में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मोस्ट समाज (पीडीए) को अधिकाधिक टिकट देने पर आभार व्यक्त किया गया था और आशा व्यक्त की गई कि देश भारत में एक समान शिक्षा, ओबीसी जनगणना, पुरानी पेंशन बहाली, संविधान के भाग तीन व भाग चार में उल्लिखित उपबन्धों का पालन सुनिश्चित कराने की दिशा में पीडीए सांसद काम करेंगे। मीटिंग में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए आगामी लोक सभा चुनाव में मोस्ट, पी.डी.ए. प्रत्याशियों का तन-मन-धन से समर्थन और सहयोग करेगा।इसी क्रम में मोस्ट प्रदेश संयोजक रामानंद बौद्ध एवं निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरुजी÷ को निर्देशित किया गया कि अपनी गाड़ी व अपने खर्चे से कॉलेज समय के अतिरिक्त मोस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ प्रदेश में पी.डी.ए. प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में लगे रहेंगे। सुलतानपुर में सपा के पीडीए प्रत्याशी को मोस्ट द्वारा 10 मई 2024 तक दो लाख रूपए से अधिक का आर्थिक सहयोग, 11 मई से चुनाव सम्पन्न होने तक कम से कम दो फोर व्हीलर गाड़ी प्रचार में लगाया जाएगा।

## हाईस्कूल में खुशी और आयुष ने संयुक्त रूप से हासिल किया प्रथम स्थान

### दूसरे पर श्रेया और तीसरे पर पहुंचे अनमोल व शिखा

**सुलतानपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा का शनिवार को परिणाम आ गया। जिले में खुशी मिश्रा और आयुष बरनवाल ने संयुक्त रूप से हाईस्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया है। वही श्रेया पाठक ने दूसरा और तीसरे स्थान पर अनमोल मौर्या और शिखा दुबे रही हैं।

खुशी मिश्रा के पिता मनोज कुमार मिश्रा दिल्ली में एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। जबकि माता गृहणी हैं। वो तीन भाई बहन में सबसे बड़ी है। खुशी ने बताया कि उसने कोचिंग के साथ-साथ वो घर पर भी पढ़ाई करती थी। कॉलेज प्रबंधक श्रवण मिश्रा और विधायक राजेश गौतम ने खुशी मिश्रा को बधाई दी है। दूसरे स्थान पर आयुष बरनवाल निवासी पाण्डेयबाबा (बढ़ौनाडीह) ने हाईस्कूल में 97 अंक हासिल किया है। वही सुभाषिनी मिश्रा पुत्री श्रीपति मिश्र निवासी ग्राम



मोहम्मदाबाद ने सरस्वती विद्या मंदिर झारखंड कादीपुर से हाईस्कूल में 90.2 परसेंट अंक हासिल किए हैं। पिता किराने की दुकान करते हैं और बड़ा भाई मोतीलाल नेहरू से ड.जमबी कर रहा है बड़ी बहन डाइट से बीटीसी कर रही है। वही नेहा तिवारी पुत्री चंद्र प्रकाश तिवारी ने हाईस्कूल में 89 अंक प्राप्त कर घर परिवार का मान बढ़ाया है। आपको बता दें कि जिले में हाईस्कूल में कुल 43266 पंजीकृत हुए थे। इसमें 40927 परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 35335 स्टूडेंट उत्तीर्ण हुए हैं। जिले का रिजल्ट 86.34 है और प्रदेश में जिले ने 63वां मिला है।

## शत-प्रतिशत रहा झारखण्ड विद्यामंदिर का परिणाम

**सुलतानपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर की बहन वैष्णवी सिंह ने हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 96.17 अंक प्राप्त कर जिले में पांचवा स्थान प्राप्त किए। विद्या भारती से संबंध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड कादीपुर सुल्तानपुर में यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 हाई स्कूल में घोषित परिणाम में वैष्णवी सिंह ने 96.17 अंक प्राप्त करके जिले में पांचवां स्थान बनाया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने भैया बहनों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह बच्चे विद्यालय के गौरव हैं इसी क्रम में वैष्णवी सिंह ने 96.17,सौम्य मिश्र 94.83, सचिन कुमार यादव 94.83,खुशी त्रिपाठी 94, उत्कर्ष यादव 93.83,शैलजा 93.66, निखिल यादव 93.16, अंशुमान मिश्र 93.16, अनुश्री दूवे 92.33, अश्विनी पान्डेय 91.83, आदित्य सिंह 91.83,हाई स्कूल में कुल 569 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए थे। इसी क्रम में इंटरमीडिएट में 449 छात्र-छात्राएं परीक्षा में बैठे थे जिसमें आस्था सिंह 91.6,अनुराग गुप्ता 91.6,आर्या मिश्रा 91.2, आर्या राय 90.4 अखिल कुमार 89.4, अभिवन सिंह 88.6 पवन त्रिपाठी 88.2, मो0 साजिद 88.2, आकांक्षा मिश्रा 87.8, वेदान्त सिंह 86.8,खुशी अग्रहरि 86.4, अंक प्राप्त करके विद्यालय की पहचान बनाई है।मेधावी छात्र छात्राओं का माल्यार्पण कर तथा मिष्ठान खिलाकर प्रधानाचार्य अवधेश मिश्र ने सभी भैया बहनों को सम्मानित किया और कहा कि विद्यालय की पहचान भूमि भवन से नहीं बल्कि इन्हीं मेधावी छात्र-छात्रों से होती है, यह मेधावी छात्र माता-पिता विद्यालय प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे परीक्षा परिणाम घोषित होने पर सभी भैया बहनों के अभिभावक एवं सभी आचार्य बंधु विद्यालय में मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत दूसरा घायल

**लंभुआ/सुल्तानपुर।** बाइक से घर जा रहे युवकों को रास्ते में अज्ञात बहन ने जोरदार टक्कर मार दी। एक युवक की दुर्घटना स्थल पर मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि फरार वाहन की तलाश की जा रही है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के चौकिया निवासी हरीलाल का 22 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार गांव के ही रवि कुमार पुत्र चेतू राम के साथ गुरुवार की शाम बाइक से लंभुआ बाजार से घर जा रहा था। चौकिया गांव के निकट चौबेपुर मोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे मुकेश की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई तथा रवि कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।




## मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कन्ट्रोल रुम में सम्पन्न


**जौनपुर-** जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार माँदड़ के निर्देश के क्रम में जिला स्तर पर गठित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कन्ट्रोल रुम में सम्पन्न हुई।समिति द्वारा कन्ट्रोल रुम में तैनात किये गये कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पेड न्यूज के मामलों पर नजर रखे, सोशल मीडिया प्लेटफार्मस और व्हाट्सएप ग्रुप, समाचार पत्रों पर प्रकाशित होने वाली खबरों पर पैनी नजर रखी जाए और कहीं भी आचार संहिता का उल्लंघन पाये जाने पर उसकी सूचना तत्काल समिति को दे, जिससे समय से कार्यवाही की जा सके। रजिस्टर सहित अन्य अभिलेख अपडेट रहे। पेड न्यूज दायरे में आने वाले समाचारों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी प्रत्याशी की अत्यधिक प्रशंसा या आलोचना का प्रकाशन पेड न्यूज



माना जाएगा। समिति द्वारा अवगत कराया गया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सभी माध्यमों टेलीविजन, न्यूज चैनल्स, सोशल मीडिया को किसी भी प्रकार की राजनीतिक प्रचार सामग्री के प्रसारण के लिए राज्य या जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनीटरिंग कमेटी से पूर्व प्रमाणन कराना अनिवार्य होगा। इस अवसर पर समिति के सदस्य उपजिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी/प्रभारी अधिकारी एम0सी0एम0सी0 मनोकामना राय, अपर जिला सूचना अधिकारी शशि सिंह, ईडीएम प्रतीक उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मोस्ट ने प्रदेश में पीडीए प्रत्याशियों को जिताने का संकल्प पत्र सौंपा

**सुलतानपुर/लखनऊ।** मोस्ट कल्याण संस्थान के पदाधिकारी जिसमें मोस्ट संरक्षक भारत राम (से.नि. ए.डी.ओ), मोस्ट संरक्षक पूर्व विधायक सफ्दर रजा खां, मोस्ट निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरुजी÷, प्रदेश संयोजक रामानंद बौद्ध, प्रदेश प्रमुख जीशान अहमद एवं जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव (रिटायर्ड नेवी आफिसर) आदि समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय लखनऊ में इसौली विधायक मो. ताहिर खां की उपस्थिति में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से मुलाकात कर आगामी लोकसभा चुनाव में पीडीए प्रत्याशियों का सहयोग व समर्थन पत्र सौंपा। उल्लेखनीय है कि बीते 24 मार्च, 2024 को मोस्ट कल्याण संस्थान के पदाधिकारियों की मीटिंग की गई। मीटिंग में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मोस्ट समाज (पीडीए) को अधिकाधिक टिकट देने पर आभार व्यक्त किया गया था और आशा व्यक्त की गई कि देश भारत में एक समान



शिक्षा, ओबीसी जनगणना, पुरानी पेंशन बहाली, संविधान के भाग तीन व भाग चार में उल्लिखित उपबन्धों का पालन सुनिश्चित कराने की दिशा में पीडीए सांसद काम करेंगे। मीटिंग में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुए आगामी लोक सभा चुनाव में मोस्ट, पी.डी.ए. प्रत्याशियों का तन-मन-धन से समर्थन और सहयोग करेगा। इसी क्रम में मोस्ट प्रदेश संयोजक रामानंद बौद्ध एवं निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरुजी÷ को निर्देशित किया गया कि अपनी गाड़ी व अपने खर्चे से कॉलेज समय के अतिरिक्त मोस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ प्रदेश में पी.डी.ए. प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में लगे रहेंगे। सुलतानपुर में सपा के पीडीए प्रत्याशी को मोस्ट द्वारा 10 मई 2024 तक दो लाख रूपए से अधिक का आर्थिक सहयोग, 11 मई से चुनाव सम्पन्न होने तक कम से कम दो फोर व्हीलर गाड़ी प्रचार में लगाया जाएगा।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (टीकाकरण सत्र) पर औचक निरीक्षण



**जौनपुर -** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह के द्वारा ब्लॉक शाहगंज, सोंधी के ग्राम सभा मनेछा में ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (टीकाकरण सत्र) पर औचक निरीक्षण किया। सत्र पर दी जाने वाली सेवाओं के विषय में जानकारी लेते हुए बच्चों के टीकाकरण और गर्भवती माता को दी जाने वाली सेवाओं वजन, बीपी, एचबी, यूरिन जांच व फोलिक एसिड, आयरन, कैल्शियम व अन्य दवाओं के वितरण और परामर्श के विषय में जानकारी ली। इसके साथ ही कुछ परिवार बच्चों को टीकाकरण करने में इनकार/आनाकानी कर रहे थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने स्वयं परिवार से मिलकर बच्चों के टीकाकरण से कई बीमारियों से बचाव के बारे में बताते हुए परिवार का टीकाकरण करवाया।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के विषय में समुदाय के लोगों को मच्छरों से बचाव, मच्छरदानी का प्रयोग, फूल बाह की कमीज पहनने, घर के आस-पास साफ-सफाई, दूषित जल का जल जमाव न होने देने के साथ ही हीट वेव लू से बचाव के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि बहुत जरूरी हो तभी धूप में निकले और निकलना भी हो तो सर पर टोपी, रुमाल और साथ में पानी का बोतल जरूर रखें।

दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर भ्रमण के दौरान की जा रही गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने निर्देशित किया कि परिवार के सभी सदस्यों की आभा आईडी अवश्य बनाई जाए। ग्रामवासियों से कहा कि घर में किसी को बुखार, सर्दी खांसी, जुकाम के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जरूर दिखाएं। गांव में माइक्रोप्लान के अनुसार नाली की सफाई, झाड़ी की कटाई, जल-जमाव का निस्तारण के विषय में भी जानकारी ली।प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सूर्य प्रकाश यादव, यूनिसेफ केरिजिनल कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार विश्वकर्मा, डीएमसी गुरदीप कौर, बीएमसी अवधेश कुमार तिवारी, प्रतिरक्षण अधिकारी राहुल कुमार यादव, बीपीएम सुजीत कुमार मौर्य, बहरुल उलूम मदरसा के प्रधानाध्यापक मोहम्मद फैज, अबू शाहनवाज जैन खान आदि लोग उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत हीट वेब से बचाव प्रबंधन एवं राहत प्रदान करने के सम्बन्ध में बैठक हुई आयोजित



**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत हीट वेब से बचाव प्रबंधन एवं राहत प्रदान करने व आमजन मानस को सतर्क करने एवं लू से बचाव के उपायों के प्रति आम जनमानस में जागरूकता लाने हेतु "State Heat Wave Management Action Plan-w®wy" के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) एस0 सुधाकरन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ कैंप कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सभी उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, श्रम, पशुपालन, शिक्षा, अग्निशमन, विद्युत विभाग से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हीट वेब के बचाव के संबंध में सभी आवश्यक उपाय समय से पहले सुनिश्चित कराएं जाय। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी सीएचसी, पीएचसी केंद्रों पर लू से बचाव हेतु सभी सुविधाएं मुहैया कराने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने शिक्षा विभाग को स्कूल के समय में परिवर्तन करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार पशुपालन, नगर पालिका, अग्निशमन विभागों को भी हीट वेब से बचाव के संबंध में आवश्यक कदम उठाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि आपदा से प्रभावित लोगों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही आर्थिक सहायता से आच्छादित किया जाय।उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा बिंदुवार सभी विभागों के उत्तरदायित्वों को बताते हुए विस्तृत रूप अवगत कराया गया तथा उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि हीट वेब के बचाव के सम्बन्ध में जन जागरूकता फैलाए तथा लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा के रामशंकर ने किया नामांकन, डिप्टी सीएम केशव ने चार सौ पार जीतने का किया दावा




**इटावा।** इटावा लोकसभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार रामशंकर कठेरिया ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मोतीझील ग्राउंड पर एक नामांकन सभा का आयोजन किया गया। इस नामांकन सभा में उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल हुए। नामांकन सभा में हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने हिस्सा लिया। केशव प्रसाद मौर्य ने यूपी में अस्सी सीट और देश में चार सौ से ज्यादा सीट जीतने का दावा किया। उन्होंने कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस का राजनैतिक भविष्य खतरे में है। आज पूरे देश की जनता नरेंद्र मोदी के साथ है । देश की जनता विकास चाहती है । भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर काम कर रही है।नामांकन सभा में शामिल हुए यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि इस बार भाजपा उत्तरप्रदेश में अस्सी सीट और पूरे देश में चार सौ से ज्यादा सीट जीतने जा रही है। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस का राजनैतिक भविष्य खतरे में है। इसलिए यह लोग संविधान खतरे में है, ऐसा कहते हुए हर जगह घूम रहे हैं। देश की जनता ने इन्हें नकार दिया है। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ-सबका विकास के मंत्र पर काम कर रही है और इसी के चलते पूरे देश की जनता नरेंद्र मोदी के साथ है। इस बार प्रदेश में अस्सी और पूरे देश में चार सौ से अधिक सीट भारतीय जनता पार्टी जीत रही है।

# उपखनिजों का परिवहन करने वाले 96 वाहनों की हुई जाँच

## 100740 रुपए का अर्थदंड आरोपित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के क्रम में खान अधिकारी एवम उनकी टीम ने 20 दिन के विशेष अभियान के अंतर्गत उपखनिजों के ओवरलोड परिवहन सहित अन्य अनियमितताओं के अपराध में 96 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही हुई तथा रूष्ट्वद्धद्दष्घ् के द्वारा कुल रू0 10,00,740.00 का चालान किया गया तथा विभिन्न थानों की सुपुर्दगी में दिया गया।

उपरोक्त वाहनों पर नियमानुसार देय की वसूली सहित परिवहन कर रहे वाहनों में अवैध परिवहन प्रपत्र जारी करने वाले खनन पट्टाधारकों से भी प्रति वाहन रु0 25,000.00 अर्थदंड की वसूली हेतु अलग से कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त वाहनों से खनन विभाग के अतिरिक्त अन्य विभाग भी नियमानुसार अलग से वसूली करेंगे।

उक्त के अतिरिक्त अवैध भण्डारण की प्राप्त शिकायतों के कम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) / प्रभारी अधिकारी (खनिज), शिव प्रताप शुक्ल द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में खान अधिकारी मीरजापुर द्वारा तहसील सदर अन्तर्गत ग्राम आदमपुर में औचक स्थलीय जाँच की गयी।

जाँच में पाया गया कि जनपद मीरजापुर की तहसील सदर अन्तर्गत बालू भंडारण तथा तहसील मड़िहान अन्तर्गत स्थापित स्टोन कॅशरों में राजस्व व खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जॉच की गयी जिनमे जांच आख्या आने के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
इजराय सं0 37/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन कमलाकान्त आदि बनाम सीताराम आदि
बनाम
1. सीताराम 2. पृथ्वीपाल 3. भइया लाल सुतगण रामनाथ 4. दुलारी विधवा कन्धई 5. राम शिरोमणि 6. राम प्रताप सुतगण महावीर 7. धनिया 8. शान्ती पुत्रीगण महावीर साकिनान पूरे गोसाई पोस्ट सुवन्शा परगना पट्टी तहसील रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 08.05.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
मूलवाद सं0 203/1991
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शंकर आदि बनाम गांवसभा आदि
बनाम
1. मंजू 2. अर्चना पुत्रि राजमणि निवासिनीगण ग्राम कान्धरपुर पो0 दोनई प0त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ उ0प्र0
तारीख पेशी 23.05.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.05.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एल0आई0सी0 की पालिसी मे मेरा नाम अमित मिश्रा के बजय विकाश मिश्रा निवासी दहिलामऊ थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ एजेन्टी की गलती से त्रुटिवश हो गया है। जबकि विकाश मिश्रा मेरा उर्फ नाम है मेरा सही नाम अमित मिश्रा उर्फ विकाश मिश्रा है जो कि मेरे एजेण्ट द्वारा गलती द्वारा डाल दिया गया था। विकाश मिश्रा मेरे घर का बुलाने का नाम है जबकि मेरे आधार कार्ड और अन्य शैक्षिक कागजातो पर मेरा नाम अमित मिश्रा अंकित है। मुझे मेरे सही नाम अमित मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाये।
अमित मिश्रा उर्फ विकाश मिश्रा
पुत्र स्व0 श्री जय प्रकाश मिश्रा
निवासी दलिहामऊ, प्रतापगढ़

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अलफिया नाज की जन्मतिथि विद्यालय अभिलेख में 09.06.2014 अंकित है जबकि आधार कार्ड में पुत्री की जन्मतिथि 09.06.2015 है। मेरी पुत्री की सही जन्मतिथि संशोधित करना है।
मकसूद आलम
लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2008 अनुक्रमांक 1520393 का अंकपत्र एवम प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।
आरती मिश्रा
पुत्री राम जी मिश्रा
142. गुरु नानक नगर, नैनी
प्रयागराज।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी न्यायिक महोदय लालगंज प्रतापगढ़
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0 टी201902570200561
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सुरेन्द्र बहादुर सिंह बनाम जगत बहादुर सिंह आदि
बनाम
1. जगत बहादुर सिंह उम्र लगभग सुत दिलीप सिंह 2/1. बब्लू सिंह 2/2. डब्लू सिंह सुतगण स्व0 जगदीश बहादुर सिंह 2/3. सीमा सिंह पत्नी स्व0 जगदीश बहादुर सिंह 3. बबन सिंह उम्र लगभग वर्ष सुत दिलीप सिंह 4. लाल बहादुर सिंह सुत दिलीप सिंह 5. अमर बहादुर सिंह उम्र लगभग वर्ष सुत स्व0 राम प्रताप सिंह 6. आकाश सिंह उम्र लगभग 12 वर्ष 7. अंकित सिंह उम्र लगभग 8 वर्ष सुतगण स्व0 विजय सिंह संरक्षिका माता स्वयं नीतू सिंह पत्नी स्व0 विजय सिंह 8. नीतू सिंह उम्र लगभग वर्ष पत्नी स्व0 विजय सिंह समस्त निवासीगण ग्राम पूरे सेवकराय परगना रामपुर तह0 लालगंज जनपद प्रतापगढ़ 9. भभूता देवी उम्र लगभग वर्ष पत्नी रामकरन निवासी ग्राम कटरा कैथन मौजा पूरे सेवकराय 10. श्रीमती कलापती उम्र लगभग वर्ष पत्नी जीतेन्द्र नि0ग्राम डिहवा मौजा पूरे सेवकराय 11. शान्ती सिंह उम्र लगभग वर्ष पत्नी जगतबहादुर नि0 ग्राम पूरे सेवकराय प0 रामपुर तह0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 12. राम प्रकाश उम्र लगभग वर्ष सुत बचई नि0ग्रा0 पूरे वसन्तराय प0 रामपुर त0 लालगंज जिला प्रतापगढ़ 13. गांवसभा द्वारा प्रधान ग्राम सभा पूरेसेवकराय प0 रामपुर त0 लालगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 25.04.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 25.04.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# 3 जुलाई को आयोजित होगी लोक अदालत

**मीरजापुर।** जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल ने बताया है कि दिनांक 13 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर, परिवार न्यायालय, मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण न्यायालय, बाह्य न्यायालय चुनार, बाह्य न्यायालय मड़िहान एवं सभी चारो तहसीलों के प्रागंण में आयोजित किया जायेगा। उन्होने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए समस्त न्यायिक अधिकारियों, राजस्व विभागों के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों एवं बैंको के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठके आहूत करने और राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिये और सभी से अपेक्षा किया है कि विभागों में लम्बित मुकदमों के अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को और बैंक ऋण प्री-लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराना सुनिश्चित करें और अधिक से अधिक वादकारियों एवं बकायेदारों को लाभान्वित करें।

# जिलाधिकारी ने किया गेंहू खरीद केन्द्रों का औचक निरीक्षण



**चित्रकूट:** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने शनिवार को गेहूं खरीद वर्ष 2024-25 का क्रय केन्द्र, बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति उत्तरी पहाडी, चकौध व मंडी में बने राजकीय गेहूं क्रय केन्द्र, खाद्य एवं रसद विभाग क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि जो गेहूं क्रय के अतिरिक्त साफ-सफाई के लिए 20 रूपए अतिरिक्त दिया जाता है, उसको भी बैनर पर अंकित कराएं। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्रों पर सभी इंस्ट्रूमेंट रहनी चाहिए। क्रय केन्द्रों पर पानी, छांव व बैठने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। साथ ही सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों से बात करें। उन्होंने उप जिलाधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि लेखपालों को भी लगाए। जिससे कि चना, मसूर की भी खरीद बढे। जिलाधिकारी ने रजिस्टर्ड किसानों से दूरभाष पर वार्ता कर गेहूं क्रय की जानकारी ली। उन्होंने क्रय केन्द्र प्रभारियों को भी निर्देशित किया कि किसानों से प्रतिदिन बात करें। उन्होंने मंडी सचिव विपुल कुमार की गेहूं क्रय की प्रगति ठीक न पाए जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देशित किये। साथ ही कहा कि स्थति में सुधार नहीं होगा तो वेतन रोक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गेट के दोनों तरफ बोर्ड का इंडिकेटर लगवाएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि जो गेहूं खरीद की रसीद है, उससे बडे किसानों से मैच कराकर अवगत कराए। जिलाधिकारी ने भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी लिए एवं निर्देशित किया कि किसानों का भुगतान कर दिया जाए। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि सरसों के क्रय के लिए प्रचार-प्रसार कराएं।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कर्वी सौरव यादव, जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश चंद्र झा आदि मौजूद रहे।

# 105 वाहनों से अधिरोपित किया 2,35,100 रुपये का जुर्माना , 4 वाहन सीज



**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह द्वारा यातायात जागरुकता अभियान के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन कर यात्रा करने वाले दो पहिया, चार पहिया, ई रिक्शा, आटो टैक्सी, टेम्पो वाहन चालकों से कुल 2,35,100 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। जिसमें नाबालिक द्वारा ई रिक्शा चलवाने वाले वाहन स्वामी का 35,000 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। साथ ही 2 टेंपो एवं 2 ई-रिक्शा वाहनों को सीज किया गया। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए प्रभारी यातायात ने सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि सडक पर यात्रा कर रहे यात्री पुलिस से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए तैनात है कि किसी भी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो पाए इसीलिए सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कि वह यातायात नियमों का पालन करें।

# गोताखोरों एवम् नाविकों को सुरक्षा किट वितरित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** गंगा में डूबने से लोगों की जान बचाने वाले नगर के गैवी घाट के कुछ गोताखोर/नाविकों के द्वारा कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से सम्पर्क कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया, गोताखोर/नाविकों ने जिलाधिकारी से बताया कि उन लोगों द्वारा बाढ़ के दौरान अथवा अन्य सामान्य दिनों में गंगा स्नान करने वाले लोगों के द्वारा कतिपय कारणों से गंगा में डूबने वालों की जान की रक्षा की जाती है,

जिसके लिए पुलिस विभाग की तरफ से उन्हें गोताखोर का परिचय पत्र भी दिया गया है ` जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उक्त सभी मिलने वाले गोताखोर को आपदा राहत के नाव-नाविक सुरक्षा योजना के तहत लाइफ़ जैकेट सहित अन्य आवश्यक किट/सामान प्रदान किया।

सुरक्षा किट प्राप्त करने वाले समस्त गोताखोरों ने यह आश्वासन दिया कि घाट पर होने वाले त्योहारी आयोजनों पर जैसे नवरात्रि, मौनी अमावस्या, छठ पूजा इत्यादि पर लगने वाले मेलों में उनके द्वारा सक्रियता से आम जनमानस की रक्षा हेतु घाटों पर पहरा दिया जाएगा एवं किसी भी अप्रत्याशित घटना के समय प्रभावित की रक्षा की जाएगी द्य इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल, अपर उपजिलाधिकारी भरत लाल सरोज, जिला आपदा विशेषज अंकुर गुप्ता भी उपस्थित रहे।

# शांती देवी इण्टर कॉलेज के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन



**चित्रकूट:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2023-24 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शांति देवी इंटर कॉलेज का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में शान्ती देवी इंटर कालेज पहाडी से हाई स्कूल में 72 एवं इंटरमीडिएट में 36 परीक्षार्थियों ने सहभागिता की। जिसमें गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी छात्र छात्राएं परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। हाई स्कूल में 72 में से 44 परीक्षार्थी ससम्मान तथा शेष 28 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में 36 में से 24 ससम्मान तथा शेष 12 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। कक्षा 10 में नैतिक सिंह ने 96.17 प्रतिशत अंक के साथ जिले में तीसरा स्थान, सुमित सिंह ने 93.16, रमन तिवारी ने 92.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार इंटरमीडिएट में श्रद्धा देवी ने 93.8 प्रतिशत अंक के साथ जिले में आठवाँ स्थान, संजना देवी ने 88.2, आरती देवी ने 87, मोहित कुमार 87 एवं हर्ष ने 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। सभी छात्र-छात्राओं ने इस सफलता के लिए अपने गुरूजनों, प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के संरक्षक चुनकू राम पटेल, प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, प्रधानाचार्य शिवबरन त्रिपाठी, प्रेरक मनोज त्रिपाठी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभाशीष प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ एक्सपर्ट गाइडेंस सेशन्स का आयोजन



**चित्रकूट:** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को महाविद्यालय की इंस्टीट्यूशनल इनोवेशनल कांउसिल के तत्वावधान में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के इनोवेशन सेल द्वारा प्रायोजित इम्पैक्ट लेक्चर सीरिज के अंतर्गत दो सत्रों में एक्सपर्ट गाइडेंस सेशन्स का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन गतिविधियों को आयोजित करने में मदद करने के लिए नामित मेण्टर संस्था रूडकी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रूडकी के इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन कांउसिल के समन्वयक अमित कुमार रावत व आर्य मनोहर उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के इंस्टीट्यूशनल इन्नोवेशन काउंसिल के समन्वयक डॉ रामनरेश यादव द्वारा महाविद्यालय में इनोवेशन से संबंधित गतिविधियों के साथ आमंत्रित विद्वानों का परिचय कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ विनय कुमार चौधरी ने कहा कि महाविद्यालय का सदैव से प्रयास रहा है कि हम वर्तमान परिदृश्य को दृष्टिगत रखते हुए अपने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक इनोवेशन एवं स्किल डेवलपमेंट जैसी गतिविधियों से जोड सकें। इन्हीं प्रयासों के अन्तर्गत महाविद्यालय की इन्नोवेशन काउंसिल द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों के क्रम में इस इंपैक्ट लेक्चर सीरीज जैसे छात्रोपयोगी कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया जा रहा है। उन्होंने छात्रों को अपने अंदर की प्रतिभा को निखारने में इनोवेशन तथा स्किल डेवलपमेंट पर जोर देने की बात कही।

इंस्टीट्यूशनल इन्नोवेशन काउंसिल के समन्वयक अमित कुमार रावत ने बिजनेस मॉडल कैनवस थीम पर अपनी पावर पॉइंट प्रस्तुति देते हुए बिजनेस अपॉर्चुनिटी, प्रोबलम आईडेंटिफिकेशन आदि के साथ इनोवेशन, इनक्यूबेशन और स्टार्टअप के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इनोवेशन के संदर्भ में उन्होंने कहा कि इनोवेशन तब कारगर होती है जब आपके पास एक समस्या है और आप उस समस्या के समाधान के लिए इनोवेटिव आइडियाज के साथ प्रयत्नरत होते हैं तथा आपका प्रयत्न समाज के हित में उपयोगी होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी आवश्यकताओं के अनुरूप हमें उनसे जुडी कमियों को पहचान कर सम्भावनाओं को तलाशते हुए उनके लिए यूनीक सॉल्यूशन ढूंढने का प्रयास करना होगा। इन प्रयासों में सहायता के लिए ही सरकार के माध्यम से इनक्यूबेशन तथा स्टार्टअप आदि जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रहे हैं, जिनका उपयोग कर युवा अपने अंदर छिपी प्रतिभा तथा कौशल को निखार कर सफल उद्यमी बन सकते हैं। इसके अतिरिक्त अपने युवाओं को बौद्धिक संपदा अधिकार आईपीआर तथा पेटेंट इत्यादि के संदर्भ में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की।

आर्य मनोरथ ने बताया कि आपके इन्नोवेटिव आईडियाज स्वयं आपके तथा समाज के लिए उपयोगी होना चाहिए और आपकी सकारात्मक मनोदशा ही आपको सफल उद्यमी बना सकती है। सफल उद्यमी होने के लिए डिग्री से ज्यादा महत्वपूर्ण आपकी प्रयोगधर्मिता और आपके अंदर की कौशल प्रतिभा होती है। इसके विकास के लिए ही इन मेंटरशिप. गाइडेंस जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें तराशने में सरकारए हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स तथा अन्य सफल उद्यमियों आदि के माध्यम से इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन के द्वारा अवसरों की प्राप्ति में आसानी हो सकती है। आवश्यकता है युवाओं को अपनी सोच को सकारात्मक बनाने और अपने अंदर इन्नोवेटिव तथा एंटरप्रेन्योरशिप क्वालिटी को विकसित करने की। उन्होंने अपने अनुभवों तथा स्टार्टअप और तत्संबंधी विभिन्न अवधारणाओं के माध्यम से पावर प्वाइंट प्रस्तुति के द्वारा युवाओं का मार्गदर्शन किया।

महाविद्यालय की सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष सीमा कुमारी ने कार्यक्रम में आयोजित दोनों सत्रों की उपलब्धियों तथा निष्कर्षों को सार रूप में उपस्थित प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं इंपैक्ट लेक्चर सीरीज के समन्वयक डॉ राजेश कुमार पाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्वतजन तथा प्रतिभागियों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल के सदस्य डॉ नीरज गुप्ता ने किया।

इस मौके पर अमित कुमार सिंह, मुकेश कुमार, डॉ अतुल कुमार कुशवाहा, डॉ हेमंत बघेल, डॉ वंश गोपाल, आशुतोष कुमार शुक्ला, डॉ गौरव पांडेय, रचित जायसवाल, गजेंद्र सिंह, सिद्धांत चतुर्वेदी, बलवंत सिंह राजोदिया, शंभू नाथ मिश्र आदि मौजूद

# चुनाव डियूटी में लगे पुलिस बल को अपर एसपी ने हरी झण्डी दिखाकर किया बसो को रवाना

**चित्रकूट:** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने लोकसभा चुनाव-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जनपद से लगाये गये पुलिस बल की पुलिस लाइन्स स्थित कान्हा सभागार में ब्रीफिंग की। अपर पुलिस अधीक्षक ने द्वितीय व तृतीय चरण के निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए चुनाव डियूटी में लगे अतिरिक्त पुलिस बल को यात्रा तथा मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में हिदायत दी। साथ ही निर्देशित किया कि सतर्क एवं संवेदनशील रहकर चुनाव ड्यूटी करें। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना अभूतपूर्व योगदान देकर बूथ पर मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार रखें। किसी भी व्यक्ति द्वारा मतदान के दौरान कोई अव्यवस्था की जाती है या मतदान को शान्तिपूर्ण व निष्पक्ष होने से प्रभावित किया जाता है तो किसी भी दशा में उस व्यक्ति व अराजकतत्वों को रोकें।

# यमुना बने हाईस्कूल टॉपर व शिवम ने किया इण्टर टॉप



**चित्रकूट:** यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटर बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही चित्रकूट जिले में खुशी की लहर दौड गई। इंटर की परीक्षा में जहां ज्ञान भारती इंटर कालेज के छात्र शिवम चौरसिया ने पहला,तुलसी इंटर कालेज राजापुर के अजय पांडेय व ज्ञान भारती इंटर कालेज कर्वी की काव्या रघुवंशी एवं श्री हरी मोहन सिंह इंटर कॉलेज बछरन के अभिषेक कुमार ने जिले में तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय एवं परिवार को गौरवांन्वित किया है। बोर्ड परीक्षा परिणाम में ज्ञान भारती इण्टर कालेज ने एक बार फिर दबदबा कायम रखा है। यहां के शिवम चौरसिया ने इण्टर में जिले में पहला और प्रदेश में नौवां स्थान बनाया है। इसी प्रकार यहां की काव्या रघुवंशी ने जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। काव्या के पिता सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुषील कुमार सिंह और माता अंजुला सिंह ने सफलता पर प्रसन्नता का इजहार किया है। इसी विद्यालय की पूजा देवी ने तीसरा, प्रियंका देवी ने छठवां, शिवम सिंह एवं कृतिका राय ने संयुक्त रूप से दसवां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार हाईस्कूल में भी ज्ञान भारती इण्टर कालेज दीपा देवी ने जिले में तीसरा, राममिलन व विपिन पाल ने संयुक्त रूप से चौथा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रबंधक शिवलाल सिंह राजपूत एवं प्रधानाचार्य छोटेलाल ने बताया कि बच्चों की मेहनत के साथ अध्यापकों का कुशल मार्गदर्शन एवं अनुशासन से अच्छे परिणाम आते हैं।

इसी प्रकार श्री हरिमोहन सिंह इंटर कालेज बछरन का हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यूपी बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा है। विद्यालय के प्रबंधक हरि मोहन सिंह ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा -2024 की इंटरमीडिएट में मांडवी सिंह ने 93 प्रतिशत, रूपम सिंह 92.4, सोनम सिंह 90.2, अंशिका त्रिपाठी 89.8, आराध्या सिंह 87.6, रामा देवी 87.4, खुशी मिश्रा 87.2 अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। इसी प्रकार यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में आदर्श द्विवेदी 88.3, सृष्टि पटेल 87.5, ऊषा देवी 83, आदेश मिश्रा 81, दिव्या त्रिपाठी 80.5 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इसी प्रकार हाईस्कूल परीक्षा में चित्रकूट इंटर कालेज के छात्र जनपद में पहला और प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है।

# श्रीराम जन्म भूमि ट्रस्ट के नाम पर साइबर धोखाधडी के पीड़ित सहित कुल 11 साइबर पीडितों के रुपये वापस

**चित्रकूट:** वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आमजनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर साइबर अपराध के रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी कार्यालय राज कमल के पर्यवेक्षण में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशिकान्त राय तथा उनकी टीम द्वारा श्रीराम जन्म भूमि ट्रस्ट के नाम पर साइबर ठगी के शिकार पीड़ित के 84,580 रुपये अथक परिश्रम कर उनके खातों में वापस कराये गये। साथ ही 10 अन्य साइबर पीड़ितों के भी 4,26,386 रुपये खातों में वापस कराये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली कर्वी अन्तर्गत ग्राम गोबरिया निवासी राहुल पाण्डेय ने साइबर सेल में शिकायत की थी कि अज्ञात जालसाज द्वारा प्रार्थी से रामजन्म भूमि ट्रस्ट में दान लेने के नाम पर पीड़ित के मोबाइल में एनी डेस्क ऐप डाउनलोड कराकर खाते से 99,980 रुपये की ठगी की गयी थी। साइबर सेल चित्रकूट ने प्रकरण को संज्ञान में लेकर तकनीकी विश्लेषण एवं बैंकों से समन्वय स्थापित कर पीड़ित के खाते में 84,580 रुपये वापस कराये। अपने रुपये वापस पाकर पीड़ित स्वयं पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह को सम्मानित करने आए। जिसपर पुलिस अधीक्षक ने साइबर सेल में नियुक्त आरक्षी प्रशांत कुमार को बुलाकर कहा कि सम्मान असली फील्ड वर्कर का होना चाहिए। इस पर पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में आरक्षी प्रशांत कुमार को सम्मानित किया गया। साथ ही साइबर सेल में नियुक्त साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशिकान्त राय, आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी प्रशांत कुमार द्वारा अन्य 10 पीडितों के 4,26,386 रूपए वापस कराए गए। वर्तमान में आम जनमानस द्वारा बैंक आने जानें व बैंकिग औपचारिकताओं में नष्ट होने वाले समय से बचने के लिये व भारत सरकार के डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करने के क्रम में आम जनमानस भी जिनके पास एन्ड्राइड मोबाइल उपलब्ध है आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे हैं, लेकिन इस कार्य में जरा सी असावधानी होने पर कई लोग साइबर ठगी का शिकार भी हो रहे है। अतः आनलाइन बैंकिंग सेवा का लाभ ले रहे व्यक्तियों को यह जानकारी जरुरी है कि सावधानी अपनाने से साइबर ठगी से बचा जा सकता है। जनपदीय साइबर सेल द्वारा लगातार लोगों को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरुक किया जाता हैं।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित
सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में महावीर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर स्कूल की प्रार्थना सभा में ही एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्वामी महावीर के चित्र पर पुश्पांजलि अर्पित कर श्रद्धावत् नमन किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने महावीर के जीवन से सम्बन्धित अनेक जानकारियों से स्कूल के बच्चों को अवगत कराते हुए बताया कि महावीर जयंती का पर्व जैन धर्म के लोगों के लिए बेहद खास माना जाता है। यह पर्व हर साल चौत्र माह के शुक्लपक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन प्रभातफेरी, शोभायात्रा आदि का आयोजन किया जाता है और भगवान महावीर का सोना और चांदी के कलश से अभिशेक भी किया जाता है। महावीर स्वामी ने मानव जाति को मोक्ष प्राप्त करने के लिए सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य जैसे पंचशील सिद्धातों का भी उल्लेख किया। उनके विचार एवं संदेश आज भी मानव जाति के लिए प्रेरक हैं। स्कूल की छात्रा इन्द्रांशी ने भी समयानुकूल विचार प्रस्तुत कर जयंती को जीवन्त कर दिया। अन्त में प्रधानाचार्य जी ने बच्चों के प्रति अपने सम्बोधन में बताया कि स्वामी महावीर अहिंसा के मूर्तिमान प्रतीक थे।

उनका जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत था। राजपरिवार से सम्बन्धित होने के बाद भी उनका जीवन बहुत ही सादा-सरल था। उन्होंने कर्म के महत्व पर बल देते हुए कहा कि शायद गांधी जी के लिए उनका जीवन प्रेरक होने के साथ-साथ हम सब के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। इस असवर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल

**महराजगंज रायबरेली।** बीती देर रात एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहा नशे में धुत बाइक सवार बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया राहीगीरो की सूचना पर पहुंची डायल 108 एम्बुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। गांव पूरे कैलाश सिंह का पुरवा मजरे ज्योना गांव निवासी राहुल 28 पुत्र मोहन शुक्रवार की शाम एक वैवाहिक कार्यक्रम में शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गांव राजापुर गया हुआ था वहां से नशे में धुत होकर बाइक से वापस घर लौट रहा था तभी महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मऊ पुलिस चौकी के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई इससे वह गंभीर रूप से घायल हो उसे सीएचसी महराजगंज लाया गया जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है।

# डीईओ ने राजनैतिक दलों के साथ ईवीएम गोदाम का निरीक्षण कर ली जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारी हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने वीवीपैट वेयरहाउस में ईवीएम हॉल को जनपद के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया तथा ईवीएम तथा वीवीपैट की विस्तार से जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि जनपद की विधानसभा वार ईवीएम व वीवीपैट मशीनों को मतदान केन्द्रों के लिए नियमानुसार रखा जाएगा। जिससे कि मतदान वाले दिन किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएमध्वीवीपैट गोदाम की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी भी ली।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहर कोतवाल राजेश सिंह पर अभद्रता करने का लगा आरोप!

## दीवानी कचेहरी के अधिवक्ताओं ने एसपी को भेजा शिकायती पत्र

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** शहर कोतवाल द्वारा अधिवक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किये जाने से नाराज अधिवक्ताओं ने सेंट्रल बार एसोसिएशन के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र प्रेषित कर कार्रवाही की माँग की है।

पुलिस अधीक्षक को प्रेषित पत्र में अधिवक्ताओं ने अपनी व्यथा ब्यक्त करते हुए आरोप लगाया है कि पुलिस का अधिवक्ताओं के प्रति अमानवीय एवं अभद्र व्यवहार किया है,शिकायती पत्र के मुताबिक शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह का अधिवक्ताओं के प्रति अत्यन्त अभद्र एवं अमानवीय व्यवहार रहता है,आये दिन अधिवक्ताओं को शहर कोतवाल द्वारा बेइज्जत किया जाता है,बता दें कि दीवानी कचेहरी के तमाम अधिवक्ताओं ने शहर कोतवाल के विरूद्ध सेन्ट्रल बार एसोसिएशन सिविल कोर्ट रायबरेली में मौखिक व लिखित रूप से शिकायत दर्ज करायी है कि ऐसा प्रतीत होता है कि शहर कोतवाल अधिवक्ता समाज से निजी रंजिश रखते है जिस कारण आये दिन अधिवक्ताओं से शहर कोतवाल की कहा सुनी हुआ करती है,यदि कोई अधिवक्ता अपने मुवक्किल के सम्बन्ध में थाने जाता है तो शहर कोतवाल के द्वारा अधिवक्ता के साथ अभद्रता की जाती है तथा धमकी भरे लहजे में कहा जाता है कि दोबारा कोई अधिवक्ता थाने में दिखाई दिया तो अच्छा नही होगा।

पत्र के माध्यम से पुलिस कप्तान को अवगत कराया गया है कि कोतवाल राजेश कुमार सिंह के द्वारा अधिवक्ताओं के प्रति उक्त अमानवीय आचरण एवं अभद्र व्यवहार से सम्पूर्ण अधिवक्ता समाज आहत है एवं अधिवक्ता समाज में अत्यन्त रोष है।शहर कोतवाल के द्वारा किये जा रहे उक्त व्यवहार से अधिवक्ता समाज में पुलिस के विरूद्ध असन्तोष उत्पन्न हो रहा है जो समाज के लिए उचित नही है इसके अतिरिक्त शहर कोतवाल के गलत व्यवहार से अधिवक्ता एवं पुलिस के बीच कभी भी टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

फिलहाल शिकायतीपत्र पुलिस कप्तान को प्रेषित कर दिया गया है,अब आगे क्या कार्रवाही होती है फिलहाल यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# जन्मदिन पर याद किए गए जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर स्वामी महावीर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।**न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला,में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर स्वामी महावीर की जयंती श्रद्धा-भाव के साथ मनाई गई। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने स्वामी महावीर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा-सुमन समर्पित किए। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गयी। जिसके माध्यम से महावीर स्वामी के प ं च क म ो ं सत्य,अहिंसा,ब्रम्हचर्य,अपरिग्रह,और अस्तेय का संदेश दिया गया। लघुनाटिका में भगवान् महावीर के रूप में युगांक और जैन धर्मावलंबियों के रूप में वेदांत,आशीष दीक्षित,वेदांत,आदित्य,वेदांत,सूर्यांश की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा कृतिका और वासिफ़ा ने 24 वें जैन तीर्थांकर वर्धमान महावीर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन्होंने सदैव सत्य, अहिंसा के पथ पर चलते हुए मधुर वाणी बोलने का उपदेश समाज को दिया। माना जाता है कि तीर्थांकर वर्धमान ने कठोर तप के द्वारा अपनी समस्त इन्द्रियों पर विजय प्राप्त किया और विजेता कहलाये।उनका कठिन तप पराक्रम के समान माना गया जिसके कारण उन्हें महावीर कहा गया। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि महावीर स्वामी का मानना था कि जो कार्य अपने लिए अच्छा न लगे ऐसे किसी भी कार्य को दूसरों के लिए नहीं करना चाहिए, उनके विचार थे कि वैराग्य संसार से नहीं मन से होना चाहिए। ऐसे महापुरुषों की जीवन शैली से हमें प्रेरणा लेते हुए सदैव उनके द्वारा बताए गए मार्ग का अपने जीवन में अनुसरण करना चाहिए। साथ ही उन्होंने उपस्थित समस्त विद्यार्थियों से अपेक्षा की, कि वे सभी सत्य के मार्ग पर चलें और अपने द्वारा किये गए गलत कार्यों को स्वीकार करें। गलत कार्यों की स्वीकार्यता ही सबसे महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा सृष्टि पाल और कशिश पाण्डेय ने किया।



इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, धर्मेंद्र शुक्ला,अभिषेक श्रीवास्तव, आरजू यादव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल, एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं , विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शतप्रतिशत रहा मदर टेरेसा ग्रुप ऑफस्कूल का हाईस्कूल इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा परिणाम



**रायबरेली।** निष्ठा शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम तथा जिले में दसवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उ.प्र. बोर्ड इलाहाबाद द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम में मदर टेरेसा ग्रुप ऑफस्कूल के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के छात्र/ छात्राओ ने शत् प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया विद्यालय की इण्टरमीडिएट की छात्रा निष्ठा शर्मा ( रोल. न. 2245962456) ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दसवां स्थान , एवं विद्याल में प्रथम स्थान प्राप्त किया, विद्यालय की छात्रा यशी गुप्ता (रोल. न. 2245962469) ने 93.2 प्रतिशत , चित्रांशी (रोल. न. 2245962444) ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। विद्यालय के संस्थापक ध् प्रबंधक ओ. पी. श्रीवास्तव ने उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सरस्वती बालिका विद्या मंदिर लालगंज का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित 2024 के परीक्षा परिणाम में लालगंज के सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने अव्वल स्थान प्राप्त किया प्रधानाचार्या श्रीमती मधु शर्मा ने बताया कि हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में सभी छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। इंटर में छात्रा दिव्या ने 462/500 अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सौम्या तिवारी 447/500अंकों के साथ दूसरे और मुस्कान गुप्ता ने 441ध्500 तीसरे स्थान पर रही वसुंधरा पाण्डेय ने 436/500 अंक पाकर चौथे स्थान पर रही।इसी प्रकार हाई स्कूल परीक्षा में छात्रा वर्तिका ने 550/600 अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। माही सिंह ने 537ध्600 अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रही। अनुष्का वर्मा ने 530/600 अंक पाकर तीसरे स्थान पर रही। अशिका तिवारी ने 528/600 अंक पाकर चौथे स्थान पर रही एवं माही सिंह ने 525/600 अंक पाकर पाचवे स्थान पर रही।



विद्यालय के प्रबंधक रमाशंकर वाजपेई और श्रीमती मधु शर्मा ने बालिकाओं को मिष्ठान खिलाकर एवं माल्यार्पण करके उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए असीम शुभकामनाएं दी । विद्यालय के प्रबंधक रमाशंकर वाजपेई ने कहा कि शिक्षित बालिकाएं विकसित भारत का आधार है एक बालिका को शिक्षित करना पूरे परिवार और राष्ट्र को शिक्षित करने के बराबर है लड़कियों को अच्छे शिक्षा देने सशक्त संस्कारवान बनाने में विद्यालय की आचार्य व आचार्या बहनों को भी प्रबंधक ने बधाई दी । इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी नीरज बाजपेई सहित रीना वाजपेई, लक्ष्मी जी, श्वेता तिवारी ,माया अवस्थी ,दीपिका ,कल्याणी सिंह, निशा सिंह ,दिव्या पांडे ,रोली , अमिता , साक्षी , दीपिका दीक्षित, शिवानी , श्रद्धा सिंह, संजीव कुमार ,जितेंद्र प्रताप सिंह तथा संजय मिश्रा, अशू , वंशिका , सरिता , तथा अभिभावक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# नाली विवाद में युवक को पीटा,जान से मारने की दी धमकी

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सलेथू का रहने वाला रंजीत कुमार पुत्र बृजेश कुमार नाली के विवाद को लेकर एक शिकायती पत्र लिखवाने तहसील आया था तभी गांव के ही विपक्षी पन्नालाल पुत्र खुशियाल अमित कुमार पुत्र पन्नालाल दोनो पिता पुत्र ने उसके साथ तहसील परिसर में गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके पर से फरार हो गए। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# वैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज का रिजल्ट भी रहा शानदार



**लालगंज रायबरेली।** लालगंज स्थित बैसवारा इंटर कॉलेज ने फिर एक बार हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की यूपी बोर्ड परीक्षा में जिले के 46 ऐडेड स्कूलों में सबसे अव्वल रहा। इंटरमीडिएट में रितेश 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहे तो वहीं लक्ष्मी 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर रही। अभिषेक गुप्ता ने 91.2 प्रतिशत और दामिनी ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हाई स्कूल की परीक्षा में कामिनी ने 91 प्रतिशत और अभिषेक ने 86.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। पिछले वर्ष भी बैसवारा इंटर कॉलेज दे उत्तर प्रदेश की श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करके जिले में नाम रोशन किया था। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी और प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने बच्चों को पुरस्कृत करने की भी घोषणा की। इस अवसर पर शिक्षक वीरेंद्र कुमार शुक्ला, कौशल किशोर त्रिवेदी, विनोद कुमार सिंह, अतिदेव पांडे, जितेंद्र मौर्य, भवानी प्रसाद श्रीवास्तव ,सर्वेश गौतम तथा संतोष कुमार सिंह आदि ने भी बच्चों को उनकी सफलता पर बधाई दी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित-दिनेश प्रताप सिंह



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड राही की ग्राम सभा बेला-खारा चौराहे पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार दिनेष प्रताप सिंह ने आयोजित एक नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया। उन्होने नुक्कड़ सभा में उपस्थित लोगों का अभिवादन किया। साथ ही लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारी को त्वरित निस्तारण के लिए आदेशित भी किया। श्री सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए लोगों से लोकसभा चुनाव में रायबरेली से कमल खिलाकर तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील भी की। राज्यमंत्री ने बीते 10 सालों में भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने गांधी परिवार पर हमलावर होते हुए कहा कि 2004 से 2024 तक कांग्रेस ने विकास के नाम पर रायबरेली की जनता के साथ धोखा किया है। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी रायबरेली से चुनाव जीतने के बाद न तो वह और न ही उनके परिवार के सदस्य पूरे 5 साल रायबरेली की जनता की सुध नहीं ली। इस अवधि में बहुत से सारे हादसे हुये और कुछ लोगों की दुर्घटनाओं में मृत्यु भी हुई। यहां तक कि देष की सरहदों पर जान गवाने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि देने तक का उनके पास वक्त नहीं था। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने केन्द्र व प्रदेष सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुये कहा कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे लोगों तक योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इससे यह साफ जाहिर है कि सबका साथ सबका विकास की अवधारणा साकार हो रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देष नई ऊँचाईयों को छू रहा है। निष्चित तौर पर 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में जाना जायेगा। नुक्कड़ सभा में प्रमुख रूप से राजेश सोनी ग्राम प्रधान बेला खारा, शत्रोहन लाल बाजपेई पूर्व प्रधान बेला खारा, जगन्नाथ पासवान पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, राजेश वर्मा, मुन्ना सिंह पूर्व बीडीसी, विजय सिंह, अरुण सिंह, रामदेव सिंह, शिव शंकर वर्मा, गंगावती महिला संगठन समूह संचालिका, सहित दर्जनों कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# इंटर कॉलेज शंकरपुर के छात्र-छात्राओं ने किया टॉप

## प्रदेश की भी लिस्ट में है रैंकर्स छात्र-छात्राओं का नाम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**जगतपुर,रायबरेली।** यूपी बोर्ड हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में पिछले सालों की तरह इस बार भी बेटियों ने बाजी मारी है। जगतपुर क्षेत्र के इंटर कॉलेज शंकरपुर की माही मौर्य पुत्री कन्हैयालाल मौर्या 91.5 प्रतिशत, आस्था सिंह पुत्री आजाद सिंह 90.67 प्रतिशत, दीप्ति मौर्य पुत्री शिवराम मौर्य 88.5 प्रतिशत , शिल्पा पुत्री विजय किशोर 87.3प्रतिशत, वैशाली सिंह पुत्री यशवीर सिंह 83.3 प्रतिशत, अनुष्का साहू पुत्री शिव प्रकाश साहू 83.1 प्रतिशत, निशा देवी पुत्री तेजकरन 82.3 प्रतिशत आदर्श मिश्रा पुत्र अरुण कुमार मिश्रा 82 प्रतिशत वहीं इंटरमीडिएट व्यावसायिक वर्ग में तौफीक आलम अव्वल रहे उन्होंने 776 अंक प्राप्त किया। कला वर्ग के भी दो दर्जन से अधिक छात्र 90 प्रतिशत से ऊपर रहे। विज्ञान वर्ग में अर्पित यादव पुत्र विजय करन 89ः अंक प्राप्त किया। अभय कुमार पुत्र अशोक कुमार ने 87 प्रतिशत, निकिता पुत्री कमलेश कुमार ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं आयुषी पुत्री श्याम बाबू ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबंधक हरचंद बहादुर सिंह ने सभी अव्वल अंक प्राप्त करने वालों एवं उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

कॉलेज के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट सत्येंद्र कुमार ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी हैं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सभी छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कर फूल माला पहनाया गया।

# चंद्रशेखर मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों ने इंटर और हाई स्कूल में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालगंज रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र में शिक्षा को सेवा मान रहे शुक्ला बंधु ओम प्रकाश शुक्ला और दीप प्रकाश शुक्ला का शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहा प्रयास उस समय सार्थक नजर आया, जब उनके स्कूल के सत्यम वाजपेई ने इंटर की परीक्षा में 478 अंक प्राप्त कर जिले में छठवां स्थान प्राप्त किया और हाईस्कूल की छात्रा आंचल सिंह ने 565 अंक प्राप्त कर जिले में 9वां स्थान प्राप्त किया। रिजल्ट शानदार आने से चंद्रशेखर मेमोरियल स्कूल का वातावरण खुशमय नजर आया। दोनों बच्चों ने विद्यालय सहित अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। विद्यालय के व्यवस्थापक दीप प्रकाश शुक्ला और प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि इंटर की बोर्ड परीक्षा में उज्जवल सोनी ने 95 प्रतिशत,सुभाष यादव ने 94 प्रतिशत,अमन चौरसिया ने 92 प्रतिशत,रवि यादव , सेजल सिंह , अभय प्रताप यादव ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वही हाई स्कूल की परीक्षा में आंचल सिंह ने 94 प्रतिशत, आयुषी ने 93.6 प्रतिशत, अनुप्रिया ने 93.5 प्रतिशत, दीपाली ने 93.3 प्रतिशत, सलोनी और जीशान अहमद ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया है। इंटर और हाई स्कूल बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट संस्थान है।

बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहता है ।वही विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला और प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने अभिभावकों सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# एस आर सिंह इंटर कालेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत, खुशी




इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र • हाई स्कूल के मेधावी छात्र

**होलागढ़( प्रयागराज)।** एसआर सिंह इंटर कालेज देवापुर, सोरांव में यूपी बोर्ड हाई स्कूल और इंटर मीडिएट का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। दोनों कक्षाओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत आने की खुशी में प्रबंधक श्याम राज सिंह,प्रधानाचार्य राजेश सिंह, विज्ञान/ गणित के वरिष्ठ शिक्षक संजीव सिंह,राम आसरे पांडेय,राम मोहन त्रिपाठी और अभिमन्यु सिंह आदि ने खुशी का इजहार किया है। प्रधानाचार्य राजेश सिंह ने बताया कि हाई स्कूल में राजन 91 प्रतिशत ,आयुष यादव 91,महेश कुमार 90,किरण यादव 90, एस शुक्ला 88, शिवांगी मौर्य 83,साक्षी त्रिपाठी 83,आर्या सिंह 81,काव्या पांडेय 80 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हुई है। इसी प्रकार इंटर मीडिएट में रुचि निर्मल 88 प्रतिशत,गौसिया 84,जानकी गुप्ता 87,आंचल शर्मा 83,साक्षी 82,अर्चना यादव 82,रजनी 81,निधि सिंह 77,श्रेयांश सिंह 77,प्रिया पांडेय को 75 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। कमोवेश इसी प्रकार दर्जनों बच्चे 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है।

# उमा इंटर कॉलेज का परीक्षा फल शत प्रतिशत, बेटियों का जलवा कायम



**हंडिया।** फूलपुर थाना क्षेत्र के ज्वालापुर गांव स्थित उमा इंटर कॉलेज का हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। जिससे छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है। वही अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय की बेटियों का जलवा कायम रहा। आपको बताते चलें कि उमा इंटर कॉलेज ज्वालापुर इलाके का एक प्रतिष्ठित विद्यालय है। इस विद्यालय में हाई स्कूल की 108 छात्र-छात्राएं और इंटर की 155 छात्र-छात्राएं बोर्ड की परीक्षा दी थी। हाई स्कूल और इंटर में कुल 77 बेटियों ने परीक्षा दी थी । जिसमें लड़कों की अपेक्षा बेटियों ने अच्छे अंक प्राप्त किये ।हाई स्कूल में स्वीटी जायसवाल 573,शिवानी सिंह 564,श्वेता केसरवानी 560,सुप्रिया जयसवाल 553, तान्या सिंह पटेल 552, अमित कुमार 549 ,खुशी सोनी 546,आयुषी पटेल 545 ,सतीश कुशवाहा 544 ,कोमल यादव 542 , दीपा पटेल 544 अंक प्राप्त किया। वही इंटर में निष्ठा गुप्ता 448 ,सादिया नाज 441,दिव्या पटेल 439,काजल पटेल 435,शिवम पटेल 435,मो0 नौशाद 430,नंदिनी सोनी431, शिवांश गुप्ता 425,संजना सोनी 423 ,आसिया बानो 420 अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक डी आर सिंह ने छात्र-छात्राओं की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए बच्चों को पुरस्कृत करने की बात कही है। विद्यालय का शत प्रतिशत परीक्षा फल होने से शिक्षकों में भी खुशी की लहर है।

# रेलवे कॉलोनी में भीषण गंदगी, बीमारी फैलने की आशंका

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी( प्रयागराज )।** नैनी क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी में बनी नालियों की नियमित सफाई के न कराए जाने से जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है । जिससे लोगों में तमाम तरह की बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। बताया जाता है कि नैनी के रेलवे कॉलोनी, रेलवे स्टेशन नैनी से सटकर बसा हुआ है। इस मोहल्ले की आबादी हजारों की है। यह मोहल्ला नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत आता है । इस मोहल्ले में बनी नालियों की नियमित सफाई न कराए जाने से जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। कूड़े से नालिया पूरी तरीके से जाम हो गई है। जिसके चलते मोहल्ले में गंदगी का साम्राज्य है। नालियों में पड़े कूड़ा



करकट से क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। मोहल्ले में गंदगी का अंबार है। गंदगी के चलते यहां का वातावरण काफी प्रदूषित हो गया है । मच्छरों की भरमार हो गई है। नालियों से उठ रही दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है । भीषण गंदगी के चलते क्षेत्र में तमाम तरह की महामारी फैलने की संभावनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा विभागीय अधिकारियों को कई बार दी गई , बावजूद इसके उनके द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# करोड़ों की लागत से बनी मंडी बदहाल,पूछ रहे किसान कहा से है मंडी जाने का मार्ग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** यमुनापार लापर क्षेत्र के किसानों के हित को देखते हुए और राजस्व के पर्याप्त संसाधन की संभावनाओं को देखते हुए कृषि उत्पादन मंडी समिति 1991 मे स्थापना की गई है । हुआ भी कुछ ऐसा है, कि यमुनापार के ही नही दूर -दराज के किसानों व व्यापारियों कई जिले से व्यवसायी का खरीद -फरोख्त के लिए आते हैं । लेकिन सुगम मार्ग न होने से किसान व व्यापारी पूछते हैं कि मंडी जाने का मार्ग कहा से है । रविवार, बुधवार को जमघट लगता है । लेकिन प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।

मंडी समिति का आने-जाने वाली सड़क पांच वर्ष से टूटी पुलिया का मरम्मत न होने से लोगों को पगड़ंडियों से होकर परिसर मे अनाज ले कर जाते है । वही किसानों के लिए सड़क, बिजली, शौचालय जैसे मूलभूत सुविधा न होने से काफी फजीहत उठानी पड़ती है ।

मंडी विकास के लिए पर्याप्त के लिए करोड़ों रुपये की प्रति वर्ष आय होती है । सही दिशा मे प्रयोग न किये जाने से किसान व व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । मंडी परिसर मे किसानों व व्यापारियों के लिए अनाज रखने के लिए कोई गोदाम न होने से वर्षा के होने पर उनके अनाज भीग जाती है।

यमुनापार के प्रधान मंडी जो अपने उर्वरा के लिए प्रख्यात है।इसके चलते धान का कटोरा कहा जाता है। चावल के जितनी कोटि यहां सुलभ शायद ही क्षेत्र मे कही मिले । इस मंडी मे बिहार, झारखंड, राजस्थान, जौनपुर, गाजीपुर, वाराणसी, प्रयागराज तथा मध्यप्रदेश से लोग खरीद करने के लिए आते है । लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के लिए वर्षो से टूटी चारदीवारी की भी मरम्मतीकरण नही कराया गया ।जबकि प्रशासनिक उपेक्षा के चलते बदहाली की शिकार बनी हुई है। प्रगतिशील किसान नंदू लाल सिंह पटेल मोजरा, शंकर दयाल तिवारी प्रधान बहरैचा, विनोद दुबे प्रधान प्रतिनिधि कैथवल, राम बली बिंद ग्राम प्रधान धोबहट, रवि सिंह ग्राम प्रधान लेड़ियारी , श्याम नारायण बिंद डीही खुर्द, आशीष कुमार मिश्रा आदि लोगों का कहना है कि मंडी में पर्याप्त धन मिलने के बावजूद उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।

मंड़ी समिति सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि सड़क पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त है यह न्यायालय मे विचाराधीन होने से काम रूका हुआ है। जल्द ही काम होगा और टूटी चारदीवारी, टीन सेट, चबूतरा तथा गोदाम से के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

# पथरपुर विद्यालय जर्जर, अब नए भवन का इंतजार



**लेड़ियारी(प्रयागराज)-** क्षेत्र मे परिषदीय स्कूलों के जर्जर भवनों का निरीक्षण करने के बाद उनका उच्चधिकारियों के रिपोर्ट भेज दिया गया है । लेकिन अब तक जर्जर भवन को चिन्हित किया गया है ।जिसके ध्वस्तीकरण के बाद पैसा विद्यालय के एकाउंट मे भेजा जाएगा। हालांकि अब तक कई विद्यालयों पर नई बिल्डिंग का इंतजार है । लेकिन मौजूदा सत्र मे इसकी कम ही संभावना नजर आ रही है । अब बनने वाले भवनों को नए मानकों पर कान्वेंट स्कूलों की सुविधा के तर्ज पर बनाया जायेगा।

प्राथमिक विद्यालय पथरपुर वर्ष 1991 - 92 दो कक्षीय 90 हजार की लागत से बनाया गया था । जो पूरी तरह जर्जर हालत मे है । इस संबंध मे संविलियन विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम अचल ने बताया कि इसकी लिखित प्रार्थनापत्र एवं ऑनलाइन सूचना विभाग को दिया जा चुका है । एक कक्षीय नवनिर्माण मे कक्षा एक से पांच तक क्लास चलाया जा रहा है ।जिसमे 150 बच्चे पंजीकृत है ।

खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि कुल लगभग 30 विद्यालय जर्जर है । जिसकी रिपोर्ट तैयार कर रिपोर्ट भेजा गया है । कोरांव मे कुल 133 प्राथमिक 27 संविलियन 56 जूनियर हाईस्कूल के विद्यालय है । जर्जर स्कूल को ध्वस्त कराकर नीलामी की प्रक्रिया भी पूरी किया जावेगा । इन सभी विद्यालयों के पास अपने भवन अभी मौजूद है ।जिससे शिक्षण कार्य तो प्रभावित नही है । नई बिल्डिंग के लिए प्रक्रिया चल रही है , वह नियमानुसार पूरी होगी ।1991, 92 मे विद्यालय बना हुआ है । जिससे मानक के अनुरूप कार्य न किए जाने से एक वर्ष मे ही दिवार मे दरार आ गई थी, इसकी जानकारी विभाग को दिया गया था, वही 1995 मे पूरी तरह ध्वस्त होने पर एक कक्षीय भवन मे एक से पांच तक क्लास चल रहा है ।

राम अचल प्रधानाध्यापक पथरपुर ।

> प्राथमिक विद्यालय पथरपुर कई वर्षो से ध्वस्त है । इस संबंध मे कई बार एबीएसए को प्रार्थनापत्र दिया गया लेकिन इस ओर ध्यान न देने से टूटी दिवार के तरफ जब बच्चे जाते है, तो हादसे की आशंका बनी रहती है।
> **नीरज कुमार ग्राम प्रधान पथरपुर**
>
> इस दिवार टूटने से हादसा की आशंका के कारण अपने बच्चों का नाम कटा कर इस वर्ष दूसरे विद्यालय मे पंजीकरण कराया । क्योंकि यह भवन गिरने से कई नौनिहालों जाने जा सकती है ।
> **राज नारायण शिक्षामित्र पथरपुर**
>
> पथरपुर संविलियन आदर्श विद्यालय है । लेकिन भवन न होने से नौनिहालों को समुचित बैठने की व्यवस्था न होने से दिक्कत आ रही है । जबकि विगत वर्ष लगभग 200 छात्र, छात्राऐ थी, इस वर्ष हम अभिभावक दूसरे स्कूल मे नामांकन दाखिल कराये जाने से मजबूर है ।
> **लाल मनि गुप्ता बीएलओ**

# तीन दिनों से पानी के लिए मची त्राहि त्राहि



**नैनी(प्रयागराज)।** अरैल सच्चा बाबा नगर बस्ती के बीच में लगा नलकूप की पाइप तीन दिन से फटने के कारण ग्रामीणों को पानी के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है। चीफ इंजीनियर से लेकर अभियंता तक की शिकायत करने के बावजूद अभी तक पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी। भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने बताया तीन दिन से नलकूप की पाइप फटने के कारण पूरे प्रज्ञा वाली सच्चा बाबा नगर, मुरादपुर, मुखिया नगर, नंदन तालाब, शिवनगर आदि में आज जगह पर पानी के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं तत्काल जो पाइप फटा हुआ है तत्काल ठीक कर करके पानी को सुचारू रूप से चालू कराया जाए जिससे पानी की समस्या को दूर किया जा सके।

# बुनियादी सुविधाओं के अभाव में नारकीय जीवन बिताने को विवश ददरीवासी

**नैनी( प्रयागराज )।** क्षेत्र के ददरी गांव में विभिन्न समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यहां के लोगों को नारकीय जीवन बिताना पड़ रहा है।बताया जाता है, कि ददरी गांव रीवा रोड चाका ब्लाक के समीप बसा हुआ है । इस गांव में जाने के लिए विगत कई साल पहले सड़क का निर्माण कराया गया था। जो इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। इस पर जगह जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। इस गांव में बनी नालियों की नियमित सफाई न कराए जाने से बजबजा रही है। नालियां पूरी तरीके से कूड़ा करकट से पट चुका है। गांव में सफाई व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। नालियों का पानी सड़कों पर बहता रहता है । सफाई कर्मियों का कहीं भी अता पता नहीं रहता है। सफाई के अभाव में जगह-जगह कूड़े का अंबार लगा हुआ है। जिससे उठ रही दुर्गंध से यहां का वातावरण काफी प्रदूषित हो गया है। लोगों को शुद्ध हवा मिलना मुश्किल हो गया है। गांव में विगत कई साल पहले जल निगम विभाग द्वारा जो भी हैंडपंप लगाए गए थे। वह मरम्मत के अभाव में अधिकांशतः खराब हो गए हैं। वह मात्र शोपीस बनकर शोभा को बढ़ा रहे हैं। गांव में बिजली की व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। बिजली के आने और जाने का कोई निश्चित समय नहीं रह गया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है, कि इस गांव में मामा भांजा का तालाब पावर हाउस से बिजली की सप्लाई की जाती है। पावर हाउस पर तैनात विद्युत कर्मियों की मनमानी तानाशाही रवैया के चलते आए दिन बिजली काट दी जाती है। बिजली कटने से मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। जिसके चलते लोगों को नींद हराम हो जाती है । बिजली के खंभों पर खींचे गए तार भी काफी जर्जर हो चुके हैं, जो आए दिन टूट कर जमीन पर गिर जाते हैं। इस गांव में जल निगम ट्यूबवेल के द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है। जल निगम कर्मियों की लापरवाही के चलते यहां के लोगों को पेयजल की समस्या से भी जूझना पड़ता है।

# छात्राओ ने सर्वोच्च अंक हासिल कर विद्यालय का नाम किया रोशन

**कौंधियारा (प्रयागराज )।** करमा बाजार स्थित बाल विद्या मंदिर बालिका इंटर कालेज में परीक्षा परिणाम देखते ही छात्राओं एवं अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। यूपी बोर्ड द्वारा जारी रिजल्ट में एक बार फिर उक्त विद्यालय बेटियों का जलवा कायम रहा है। बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज की बेटियों ने न केवल सफलता का परचम लहराया है बल्कि हाई स्कूल में सभी छात्राओं ने सर्वोच्च अंक अर्जित किया है। यूपी बोर्ड की परीक्षा में मेधावियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसी तरह श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज पटेलनगर अकोढ़ा में जश्न का माहौल हो गया।मेधावियों की सफलता पर शिक्षकों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय की छात्रा शुभी प्रजापति और तनु शुक्ला 94 प्रतिशत,जयशंकर कन्नौजिया और दीपांजलि गुप्ता 93 प्रतिशत,कोमल कुशवाहा, खुशी सिंह, अजय प्रजापति, लकी शुक्ला, दिव्या मिश्रा, मानवी त्रिपाठी श्लोक पाण्डेय, संध्या कुशवाहा ने 92 प्रतिशत,रीतू




कोटार्य,खुशी यादव,पूर्णिमा कुशवाहा,अर्पित केसरवानी,सुमन यादव ने 91प्रतिशत,साक्षी पाण्डेय, सौम्या तिवारी,सोनल मिश्र ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित किया,इंटर में रुद्राक्ष द्विवेदी और आंनद शुक्ला 94 प्रतिशत,अभिषेक गौतम और उत्तयम कुशवाहा,प्रभा 90 प्रतिशत,कपिल द्विवेदी,विनायक पाण्डेय 89 प्रतिशत,अमन तिवारी 87 प्रतिशत, रविता 86 प्रतिशत अंक हासिल किया जबकि अन्य सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार ने विद्यालय परिसर में छात्राओं का मुंह मीठा कराकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।बेटियों की इस सफलता से अभिभावकों व शिक्षकों में खुशी की लहर है तथा लोग एक दूसरे को तथा सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दे रहे हैं।

# आर डी पाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाबूगंज के छात्राओं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर ,प्रयागराज।** फूलपुर क्षेत्र के बाबूगंज स्थित रोड पाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्राओं ने शनिवार को घोषित माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज के परीक्षा फल में सत प्रतिशत सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जहां हाई स्कूल में काजल यादव ने 92.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, हेमा यादव ने 92.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व सुप्रिया पाण्डेय ने 92.16 प्रतिशत अंक कर तृतीय स्थान प्राप्त किया वही अभिषेक गौतम, नीरज भारतीय, अनमोल मिश्रा, वेदांश बघेल, शाइस्ता अंसारी, सृष्टि सिंह, राबिया, अर्पिता, सोनाली, आयशा अफरोज, मोहम्मद फैज, मोहम्मद समीम आदि छात्राओं ने सर्वोच्च अंक प्राप्त किया।

इसी तरह इंटरमीडिएट की परीक्षा में संध्या पाल ने प्रथम आयुष गुप्ता द्वितीय तथा सुप्रिया जयसवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विजयपाल ने मेघावियों को मिठाई खिलाकर उनकी सफलता पर बधाई दी।




# श्यामलाल का पूरा की सड़क जर्जर, पैदल चलना दुश्वार

**नैनी( प्रयागराज) ।** क्षेत्र के रीवा रोड मामा भांजा का तालाब से श्यामलाल का पूरा की तरफ जाने वाली सड़क की हालत काफी जर्जर हो चुकी है। इस पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से दुपहिया वाहन चालक का तो चलना दूर रहा, पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है।बताया जाता है, कि रीवा रोड मामा भांजा का तालाब से श्यामलाल का पूरा की तरफ जाने वाली सड़क की दशा काफी जर्जर हो गई है। इस पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं । डामर का तो कहीं अता-पता नहीं रह गया है । सड़क पर के यह गड्ढे धीरे-धीरे खाई के रूप में तब्दील होते जा रहे हैं। इस गड्ढेयुक्त सड़क पर दुपहिया वाहन चालकों का तो चलना दूर रहा पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है ।मालूम हो, कि इसी सड़क से होकर ऊधव दास का पूरा, श्याम लाल का पूरा, चक देवानंद, चक हीरानंद, आदि कई गांव के लोगों का आना जाना बराबर बना रहता है। इस सड़क पर निकासी की व्यवस्था न होने से लोगों के घरों का पानी सड़कों पर बहता रहता है । जिससे इस सड़क की दशा दिनों दिन खराब होती चली जा रही है । इसकी जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा संबंधित अधिकारियों को कई बार दी गई, बावजूद इसके उनके द्वारा इस तरफ कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# बीस बीघा गेहूं का पुआल व भूसा आग से जलकर राख



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** खीरी थाना क्षेत्र के ग्राम सिरहिर शनिवार बारह बजे अचानक आग की लपटें दिखने से आसपास के लोग एकत्रित आग पर नियंत्रण रखने के लिए काफी मक्सत करना पड़ा । वहीं पानी के अभाव में बीस बीघा गेहूं की पुआल व भूषा जलकर राख हो गया । सूचना पर एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुची तब तक पूरी तरह से जल चुका था । बताया जाता है कि खेत की ओर राहगीरों ने बीड़ी का अंश खेत में रखा पुआल पर फेंक दिए जाने आदर्श कुमार मिश्रा पुत्र दया शंकर मिश्रा , अमित कुमार पांडेय ग्राम सभा सिरहिर का मजरा पटेहरा का दस - दस बीघा कटी गेहूं का भूषा जलाकर राख हो गया ।बताया जाता है कि गांव में इन दिनों पानी पीने के लिए काफी किल्लत उठानी पड़ रही है । लेकिन गांव सभा के पानी का ट्रैक्टर होने से तालाब से पानी भरकर खेत में जाकर लगी आग पर काबू पाया जा सका । फिर हाल तब तक मवेशियों के लिए रखा आहार जल जाने से संकट उत्पन्न हो गया है ।आदर्श कुमार मिश्रा पटेहरा ने बताया कि खीरी थाना क्षेत्र में एक भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी न होने से आए दिन आगजनी हो रही है । वहीं समय से गाड़ी न पहुंचने से लोगों का गृहस्थी जलकर खाक हो जाता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए खीरी थाने में एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी रखने की मांग की है ।ताकि समस्या का समाधान हो सके ।

# बाइकों की भिड़ंत में दो नाजुक

**फूलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के भंभई के कमली चौराहा पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुए हैं।बताया जाता है कि फूलपुर की तरफ से पहसी गांव निवासी जीशान 21 वर्ष बाइक पर बर्फ लाद कर गांव की ओर जा रहा था तभी सामने से आ रहा बाइक सवार चांद 21 वर्ष निवासी चंदौकी से आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो की सूचना पर 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर भेजा।

# तकनीकी खराबी से औद्योगिक क्षेत्र के कई स्थानों के बिजली आपूर्ति ठप

**नैनी(प्रयागराज)।** नैनी क्षेत्र के टीएसएल (स्टोर) विद्युत उपकेंद्र में स्थापित आठ एमवीए ट्रांसफार्मर से जुड़े बोकस रिले में आई तकनीकी खराबी के कारण उपकेंद्र के रुलर विभाग के मुंगारी फीडर से जुड़े औद्योगिक क्षेत्र के कई स्थानों की बिजली आपूर्ति शनिवार ठप हो गई। हालांकि बीपीसीएल, एडीए फीडर और स्वतंत्र फीडर सीओडी की बिजली आपूर्ति दस एमवीए ट्रांसफार्मर से जोड़कर संचालित की जा रही है। विद्युत कर्मचारीयों की फौज बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए जुटे हुए हैं।

# बम के साथ युवक गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया, प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र के सरायगनी पुलिया के पास शुक्रवार को बहरिया पुलिस तलाशी अभियान के दौरान सचिन कुमार गौड़ पुत्र सभाजीत निवासी रामपुर उर्फ दौलतपुर को

उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार यादव मय हमराह पकड़ लिए। जामा तलाशी के दौरान युवक के पास से दो अदद देसी बम बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# बीजेपी ने जारी किया वीडियो, कहा- भारत के दुश्मन नहीं चाहते कि मोदी वापस आएं, लेकिन जनता ने 400 पार का बनाया मन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत शनिवार को एक नया वीडियो जारी कर दावा किया है कि भारत के दुश्मन नहीं चाहते हैं कि मोदी वापस आएं लेकिन भारत की जनता ने अबकी बार 400 पार का मन बना लिया है। भाजपा ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प पर 9 मिनट 18 सेकंड का एक वीडियो जारी कर कहा, भारत के दुश्मन नहीं चाहते, मोदी वापस आएं। पर भारत की जनता ने मन बना लिया है, अबकी बार 400 पार। देखिए, पीएम मोदी के विकसित भारत के संकल्प पर ये खास वीडियो।भाजपा द्वारा जारी किए गए वीडियो में भारत के हजारों वर्षों के इतिहास का जिक्र करते हुए यह कहा गया है कि जब-जब विदेशी ताकतों ने भारत की सभ्यता को नष्ट करने का प्रयास किया, भारत को लूटा, तब-तब देश के कोने-कोने से कई महापुरुषों ने उठकर देश की रक्षा की। भारत के बेटे-बेटियों ने भारत की संस्कृति और सभ्यताओं को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति तक दे दी। वीडियो में नरेंद्र मोदी को भारत का सच्चा पुत्र बताते हुए कहा गया है कि उन्होंने पूरे भारत को फिर से एकजुट करने की नींव रखी।नरेंद्र मोदी के बचपन से लेकर सामाजिक जीवन में आने और भारत के प्रति उनके देशप्रेम का जिक्र करते हुए कहा गया है कि वर्ष 2014 में देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने बुराईयों का अंत किया, हाथ में झाडू लेकर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया, गरीबी कम करने के लिए काम किया, गरीबों को पक्के मकान, बिजली, हर घर नल से जल दिया। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के लिए मेक इन इंडिया अभियान चलाया, भारत को डिजिटल बनाया और युवाओं को



स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा को न केवल मजबूत बनाया बल्कि सर्जिकल स्ट्राइक कर ईट का जवाब पत्थर से देने का भी संदेश दिया।

वीडियो में आगे कहा गया है कि पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक कर पीएम मोदी ने दुनिया को बता दिया कि भारत बात भी करना जानता है और जरूरत पड़ने पर दुश्मन के घर में घुसकर मारना भी जानता है। उन्होंने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाकर अपना पुराना वादा पूरा किया और देश को एकजुट करने का काम किया। वीडियो में सभ्यता के पुनर्जागरण के लिए प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कामों का जिक्र करते हुए कहा गया है कि उनकी सरकार के अथक प्रयासों के कारण ही 500 साल पुराना सपना पूरा हुआ और अयोध्या में रामजन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो सका।

देश की अर्थव्यवस्था, मैन्युफैक्चरिंग और आधारभूत सरंचना सहित हर क्षेत्र में मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यों और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा गया है कि उनके पास भविष्य के लिए भी स्पष्ट विजन है। वह 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना चाहते हैं।भाजपा द्वारा जारी वीडियो में यह भी कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में विपक्ष द्वारा देश में की गई सारी गंदगी साफ कर अपने दूसरे कार्यकाल में एक गहरी नींद में सोई सभ्यता को पुनर्जीवित करने का काम किया और अब मोदी भारत को दुनिया में नंबर वन बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। मोदी विकसित भारत बनाना चाहते हैं और सिर्फ मोदी ही भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता दिलवा सकते हैं। मोदी नए और विकसित भारत के निर्माता हैं, वह पहले से ज्यादा मजबूत होकर वापस आएंगे और भारत को सर्वोत्तम सभ्यता बनाएंगे।

# संदेशखाली पहुंची सीबीआई, महिलाओं के खिलाफ अपराध, जमीन पर कब्जे की जांच शुरू




**कोलकाता।** सीबीआई की 10 सदस्यीय टीम शनिवार को संदेशखाली पहुंची। सीबीआई टीम ने संदेशखाली पीड़ितों से मुलाकात की और उनकी शिकायतें दर्ज कीं। टीम के कुछ सदस्यों ने घर-घर जाकर पीड़ितों से मुलाकात की और उनसे पूरी जानकारी ली। वहीं दूसरी टीम स्थानीय पुलिस स्टेशन गई और पुलिस से मामले से जुड़ी जानकारी हासिल की।

सीबीआई टीम ने बताया कि हमने संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ हुए अपराध और जमीन कब्जाने के मामले की जानकारी ली और पीड़ितों के बयान दर्ज किए। कलकत्ता हाईकोर्ट ने बीते हफ्ते ही सीबीआई को संदेशखाली मामले की जांच करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने सीबीआई को जांच कर अदालत में जांच रिपोर्ट देने को कहा है। टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके साथियों पर संदेशखाली में लोगों की जमीन कब्जाने और महिलाओं का यौन शोषण करने का गंभीर आरोप है। शाहजहां शेख समेत अन्य आरोपी जेल में बंद हैं। संदेशखाली के आरोपों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा था कि संदेशखाली में अगर यौन उत्पीड़न के आरोप एक प्रतिशत भी सही हैं तो यह बेहद शर्मनाक स्थिति होगी। हाईकोर्ट ने बंगाल सरकार को भी फटकार लगाई थी।

संदेशखाली बीते काफी समय से चर्चाओं में बना हुआ है। बीती 5 जनवरी को ईडी की टीम जब राशन घोटाले में शाहजहां शेख के ठिकानों पर छापेमारी करने गई थी, उस वक्त ईडी टीम पर हमला हुआ, जिसमें कई अधिकारी घायल हुए थे। इसके बाद जब शाहजहां शेख फरार था, उसी दौरान संदेशखाली में महिलाओं के यौन शोषण और लोगों की जमीन कब्जाने के मामले का खुलासा हुआ। जिसके बाद पुलिस ने शाहजहां शेख को गिरफ्तार कर लिया।

## भाजपा में शामिल हुए तेजिंदर सिंह बिट्टू, प्रियंका गांधी के थे करीबी




**शिमला।** लोकसभा चुनाव के बीच ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के हिमाचल प्रदेश प्रभारी सचिव और प्रियंका गांधी के करीबी तेजिंदर सिंह बिट्टू ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है। लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस को इससे बड़ा झटका लगा है।

कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले तेजिंदर सिंह बिट्टू भाजपा के दफ्तर पहुंचे हैं। उनके साथ भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल भी मजूद हैं। तेजिंदर सिंह बिट्टू भाजपा में शामिल हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और पार्टी के जनरल सेक्रेटरी विनोद तवड़े की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए।

## मोदी सरकार ने दिया आधी आबादी को उनका हक़- अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार ने महिला सशक्तीकरण से आगे बढ़ते हुए भारत में ÷वूमेन लेड डेवलपमेंट÷ का बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्टपति बनाना और महिलाओं को देश की विधायिकाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देना इसके बेहतरीन उदाहरण हैं। अनुराग ठाकुर ने ये बातें शनिवार को अपने हिमाचल प्रदेश प्रवास के दौरान सुजानपुर और भोरंज विधानसभा में आयोजित महिला मोर्चा व एससी मोर्चा सम्मेलनों में कहीं।इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि महिलाएं विकसित भारत के चार अमृत स्तंभों में एक जरूरी स्तंभ हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में 25 से भी अधिक योजनाओं की शुरुआत की है, जिससे 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से ज्यादा छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) ने अब तक देश भर में 30 करोड़ आयुष्मान कार्ड बना है। इसमें से महिलाओं के लिए लगभग 14.6 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जो 4 करोड़ घर दिये गए हैं, उसमें 70 प्रतिशत घर की मालकिन या संयुक्त मालकिन महिलाएं हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत खोले गए बैंक खातों की संख्या 51 करोड़ के पार पहुंच गई है। इन खातों में जमा राशि 2.08 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

## महानदी में नाव पलटने से सात की मौत, 48 लोगों को निकाला सुरक्षित, लापता की खोज जारी

**नई दिल्ली।** ओडिशा के झारसुगुडा में शुक्रवार शाम को एक बड़ा हादसा हुआ। यहां की महानदी में नाव पलट गई। नाव में तकरीबन 50 से ज्यादा लोग सवार थे। अब तक 48 लोगों को बचाया जा चुका है। अब तक लगभग सात लोगों का शव बरामद किया जा चुका है रेस्क्यू टीम राहत कार्य में बची हुई है। जिसकी नदी में डूबने से मौत हो चुकी है।

शुक्रवार को महानदी से एक नाव पाथरसेनी कुडा से बरगढ़ जिले के बंजीपल्ली की ओर 50 से ज्यादा लोगों को लेकर जा रही थी। जैसे की नाव झारसुगुडा के सारदा घाट के पास पहुंची, वह अचानक से पलट गई। नाव में बैठे लोग नदी में डूब गए, खुद को बचाने की कोशिश करने लगे, कुछ बचाव के लिए चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर उस क्षेत्र में मौजूद मछुवारे उनको बचाने के लिए पहुंचे। लगभग 30 से ज्यादा लोगों को मछुवारों ने बचाया।

# 'जो कुछ हुआ वह प्रक्रियात्मक गलती थी', मॉक पोल के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी की खबर पर बोले चुनाव अधिकारी

**तिरुवनंतपुरम।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण की वोटिंग संपन्न हो गई। हालांकि, चुनाव को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर राजनीति जारी है। कुछ जगह मॉक पोल के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी पाने की खबरों पर केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ईवीएम एक जांची परखी मशीन है और जो कुछ भी हुआ था वह एक प्रक्रियात्मक गलती थी। बता दें, केरल के कासरगोड में हुए मॉक पोल के दौरान ईवीएम में डाले गए वोट और वीवीपैट के पर्चियों की संख्या में भिन्नता पाई गई थी। जांच में भाजपा के पक्ष में एक वोट ज्यादा पाया गया था। केरल के कारसगोड में बुधवार को एक मॉक पोल हुआ था। केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी संजय कौल ने कहा कि ईवीएम एक जांची परखी मशीन है। ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई हैं। जहां



तक ईवीएम मशीन की सुरक्षा की बात है तो इसपर फैसला लिया गया है। यह एक ऐसी मशीन है, जो कहीं और से जुड़ी नहीं है। कासरगोड में जो हुआ वह मूल रूप से एक प्रक्रियात्मक गलती है।

### ऐसे हुई गलती

उन्होंने आगे कहा कि जब हम चुनाव के लिए इन वोटिंग मशीनों को तैयार करते हैं तो मशीनों को चालू करने के रूप में हम उम्मीदवारों के नाम डालते हैं और हम मॉक पोल करते हैं। उन्होंने बताया कि कारसगोड में जो भी हुआ, उसकी जांच भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड द्वारा की जा रही है, जिसकी ये मशीने हैं। वे इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कराना चाहते थे। जब उन्होंने पहले टेस्ट बटन की जांच की तो पहले उम्मीदवार का नाम सामने आ गया। इस पर उन्होंने मशीनों को बंद कर दिया यह सोचकर कि सब सही है। वोटिंग मशीन पर उम्मीदवार का नामकरण वर्णमाला के अनुसार है। एक विशेष राजनीतिक दल था, जो कमल का प्रतीक है, वह पहला उम्मीदवार था। जब उन्होंने इस मशीन को कहीं और लगाता तो पहले वाला ही प्रिंट सामने आ गया।


### सच क्या था यह जानने के बजाया फैलाईं झूठी खबरें

संजय कौल ने यह भी बताया कि यह वास्तव में क्या हुआ यह समझने के बजाय मतदान से पहले भ्रम पैदा करने के लिए मुद्दा उठाया गया था। उन्होंने कहा कि झूठी खबर फैलाई गई। सभी को सुनिश्चित करना होगा कि वोटिंग मशीन सुरक्षित हैं। कुछ नहीं होने वाला है। आप जो भी बटन दबाएंगे, वह केवल मशीनों में पंजीकृत होगा।

### ये खबरें झूठी

इससे पहले 18 अप्रैल को भारत के निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में उन आरोपों को गलत बताया, जिसमें कहा गया था कि केरल के कासरगोड में हुए मॉक पोल के दौरान ईवीएम में डाले गए वोट और वीवीपैट के पर्चियों की संख्या में भिन्नता पाई गई थी। जांच में एक वोट ज्यादा पाया गया था। शीर्ष अदालत ईवीएम के जरिए डाले गए मतों का वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) से पूर्ण सत्यापन करने के लिए दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। एक स्वतंत्र वोट सत्यापन प्रणाली वीवीपीएपी, जो एक निर्वाचक को यह देखने में सक्षम बनाती है कि उसका वोट सही तरीके से डाला गया था या

# 'देश आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव को तैयार', तीन नए कानूनों को लेकर बोले डीवाई चंद्रचूड़



**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने नए आपराधिक न्याय कानूनों को समाज के लिए एक ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने शनिवार को कहा कि भारत अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव के लिए तैयार है। वहीं, उन्होंने नागरिकों से आम चुनाव में मतदान करने का अवसर न चूकने का आग्रह किया।

सीजेआई चंद्रचूड़ अपराध के न्याय प्रणाली के प्रशासन में भारत के प्रगतिशील मार्ग पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि नए कानून तब सफल होंगे, जब हम इसे स्वीकार करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि नए लागू कानूनों ने आपराधिक न्याय पर भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है।

### यह बदलाव करना बहुत जरूरी था

उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ितों के हितों की रक्षा करने और अपराधों की जांच के लिए यह बदलाव करना बहुत जरूरी था। सीजेआई ने आगे कहा कि संसद द्वारा नए कानूनों पर मुहर लगाना इस बात का संकेत है कि देश बदल रहा है और आगे बढ़ रहा है तथा मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए उसे नए कानूनी उपायों की आवश्यकता है। सम्मेलन में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता भी मौजूद थे। गौरतलब है, देश की आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए नए अधिनियम- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय सक्षम अधिनियम एक जुलाई से लागू होंगे। हालांकि, वाहन चालकों द्वारा हिट एंड रन के मामलों से संबंधित प्रावधान को तुरंत लागू नहीं किया जाएगा। बता दें, तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिल गई थी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को अपनी सहमति दी थी।

### मतदान करने का अवसर न छोड़े लोग

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने नागरिकों से आम चुनाव में मतदान करने का अवसर न चूकने का आग्रह करते हुए कहा है कि संवैधानिक लोकतंत्र में यह सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के 'माई वोट माई वॉयस' मिशन के लिए एक वीडियो संदेश में कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिक हैं, जो कि हमारा देश है। उन्होंने कहा कि संविधान नागरिक के रूप में हमें कई अधिकार देता है, लेकिन साथ ही यह भी अपेक्षा करता है कि हर कोई उसे सौंपा गया अपना कर्तव्य निभाए। संवैधानिक लोकतंत्र में नागरिकता के सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्यों में से एक कर्तव्य वोट डालना है।

# 'कुछ लोग कानून तोड़ना अधिकार समझते हैं', यूनिवर्सिटी में माकपा नेता के व्याख्यान पर भड़के राज्यपाल



**तिरुवनंतपुरम।** सीपीआईएम नेता जॉन ब्रिटास द्वारा केरल यूनिवर्सिटी में लेक्चर देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने भी इस मुद्दे पर सीपीआईएम पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि कुछ लोग कानून तोड़ने को अपना अधिकार समझते हैं। राज्यपाल ने ये भी कहा कि वह इस मामले में यूनिवर्सिटी से स्पष्टीकरण की मांग करेंगे।

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'चुनाव आयोग को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। विश्वविद्यालय परिसर में चुनाव प्रचार पर पूरी तरह से प्रतिबंध होता है। ऐसे में अगर यूनिवर्सिटी प्रशासन इस प्रतिबंध को नजरअंदाज करता है और किसी को बैठक करने की अनुमति देता है तो मुझे स्पष्टीकरण मांगना होगा, लेकिन जहां तक मैं जानता हूं तो यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बैठक करने से इनकार किया था। अब चुनाव आयोग को इस पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए। समस्या ये है कि कुछ लोग कानून तोड़ने को अपना अधिकार समझते हैं। कानून तोड़ते हैं और अपना एजेंडा चलाते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि ये सब बंद हो और समझ आए।'

### क्या है मामला

सीपीआईएम नेता जॉन ब्रिटास ने हाल ही में केरल यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम को संबोधित किया। यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी के कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित किया गया था। इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जा रहा है। चुनाव आचार संहिता के नियमों के मुताबिक सरकारी संस्थानों में चुनाव प्रचार नहीं किया जा सकता। वहीं कार्यक्रम का आयोजन करने वाले संघ का कहना है कि यह मासिक कार्यक्रम है और यह सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं है। वहीं मामला बढ़ने के बाद चुनाव नोडल अधिकारी ने कार्यक्रम के आयोजकों को नोटिस जारी किया है। नोटिस में नोडल अधिकारी ने जवाब मांगा है।

# कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, भाजपा ने सरकार को घेरा

**बंगलूरू।** हुबली के बीवीबी कॉलेज में कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या पर राजनीति जारी है। यह मुद्दा कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच राजनीतिक घमासान में तब्दील हो गया है। भाजपा राज्य सरकार पर लगातार निशाना साध रही है। उसका कहना है कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त है और सिद्धारमैया मस्त हैं। वहीं, एबीवीपी कार्यकर्ता लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हत्या की घटना को लेकर कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे एबीवीपी कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।



### कानून व्यवस्था ध्वस्त और सिद्धारमैया मस्त

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, 'मैं कहना चाहता हूं कि मल्लिकार्जुन खरगे को यह पता होना चाहिए कि कर्नाटक में कानून व्यवस्था ध्वस्त है और सिद्धारमैया मस्त हैं। हमारी बहन की हत्या कर दी जाती है। वो भी खंजर से हत्या की जाती है। यह जो खंजर निकले हैं यह कांग्रेस पार्टी की नफरत की राजनीति से निकले हैं। इससे आम नागरिक परेशान हैं।'

उन्होंने आगे कहा कि यह भी कहना गलत नहीं होगा कि बात करते हैं खंजर की और इनकी अपनी राजनीतिक जमीन जो है वो बंजर। हमारी बहन के साथ कुकर्म होता है तो कांग्रेस के बड़े नेता कुछ भी नहीं कहते हैं।

### सीएम को शोभा नहीं देता ऐसा बयान देना

भाजपा के विधायक बसनगौड़ा आर पाटिल ने कहा, लड़का धमकी दे रहा था। 'एकतरफा प्यार और लव जिहाद का मामला है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री का जो बयान है वो निश्चित तौर पर एक सीएम को शोभा नहीं देता है। एक समुदाय के समर्थन में वो बयान दे रहे हैं। जब एक कांग्रेस के पार्षद की बेटी के साथ ऐसा हो रहा है तो बाकी का क्या होगा।'


उन्होंने आगे कहा कि जिला अधिकारी की रिपोर्ट अलग है। इसे तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। पिछले 10 सालों में जब से पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार सत्ता में आई है, ऐसा कोई राज्य नहीं है जहां राष्ट्रपति शासन लगाया गया हो, वे (डीके शिवकुमार के बयान पर) लोगों की सहानुभूति हासिल करने के लिए ऐसी बातें कर रहे हैं।

### यह है मामला

हुबली से यह सनसनीखेज बीते गुरुवार को सामने आया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने कथित तौर पर युवती को प्रपोज किया था। लेकिन छात्रा ने उसका प्रस्ताव ठुकरा दिया था। जिसके बाद उसने उस पर पांच-छह बार चाकू से हमला किया। पुलिस ने बताया कि कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी नेहा (23 वर्षीय) एमसीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। आरोपी फैयाज (23) ने एमसीए की पढ़ाई बीच में छोड़ दी थी। पुलिस के मुताबिक, इस घटना के सिलसिले में आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

# गैंगस्टरों की सूची लीक मामले में राजभवन ने ईसीआई का किया रुख, चुनाव अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार राजनीतिक दल एक दूसरे पर हमला बोल रहे हैं। अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए हर उपाय अपनाए जा रहे हैं। ऐसे में राजभवन ने निर्वाचन आयोग (ईसीआई) का रुख किया है। उसने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के उन अधिकारियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया, जिन्होंने राजनीतिक दलों को गैंगस्टरों और बदमाशों के नाम वाली सूची उपलब्ध करवाई है।



### राज्पाल ने तैयार की थी अपराधियों की एक सूची

दरअसल, आम चुनावों के मद्देनजर बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के कार्यालय ने अपने तंत्र का इस्तेमाल करते हुए राज्य भर के संदिग्ध अपराधियों की एक सूची तैयार की थी, जिनका इस्तेमाल राजनीतिक दल चुनाव की तारीखों पर या उससे पहले मतदाताओं को डराने और कानून एवं व्यवस्था की अन्य समस्याएं पैदा करने के लिए कर सकते हैं।

### इसलिए लिया था फैसला

एक अधिकारी ने बताया कि मार्च के दूसरे सप्ताह में राजभवन ने ऐसे और असामाजिक तत्वों की एक सूची राज्य के पुलिस महानिदेशक के जरिए पश्चिम बंगाल के सीईओ कार्यालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ साझा की थी ताकि हालातों को सामान्य रखा जा सके और उचित कार्रवाई की जा सके।

### सूची लीक करवाने का अंदेशा

सूत्र ने कहा कि पश्चिम बंगाल के सीईओ कार्यालय के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्य के शीर्ष राजनीतिक नेताओं को राजभवन द्वारा मुहैया कराई गई संदिग्ध अपराधियों की सूची लीक की हो सकती है। अगर सूची लीक की गई है तो ऐसा करके चुनाव के दौरान आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के राज्यपाल के प्रयासों को विफल किया जा सकता है।

### शिकायतों पर लिया संज्ञान

बंगाल में राजनीतिक और प्रशासनिक मामलों को लेकर राज्यपाल कार्यालय और राज्य प्रशासन के बीच लगातार टकराव के मद्देनजर राजभवन ने यह कदम उठाया है। वहीं, यह भी बताया जा रहा है कि बोस द्वारा यह कदम तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा सीईओ के साथ शिकायत करने के 48 घंटों के भीतर उठाया गया था, जिसमें उन्होंने मतदान क्षेत्रों का दौरा करने की योजना बनाई थी और बाद में रद्द कर दिया था। सूत्रों का कहना है कि राजभवन परिसर के भीतर राज्यपाल बोस द्वारा स्थापित 'शांति कक्ष' में फोन पर लोगों से मिली शिकायतों और क्षेत्र के दौरे के दौरान उन्हें मिली प्रतिक्रिया के आधार पर असामाजिक तत्वों के नाम एकत्र किए गए।

### राजनीतिक दल के नाम का नहीं किया खुलासा

उन्होंने कहा कि ये और असामाजिक तत्व इस राज्य में चुनाव के दौरान आम मतदाताओं को डराकर मतदान प्रक्रिया को बाधित कर सकते हैं। गोपनीय और संवेदनशील सूचनाओं का खुलासा करना चुनाव आयोग के नियमों का घोर उल्लंघन है। अधिकारी ने हालांकि उस राजनीतिक दल या उन दलों के नाम का खुलासा करने से इनकार कर दिया, जिन्हें सूची मुहैया कराई गई थी।

# शहर में डाक्टरों की अवैध क्लीनिकों की भरमार, स्वास्थ्य विभाग कर रहा अनदेखी

## धौरहरा से बसपा प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को नामांकन के तीसरे दिन 29-धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से श्याम किशोर अवस्थी ने रिटर्निंग अफसर के समक्ष अपना नामांकन पत्र दो सेट में दाखिल किया। वही 28_खीरी संसदीय क्षेत्र से कोई नामांकन दाखिल नहीं हुआ। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है। नामांकन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024 आयोग द्वारा निर्धारित है।

### धौरहरा से तीन लोग ले गए नामांकन पत्र

नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन शनिवार को धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए निर्धारित आरओ कक्ष से 03 व्यक्ति नामांकन पत्र लेकर गए है। वही 28_खीरी संसदीय क्षेत्र से ना तो किसी ने नामांकन पत्र प्राप्त किया और नहीं दाखिल किया।

---

**» कही प्रशासन की सरपरस्ती से तो नही संचालित हो रहे मानकविहीन क्लिनिक**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** शहर मुख्यालय लखीमपुर मे डाक्टरों के क्लीनिको की संख्या चौक चौराहों समेत गलियों में बढ़ती जा रही है। इनके पास ना तो कोई वैधानिक पंजीयन है ना ही क्लीनिक संचालित करने संबंधी कोई दस्तावेज, डाक्टर मनमाने तरीके से क्लीनिक संचालित कर एलोपैथिक दवाई लिख रहे हैं। इसके बावजूद शहर के चौक चौराहों, गली मोहल्ले में अवैध रूप से संचालित डाक्टरों के क्लीनिकों के तरफ ना तो स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ध्यान दे रहे है ना ही प्रशासनिक अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान जा रहा है शहर में विभिन्न बंगाली डाक्टर व स्त्री रोग विशेषज्ञ सम्बंधित चौक चौराहों पर क्लीनिक खोलकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।




वहीं स्त्री रोग,सफेद लाल पानी जाना,ल्युकोरिया आदि तथा जोड़ो एवं घुटनों का दर्द आदि का इलाज क्लिनिकों में किया जाता है एवं गामब्लडर,पथरी, अपेडिस, हार्निया,हाइड्रोसील की सर्जरी भी किए जाने का दावा संचालक के द्वारा किया जा रहा है। वहीं अगर स्टाफ की बात करें तो नर्सिंग स्टाफ में मौके पर केवल एक नर्स के अलावा कोई नहीं मौजूद है।परंतु संचालक के द्वारा बड़े बड़े बीमारियों का इलाज करने का दावा होता है हालांकि क्लिनिक रामभरोसे संचालित कर आम लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर जमकर चांदी कूट रहे है।

शहर मुख्यालय पर ऐसे कई मानकविहीन क्लीनिक संचालित हो रहे हैं जानकारी मुताबिक ऐसा ही एक एम.एस. क्लिनिक के नाम से नई बस्ती,निकट अपना स्टूडियो लखीमपुर-खीरी शहर में बदहाल कमरों में काफी दिनों से साहब के रहमो-करम पर चल रहा है जो स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ के नाम व बड़ी बड़ी डिग्रियां बोर्ड में लिखी है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि डाक्टर्स द्वारा छुटभैय्ए सफेदपोशों से संपर्क बनाकर उक्त क्लीनिक का संचालन करने का काम धड़ल्ले से किया जा रहा है, जहां पहुंचने वाले मरीजों की जान से खिलवाड़ हो रहा है।इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है।

हालांकि स्वास्थ्य विभाग के प्रति कई प्रकार के सवालिया प्रश्न चिन्ह उठ रहे हैं और उठना लाजमी भी है कि शहर मुख्यालय के अंदर से लेकर गांव मोहल्लों में अप्रशिक्षित लोग आम जनता की जिंदगी के साथ खिडवाड करने के लिए एक कमरा में नर्सिंग होम तथा क्लिनिको का संचालन कर लेते है और लोगों की जेबों को ढीली करने का सिलसिला जारी हो जाता है,लेकिन स्वास्थ्य विभाग की बात करें तो वह गांधी जी के तीन बंदर बनकर काम करते दिखाई देते हैं कि न देखेंगे, न किसी के माध्यम से सुनेंगे और न ही इस विषय पर कुछ बोलेंगे आराम से गुलाब जामुन पहुंच रहा है तो साहब भोले भाले लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने का अभयदान देते जा रहे हैं,और जिस महीने में समय से गुलाब जामुन नहीं पहुंचा तो कागजी खानापूर्ति के लिए उस क्लिनिक में सील करने की कार्यवाही कर दी जाती है लेकिन गांधी जी जब सामने पहुंचे तो उन्हें बहाल भी कर दिया जाता है। आम जनमानस के मन मे प्रश्न है कि कहीं शासकीय जिम्मेदारों की सरपरस्ती से तो नही संचालित हो रहे मानकविहीन क्लिनिक ? शहर में मानक विहीन क्लिनिकों की भरमार कही विभागीय पनाह में तो नही?

## उत्तर-प्रदेश परिवहन विभाग की सर परस्ती में चल रहे है डगामार वाहन

लोकमित्र, श्रीकान्त सिंह शाक्य



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** धार्मिक नगर गोलागोकर्णनाथ से प्रत्येक दिन सुबह पांच बजे बस व ट्रेवलर जिनके पास सवारियों के ढोने का कोई परमिट नहीं है पर वह परिवहन विभाग की मेहरबानी के चलते निजी परमिट जारी करवा कर सवारियों को गोला से लखनऊ ढोते है।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की लापरवाही व भ्रष्ट कार्यशैली के चलते लाखों रुपए का चूना प्रत्येक दिन लगाया जा रहा है जिसमें प्रत्येक दिन संचालित होने वाली बसें व ट्रेवलर के मालिक टूरिस्ट परमिट बनवाते है और इसकी आंड में प्रत्येक दिन यह सवारियों को ढोते रहते हैं।

गोला से लखनऊ प्रत्येक दिन सुबह सदर चौराहा से चलते हैं इनका कोई स्टैंड नहीं है यह सदर चौराहा पर ही स्टैंड बनाकर सवारियों को भरते है व लखनऊ में रेजीडेंसी के पास से जब सवारी भरकर कर वापस सांयकाल 8 बजे गोला लौटते हैं तब व्यापारियों का सामान भी भरकर लाते हैं इससे जहां उत्तर प्रदेश सरकार को टूरिस्ट परमिट की आंड में कई प्रकार के टैक्स की चोरी व जीएसटी की चोरी खुलेआम करने सेउत्तर प्रदेश सरकार को लाखों की क्षति पहुंचाते है।

नगर के वरिष्ठ पत्रकार व प्रमुख समाजसेवी होतीलाल रस्तोगी ने परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव से मांग की है कि लखनऊ व सीतापुर व जनपद खीरी के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ पद दुरुपयोग व रिश्वतखोरी का आरोप तय कर दंडित करने व दोषी ट्रेवलर मालिकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर संचालित ट्रेवलर को तत्काल प्रभाव से बंद कराएं ताकि उत्तर प्रदेश सरकार का होने वाला आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

## ऐतिहासिक चैती मेले में स्थानीय कवियों ने विभिन्न विधाओं के बिखेरे रंग

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती 2024 के सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष डॉ0 मुन्नूलाल कनौजिया, विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष व्यापार मण्डल राममोहन सोनी, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ0 श्रीराम त्रिपाठी और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्वल्लित कर शुभारंभ किया।

रामकुमार गुप्ता ने सुनाया-राम है भक्ति अलौकिक शक्ति, चराचर में रमा राम ही राम है। श्रीपाल वर्मा ने कहा चारों तरफ मचा है देखो फिर चुनाव का हल्ला, खेल के माहिर जमे क्रीज पर बालिंग करे पुछल्ला।

डॉ0 द्वारिका प्रसाद रस्तोगी ने पढ़ा मोह पाश का बंधन तेरा, तोड़. नहीं मै पाता हूं। भ्रमित भ्रमर होकर भी उपवन छोड़ नहीं मै पाता हूँ। रविसुत शुक्ल ने सुनाया- नापती है उम्र भर के फासले को, जिंदगी फीता नही तो और क्या है। संत कुमार बाजपेई ने हास्य रस बिखेरते हुए पढ़ा-कंठी बांधे तिलकु लगाये घूमि रहेन। सगरा पापाचारू हमारे इवारा मा। सच्चाई ते संन्त न मतलबु राखिति हन। दुनिया केर लबारू हमारे इवारा मा। श्याम मोहन मिश्र ने सुनाया-हो गया जिस दिन करम अल्लाह का। बेवफा भी बावफा हो जायेगा। प्रमोद गुप्ता भोले ने सुनाया-सारे शिकवे गिले भूल जायें चलो, इस तरह मैला चैती मनायें चलो।गेंदन लाल कनौजिया ने कहा जीवन को जीवन समझते वह मुश्किल में आते। सुविधाओं के चक्रव्यूह में फंस वह प्रगति न पाते। मिथिलेश शुक्ला विदेह ने पढ़ा- बेवस गरीब लाचारों की, बन सकरों मृदुल मुसकान बनों। भगवान नहीं बन सकते हो, तो कम से कम इंसान बनो। डॉ0 वेद प्रकाश अग्निहोत्री ने सुनाया- आओ साकार उनके सपन हम करें। वीर बलिदानियों को नमन हम करें। असलम हामिद अंसारी ने सुनाया- बहुत कम वक्त लगता है जमी पर मकां बनाने में। इक उम्र गुजर जाती है किसी के दिल में जगह बनाने में। ऐ खुदा किसी चूहे को हरा कभी मत देना। लोग औकात भूल जाते हैं चंद पैसे कमाने में।

## बूथ स्तरीय कार्यकर्ता तीसरी बार मोदी जी को सौंपेंगे राष्ट्र की बागडोर : अजय मिश्रा टेनी

लोकमित्र ब्यूरो

**पलियाकलां-खीरी।** लोकसभा खीरी 28 की पलिया विधानसभा में बूथ अध्यक्ष/ कार्यकर्ता सम्मेलन वरिष्ठ भाजपा नेता गोविन्द नारायण शुक्ला प्रदेश महामंत्री के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित दल है, हम सभी को संगठित होकर अपने बूथ की मजबूती के लिए प्रयास करना चाहिए, केंद्र व राज्य सरकार ने गरीब कल्याण की अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं, योजनाओं का लाभ एवं उपयोगिता की जानकारी जन-जन तक पहुंचाये और जनता से जीवंत संपर्कल रखते हुये 2024 लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार राष्ट्र की बागडोर सौंपने का सफल दायित्व का निर्वहन बूथ स्तर कार्यकर्ताओं के माध्यम से सफलतापूर्वक संपन्न होगा उक्त




उद्गार निवर्तमान सांसद, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री व 28 खीरी लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी ने पलिया विधानसभा क्षेत्र में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये व्यक्त किये।

मुख्य अतिथि गोविन्द नारायन शुक्ल ने कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी व राष्ट्र की रीढ़ की संज्ञा देते हुये विश्वगुरु का सजग प्रहरी बतलाया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये नगर पालिका परिषद पलिया कलां के अध्यक्ष के. बी. गुप्ता ने कहा कि खीरी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी की जीत सुनिश्चित कर नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाये जाने हेतु अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग करें। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विनीत मनार, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनूप मिश्रा,मनीष साहनी,मण्डल अध्यक्ष शशि शन्कर शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह, दीपक तलवार, संजय सिंह, नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह, महामंत्री विजय गुप्ता, आरडी रॉय, सतीश चौधरी,वरुण मिश्रा राजीव गुप्ता, राजीव शुक्ला, शिवराज राणा सहित समस्त बूथ अध्यक्ष व बूथ स्तरीय कार्यकर्तागणों सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## अचानक लगी आग से भैंस और सहित दस बकरियां जली



लोकमित्र संवाददाता

**धौरहरा-खीरी।** तहसील क्षेत्र के विकास खंण्ड धौरहरा के ग्राम समदहा में दोपहर एक बजे के आसपास अज्ञात कारणों से धधकीं चिंगारी से अचानक लगी आग से पशुबाड़े सहित 30 घर जलकर स्वाहा हो गये। पछुआ हवाओं की तेजी से आग इतनी प्रचंड हो गई कि ग्रामीण अपने तन पर पहने कपड़ों के अलावा कुछ निकाल नहीं पाये।अपने सामने अपने घरों के साथ घर के अंदर रखी सभी वस्तुएं राशन-पानी,बर्तन, चारपाई बिस्तर नगदी जेवर आदि सब कुछ जलकर राख हो गया। शनिवार दोपहर करीब 1 बजे के आसपास अज्ञात कारणों से लगी आग से देखते देखते राधे की भैंस और पड़वा जल गया। जिसमें पड़वा की तो मौके पर ही मौत हो गई और भैंस काफी ज्यादा झुलस गई।और लल्ली देवी की आठ बकरियां जलकर मर गयी। देखते देखते मोहन, राधे, बैजनाथ, रामबिलास, बाबू, कैलाश, निरंजन, भूरे, सुनील, कारिया, दिनेश, राकेश, सकटू, मुन्नू, आदि लोगों के घर जलकर राख हो गये।शादी बारात का सीजन होने के नाते कुछ घरों में मौजूद दहेज का सामान भी अग्निकांड की भेट चढ़ गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी देर से पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। मौके पर हल्का लेखपाल चंन्द्रप्रकाश, कानूनगो, नायब तहसीलदार वीरेंद्र यादव तत्काल मौके पर पहुंचकर अधीनस्थो को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।व तत्काल नुकसान का सत्यापन कर सहायता उपलब्ध कराने को कहा है।मौके पर खमरिया पुलिस और नायब तहसीलदार अपनी राजस्व टीम के साथ डटे रहे। इस मामले में तहसीलदार धौरहरा आदित्य विशाल ने बताया कि फौरी तौर पर राहत देने के लिए तिरपाल व कंबल भेजें गये है।सत्यापन के बाद अतिशीघ्र मुवावजा पीड़ितों को मिलेगा।

## लोकसभा खीरी में मतदाताओं की खामोशी के चलते प्रत्याशी सदमे में

**» चुनावी महासंग्राम में भाजपा - सपा व गठबंधन प्रत्याशी के बीच ही होगी लड़ाई तीसरे स्थान पर रहेगी बसपा**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** लोकसभा खीरी में नामांकन प्रक्रिया चालू है और प्रत्याशियों की गाड़ियां सडकों पर दौड़ रही हैं मतदाताओं को वह अपनी ओर आकर्षित करने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना रहे हैं पर मतदाता की खामोशी के चलते वह सकते में है ऐसा लगता है कि दोनों प्रत्याशी अपने अपने स्टार प्रचारकों की चुनावी सभा के बाद राहत की सांस ले पाएंगे।

लोकसभा खीरी में प्रमुख तीन दलों के प्रत्याशी चुनावी मैदान में है पर मुख्य रूप से भाजपा व सपा के प्रत्याशियों के बीच ही महासंग्राम होना सुनिश्चित दिखाई पड़ रहा है रही बसपा प्रत्याशी अंश कालरा वह अपने समाज के मत पाने में अबतक नाकाम साबित दिखाई पड़ रहे हैं।

बताते चले कि भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्रा टैनी जहां ब्राह्मण मतदाताओं पर पकड़ बनाने के बाद वैश्य समाज व छोटी छोटी जातियों को अपने पाले में करने में प्रयासरत दिखाई पड़ रहे हैं वहीं दूसरी ओर सपा प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा कुर्मी मतदाताओं को अपने पाले में लाने में सफल होते दिखाई पड़ रहे हैं इनको मुस्लिम, यादव व सिख समुदाय के मतदाताओं के मिलने की प्रबल संभावना दिखाई पड़ रही है इसके अलावा गठबन्धन के मतदाताओं के मत भी मिलने की प्रबल सम्भावना दिखाई पड़ रही है। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में उनके दल के प्रमुख विधायकों का गुस्सा भीतरी घात का सामना करना पडता दिखाई पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर गठबंधन के प्रत्याशी जोकि पैतृक रुप से पहले से मजबूत दिखाई पड़ रहे हैं पर खीरी लोकसभा में मजबूत पकड़ वाले रविप्रकाश वर्मा व जफर अली नकवी जैसे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का अंदर खाने भीतरी घात के चलते वह कितना सपा के मजबूत प्रत्याशी साबित होंगे यह समय के गर्भ में है इधर बसपा प्रत्याशी अंश कालरा अपनी पहचान बनाने में अब तक नाकाम साबित रहे है वह अपने समाज के मतदाताओं को भी अपनी तरफ आकर्षित करने में नाकाम दिखाई पड़ रहे हैं पर दलित मत जिसमें रैदास मत जोकि बसपा का मत माना जाता है वह मिलता दिखाई पड़ रहा है पर यह सब स्टार प्रचारकों की चुनावी सभा के बाद ही सामने आ सकता है। फिलहाल लोकसभा खीरी में पांच विधानसभा है और अबतक किसीभी दल के प्रत्याशियों को मतदाताओं का खुला समर्थन नही मिलता दिखाई पड़ रहा है इस लिए भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्रा टैनी को जहां देश के महानायक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद ही मजबूती मिलने की संभावना है वही सपा प्रत्याशी जोकि गठबंधन के प्रत्याशी को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व कांग्रेस के राहुल गांधी प्रियंका गांधी आने के बाद ही मजबूती मिलने की प्रबल संभावना दिखाई पडती है रही बसपा प्रत्याशी अंश कालरा की बात वह बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के आने के बाद दलित और मुस्लिम मत में सेंध मारी कर सकते हैं। कुल मिलाकर नामांकन प्रक्रिया चालू है पर अभी तक मतदाताओं की खामोशी सभी प्रत्याशियों को सकते में डाल रखी है पर यह भी सुनिश्चित लगता दिखाई पड़ रहा है कि मुख्य मुकाबला भाजपा व सपा-गठबंधन के प्रत्याशियों के बीच ही है।

## लाखों रुपए खर्च कर स्टील के कूड़ेदान जहां तहां बिखरें



लोकमित्र, संतोष पाण्डेय

**धौरहरा-खीरी।** अगर आपको शासन द्वारा किये गये विकास कार्यों की जमीनी हकीकत से रूबरू होना है तो आइये धौरहरा नगर पंचायत क्षेत्र में पूर्व व वर्तमान में हुऐ विकास कार्यों की जमीनी पड़ताल करते हैं। जिसमें विभिन्न मदों से प्राप्त सरकारी पैसे का सदुपयोग कहा किया गया है देखते हैं खास प्रस्तुति

देश की आजादी के बाद सन 1955 में गठन हुई नगर पंचायत में तब से लेकर आज तक अध्यक्ष पद पर कुछ खास चिन्हित परिवारों का कब्जा रहा इस दौरान शाशन के निर्देश पर प्रतिमाह मिलने वाली ग्रांट व सत्ता पक्ष के द्वारा आने वाली अनेकों मदों से दिल खोल अध्यक्षो द्वारा अपना विकास करने की चर्चाएं आम लोगों को ज्ञात है।नगर में विकास कार्यों के लिए मिले सरकारी खजाने से प्राप्त धन का सदुपयोग अपनों पर करनें की चर्चाएं भी आम है। पूर्व में प्राप्त सरकारी पैसे से नगर का चहुंमुखी विकास शनै शनै किया गया। आजादी के बाद से नगर निवासियों को शुद्ध पानी मिले इसके लिए वर्तमान समय में लगभग 25 करोड़ रुपए खर्च कर नगर पंचायत क्षेत्र में तीन ओवर हैण्ड टैकं व छः ट्युब्वेल से कस्बे की 5 किलोमीटर परिधि में पाइप लाइन डालने के लिए पूर्व में जैसे तैसे बनी सडके खोदकर कनेक्शन देने का कार्य जोरों पर जारी है।इस मामले में नगर पंचायत प्रशासन का कहना है जो सडके व गलियां खुदाई से क्षतिग्रस्त होगी उसे जल निगम बना कर देगा। हालात यह है कि सड़कों के किनारे बनी नालिया सफाई न होने से पटी पड़ी है जबकि संविदा व ठेका मजदूरों की संख्या एक सैकडा से उपर तक पहुंच गई है। नगर पंचायत द्वारा कूड़े की समस्या को समाप्त करने के लिए लाखो रुपए से खरीदे गए स्टील के कूड़ेदान सड़कों के किनारे रक्खे व लुढ़के मिलेगे। पंचायत प्रशासन द्वारा उन्हें जाम कराने की जहमत नहीं उठाई गई।इन्ही सब बातों से अजिज होकर पंचायत क्षेत्र के एक संभासद द्वारा मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को आई जी आर एस के माध्यम से पंचायत प्रशासन की जांच कराने की गुहार लगाई थी।इस मामले में सूत्रों से ज्ञात हुआ कि पंचायत अध्यक्ष द्वारा नाजार सभासद को मनाया जा चुका है। मतलब सब कुछ रामभरोसे ही चल रहा।

## 93 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यामंदिर पलिया के शिक्षार्थियों का तहसील में उत्कृठ प्रदर्शन

**पलियाकलाँ-खीरी।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणामों की घोषणाओं के साथ ही अपनी उत्तम शिक्षण व्यवस्था को साबित करते हुये सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज पलिया के होनहारों ने अन्य विद्यालयों से बाजी मारते हुये विद्यालय का नाम सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र में रोशन किया है। इंटरमीडिएट कक्षाओं में निधि गुप्ता 93 प्रतिशत, संध्या राठौर 92.8 प्रतिशत व वंशिका दीक्षित ने 82 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमशः प्रथम द्वतीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं हाईस्कूल कक्षाओं में आर्यन कश्यप 91.83प्रतिशत, शिवम 91.33 प्रतिशत व शिवम राना 91.16 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह ने सभी विद्यार्थियों के परिश्रम एवं लगन के साथ आचार्यगणों की प्रशंसा करते हुये उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## मुक्ति भार्गव ने मिसेज यूनिवर्स इण्डिया 2024 का खिताब जीता



लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** मिसेज यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल 2024 का खिताब से डिप्टी सीएमओ डॉ डीआर भार्गव की पत्नी मुक्ति भार्गव ने जीत कर परिवार और जनपद का नाम रोशन किया है। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। लखीमपुर के एक निजी होटल में शनिवार को मुक्ति भार्गव के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। डिप्टी सीएमओ डॉ.डी.आर. भार्गव ने बताया कि मिसेज यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल शो ग्रेटर नोएडा में 13 अप्रैल 2024 को एसके प्रोडक्शन द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें उत्तर प्रदेश सहित भारत के अन्य प्रदेशों से आई मॉडल्स ने हिस्सा लिया था। इसके प्रोडक्शन का यह 22 वां सीजन था। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री रितु शिवपुरी ने मुक्ति भार्गव को क्राउन पहनाकर सर्टिफिकेट व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुक्ति भार्गव इससे पहले भी कई अवार्ड शो में विनर रह चुकी हैं जिसमें 2023 में मिसेज क्वीन आफ उत्तर प्रदेश का अवार्ड भी शामिल है। मुक्ति भार्गव मूल रूप से लखनऊ की रहने वाली हैं उन्होंने बताया कि उनकी इस सफलता में उनके परिवार और उनके पति डॉ. डी.आर. भार्गव का अहम योगदान है। वह संघर्ष के दिनों से ही लगातार सहयोग कर रहे हैं। जिसके फल स्वरुप उन्होंने आज मिसेज यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल अवार्ड को अपने नाम किया है। इस कामयाबी को उन्होंने अपने जनपद और अपने प्रदेशवासियों के नाम किया।

सीएम योगी का टीएमसी सरकार पर हमला

# शोभायात्रा के दौरान हिंसा सनातन आस्था को आहत करने का प्रयास

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बंगाल में रामनवमी पर शोभायात्रा के दौरान हिंसा सनातन आस्था को आहत करने की कुचेष्टा है।

उन्होंने कहा कि ...अभी राम नवमी का आयोजन संपन्न हुआ है। भाजपा शासित सभी राज्यों में राम नवमी के उत्सव और शोभायात्राएं सकुशल संपन्न हुईं लेकिन पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस की सरकार के कारण वहां राम नवमी की शोभायात्राओं पर हमले हुए हैं, यानी सनातन आस्था को आहत करने की



किस हद तक की कुचेष्टाएं हो रही हैं, यह एक बार फिर से वहां देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि हमें नहीं भूलना चाहिए की सुशासन की पहली शर्त कानून का शासन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश में और भाजपा की राज्य सरकारों ने भी सुरक्षा का बेहतर माहौल देने का काम किया है।

लोकसभा के पहले चरण के चुनाव में पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर मतदान हुआ। इस दौरान हिंसा की छिटपुट घटनाएं भी हुईं।

## यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सीएम योगी ने दी बधाई, बोले- आप सभी नए यूपी का भविष्य हैं

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की दसवीं और 12वीं की परीक्षाओं में उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है और साथ ही उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हुए परिश्रम, लगन और धैर्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। सीएम योगी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, ₹माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की 10वीं व 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और गुरुजनों को हार्दिक बधाई। आप सभी 'नए उत्तर प्रदेश' का स्वर्णिम भविष्य हैं। ऐसे ही परिश्रम, लगन और धैर्य के साथ आप सभी जीवन की हर परीक्षा में सफल हों, यही कामना है। मां शारदे की कृपा आप सभी पर सदैव बनी रहे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को यूपी बोर्ड ने दसवीं और 12वीं के रिजल्ट की घोषणा की है।

## 'कांग्रेस मुक्त भारत, सपा-बसपा मुक्त प्रदेश', कानपुर सीट से प्रत्याशी के नामांकन से पहले केशव प्रसाद मौर्य ने दिलाया संकल्प



लोकमित्र ब्यूरो

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को कानपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के नामांकन जुलूस से पहले आयोजित जनसभा में कार्यकर्ताओं को कांग्रेस मुक्त भारत और सपा बसपा मुक्त उत्तर प्रदेश का संकल्प दिलाया।

उन्होंने सभी से दोनों हाथ उठाकर मेरा बूथ ,सबसे मजबूत का नारा दिलाते हुए सबसे ज्यादा वोट लाने का वचन दिलाया। उन्होंने कहा कि सपा की साइकिल तो कानपुर में पहले ही पंक्चर हो चुकी है। इसलिए कानपुर में सपा का प्रत्याशी नहीं है और जहां तक कांग्रेस के हाथ के पंजे की बात है उसे अजय कपूर भाजपा में शामिल कर तोड़ चुके हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह चुनाव देश को पांच साल नहीं 100 साल आगे ले जाने वाला है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में कानपुर से बुंदेलखंड तक पेयजल की सभी समस्याएं खत्म की जा चुकी हैं।

# यूपी की दर्जनभर सीटों पर प्रत्याशी उतारने को लेकर सभी दलों में दुविधा बरकरार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार चरम पर है। प्रथम चरण में आठ सीटों पर मतदान हो चुका है,लेकिन अभी तक कई सीटों पर पेंच फंसा हुआ है। भाजपा,कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सभी दल करीब एक दर्जन सीटों पर प्रत्याशी उतारने को लेकर दुविधा में नजर आ रहे हैं।बसपा का तो इससे भी बुरा हाल है। भाजपा ने अभी तक जहां रायबरेली व कैसरगंज सीट पर उम्मीदवार के नाम के पत्ते नहीं खोले हैं वहीं समाजवादी पार्टी भी कन्नौज सहित पांच सीटों पर प्रत्याशी तय नहीं कर पाये हैं।राज्य की 80 सीटों में से 17 पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस भी अब तक रायबरेली व अमेठी सीट पर किसी प्रत्याशी को नहीं उतार सकी है।

समाजवादी पार्टी 80 में से 62 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। 17 सीटों पर कांग्रेस व एक सीट पर तृणमूल कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। इनमें से




57 सीटों पर सपा अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। उसे कन्नौज, फतेहपुर, कैसरगंज, बलिया व राबर्ट्सगंज में प्रत्याशी घोषित करने हैं। कन्नौज में अखिलेश यादव या फिर तेज प्रताप यादव में से कोई एक प्रत्याशी हो सकते हैं।फतेहपुर में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल या पूर्व सांसद डा.अशोक पटेल का नाम चल रहा है। बलिया में उपेंद्र तिवारी या फिर अतुल राय में से किसी एक को टिकट मिलने की उम्मीद है। सपा कैसरगंज में भाजपा के टिकट का इंतजार कर रही है, यदि भाजपा से बृजभूषण शरण सिंह का टिकट कटता है तो सपा उन्हें टिकट दे सकती है। राबर्ट्सगंज सुरक्षित सीट पर सपा कोल उम्मीदवार को उतार सकती है। भाजपा ने अभी तक रायबरेली व कैसरगंज से प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं।

उधर,रायबरेली में कांग्रेस के प्रत्याशी के इंतजार में भाजपा ने पत्ते नहीं खोले हैं। महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न मामले में कैसरगंज के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का मामला न्यायालय में चल रहा है, इसमें 26 अप्रैल को निर्णय आना है। इस कारण भाजपा ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। वहीं कांग्रेस ने भी अभी तक अपनी परंपरागत सीट अमेठी व रायबरेली पर उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं। प्रदेश संगठन ने अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली सीट से प्रियंका वाड्रा का नाम केंद्रीय नेतृत्व को भेजा है। राहुल केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

### लंग कैंसर से ग्रसित मरीज को दी नई जिंदगी

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टरों ने लंग कैंसर से ग्रसित मरीज को नई जिंदगी प्रदान की है। जिसे डॉक्टरों ने मरीज को आयुष्मान योजना के तहत इलाज कर योजना से लाभांवित किया। बता दें कि तीन महीने पहले चिकित्सालय में एक गंभीर विकलांगता वाला फेफड़े का कैंसर रोगी भर्ती हुआ। भर्ती मरीज लंग कैंसर, लिवर मेटास्टेसिस और पूरी रीढ़ सहित कई बोनी मेटास्टेसिस से ग्रसित था। मरीज भर्ती होने पर गर्दन को हिलाने में असमर्थ होने के साथ-साथ बैठने में भी भारी दिक्कत से जूझ रहा था। इसके अलावा मरीज का एलएफटी बढ़ा हुआ था। वहीं चिकित्सालय की टीम ने आयुष्मान योजना की मदद से टीकेआई और इम्यूनोथेरेपी के द्वारा उपचार किया। वहीं मरीज अब स्वस्थ है और चल फिर सकता है। शनिवार को निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ. पवन कुमार ने चिकित्सकीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि इसमें प्रमुख रूप से कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अभय प्रताप सिंह,डॉ एके गुप्ता, अन्य पैरामेडिकल एवं कर्मचारियों के सहयोग से सफल हो पाया है।

# 26 अप्रैल के बाद अमेठी-रायबरेली के 'पत्ते' खोलेगी कांग्रेस

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को और अमेठी में 20 मई को पांचवें चरण में होना है। दूसरे चरण और पांचवें चरण के बीच 24 दिनों का अंतराल गांधी परिवार के लिये सियासी रूप से बहुत चौकानें वाला हो सकता है। कयास लगाये जा रहे हैं कि वॉयनाड के मौजूदा और अमेठी के पूर्व सांसद राहुल गांधी वॉयनाड में 26 अप्रैल को मतदान होने के बाद अमेठी से चुनाव लड़ने की घोषणा कर सकते हैं। इस बात को हवा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी दी है। महाराष्ट्र के नांदेड में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा पीएम ने कहा कि राहुल गांधी पहले अमेठी छोड़कर केरल के वायनाड गए, अब उन्हें वायनाड से भी हार का डर सता रहा है। पीएम ने कहा, शहजादे अब वायनाड छोड़कर दूसरी सेफ सीट ढूंढ रहे हैं।वैसे मोदी ने इसी के साथ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर भी निशाना साधा था।

वैसे कांग्रेस पार्टी सूत्रों के अनुसार भी राहुल गांधी अमेठी से पार्टी के प्रत्याशी हो सकते हैं। पार्टी की ओर से इस बारे में संकेत भी दिया गया। सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी आगामी 26 अप्रैल के बाद अमेठी सीट से अपना नामांकन भरेंगे। तब तक दूसरे चरण में वायनाड में मतदान हो चुका होगा, जहां से वह अभी पार्टी प्रत्याशी हैं। पार्टी का मानना है कि अब भी गांधी परिवार को इन परंपरागत सीटों पर अधिक प्रचार की आवश्यकता नहीं है। शायद इसी वजह से अब तक पार्टी ने दोनों ही सीटों पर अपने पत्ते खोलने से परहेज किया है।

उधर, कुछ दिनों पूर्व अखिलेश के साथ प्रेस कांफ्रेस करते हुए राहुल गांधी ने गोलमोल जबाव देकर सस्पेंस बरकरार रखा था। अमेठी से चुनाव लड़ने पर राहुल गांधी ने कहा कि यह पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति का अधिकार क्षेत्र है और वह इसके फैसले का पालन करेंगे। जबकि भाजपा ने स्मृति ईरानी को अमेठी सीट से फिर से उम्मीदवार बनाया है।राहुल गांधी ने कहा कि सीईसी और कांग्रेस अध्यक्ष मुझ से जो भी करने को कहेंगे, मैं करूंगा। ऐसे फैसले हमारी सीईसी में होते हैं। हाल ही में अमेठी से बीजेपी उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा था कि राहुल गांधी 26 अप्रैल के बाद अमेठी आएंगे और वह धर्म और जाति के नाम पर बांटने की कोशिश करेंगे. इसके साथ ही स्मृति ईरानी ने कहा था कि राहुल गांधी से हमें सचेत रहना होगा राहुल सनातन विरोधी पहले से हैं। स्मृति ईरानी 29 अप्रैल को नामांकन करेंगी।

बहरहाल,जब कांग्रेस नेता जयराम रमेश से पूछा गया कि अमेठी-रायबरेली सीट से कांग्रेस किन्हें उम्मीदवार बनाएगी. इस सवाल पर जयराम रमेश ने कहा कि हम लोग चाहते हैं राहुल और प्रियंका गांधी अमेठी-रायबरेली से चुनाव लड़ें. ऐसा ही कांग्रेस संगठन भी चाहता है. हालांकि राहुल गांधी ने पहले ही साफ कर दिया है कि उम्मीदवारों के संबंध में कांग्रेस चुनाव समिति (सीईसी) तय करेगी.

बता दें कि माना जा रहा है कि अमेठी सीट से राहुल गांधी और रायबरेली सीट से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ सकती हैं. हालांकि अभी कोई ऑफिशियल जानकारी सामने नहीं आई है. जहां अमेठी से बीजेपी ने फिर से स्मृति ईरानी को उम्मीदवार बनाया है तो वहीं रायबरेली सीट पर बीजेपी ने प्रत्याशी के नाम का एलान नहीं किया है. उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट पर आगामी 20 मई को पांचवें चरण में मतदान होना है। आगामी 27 अप्रैल से यहां नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस वायनाड के मतदाताओं को मतदान से पहले यह संदेश नहीं देना चाहती है कि राहुल गांधी यह सीट छोड़ सकते हैं। अथवा वायनाड के विकल्प के रूप में अमेठी सीट भी है। इसलिए अभी तक कांग्रेस ने रणनीति के तहत अमेठी से पार्टी प्रत्याशी घोषणा नहीं की है। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी के साथ ही केरल की वायनाड सीट से भी चुनावी मैदान में उतरे थे। लेकिन वह अमेठी में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए थे।

# स्कूली वाहनों के फिटनेस पर फोकस, सोर्स प्वाइंट पर रोकेंग ओवरलोडिंग

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए योगी सरकार ने चुनावी महौल के बीच भी काफी गंभीर कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। इसको लेकर सीएम योगी ने परिवहन विभाग को सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सभी जनपदों में आगामी 22 अप्रैल से 4 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अंतर्विभागीय समन्वय के साथ मनाया जाएगा।

गौर हो कि ओवरस्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग और ड्रंकन ड्राइविंग सड़क दुघर्टनाओं के प्रमुख कारण होते हैं। यह एक मानव जनित आपदा है जिसे जागरुक करके ही कम किया जा सकता है। अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने




बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत प्रदेश के सभी स्कूली वाहनों का फिटनेस तथा वाहन चालकों के मेडिकल फिटनेस की जांच करायी जायेगी।

सभी शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा में छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जायेगी एवं सुड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराया जायेगा। कॉमर्शियल चालकों को हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से जारी किये जायेंगे। ओवरलोडिंग को टास्क फोर्स द्वारा सोर्स प्वाइंट ही रोका जायेगा।

### तीन बार से अधिक चालान हुआ तो निरस्त करें डीएल...!

निर्देश दिया गया है कि सभी मण्डल एवं जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से होनी चाहिये। इसके लिये सभी मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी दिन निर्धारित करें। समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं का एनालिसिस कर एक्शन लिया जाये। एक्शन का रिजल्ट धरातल पर भी दिखना चाहिये। किसी भी चालक का लगातार तीन बार से अधिक चालान होने पर उसका लाइसेंस निरस्त किया जाये।

इसके बावजूद भी उल्लंघन करने पर उसके वाहन का पंजीयन निरस्त कराया जाये। इसके अतिरिक्त जनपद में उपलब्ध क्रिटिकल केयर फैसिलिटी का भी समय-समय पर निरीक्षण करें, ताकि सड़क दुर्घटना से प्रभावित व्यक्तियों को जनपद में ही उपचार मिल सके। आपदा मित्रों को सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को बचाने की भी ट्रेनिंग दी गई है। सड़क दुर्घटना होने पर उन्हें भी सूचित करने की व्यवस्था की जाये।

### शिक्षिकाओं, छात्राओं ने मतदान करने की ली शपथ



**लखनऊ।** राजधानी में जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा निर्देशन में मतदान करने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया गया। शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये गये। जिसमें चुनावी पाठशाला वार्ड कल्बे आबिद कश्मीरी मोहल्ला,गर्ल्स इंटर कॉलेज जोन 6, वृन्दवन कालोनी कृष्ण दत्त अकैडमी डिग्री कॉलेज में किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में मतदान जागरूकता पर आधारित रैली निकाल कर कॉलोनी के सभी नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं शिक्षिाएं ,छात्रों ने शपथ लेकर पहले मतदान फिर जलपान का स्लोगन दोहराया।

## सीतापुर में कमल के खिलने की राह में रोड़ा अटका सकते हैं महेन्द्र सिंह यादव

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी(बसपा) ने सीतापुर लोकसभा से भाजपा के पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह यादव को अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव मुकाबले को रोचक बना दिया है। सीतापुर से भाजपा से वर्तमान सांसद राजेश वर्मा और सपा कांग्रेस गठबंधन से राकेश राठौर मैदान में हैं।बसपा से महेन्द्र सिंह यादव के चुनाव में उतरने से सीतापुर में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार बन गये हैं। बसपा के वोटबैंक और यादव मतदाताओं की बदौलत वह भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार राजेश वर्मा 514528 वोट पाकर विजयी हुए थे।

वहीं बसपा से नकुल दुबे 413695 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे।महेन्द्र सिंह यादव 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट से बिसवां से विधायक चुने गये थे। 2022 के विधानसभा चुनाव के ऐन वक्त उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके कारण उनको भाजपा ने टिकट नहीं दिया।महेन्द्र सिंह यादव टिकट कटने के पीछे सीतापुर सांसद राजेश वर्मा को मानते हैं। हालांकि टिकट कटने के बाद विधानसभा चुनाव में महेन्द्र यादव ने भाजपा प्रत्याशी निर्मल वर्मा के लिए गांव—गांव जाकर वोट भी मांगा था। लोकसभा चुनाव नजदीक आया तो महेन्द्र यादव लोकसभा में सक्रिय हुए और पूरे लोकसक्षा क्षेत्र का दौरा शुरू किया और पार्टी नेतृत्व से टिकट की मांग की। भाजपा ने वर्तमान सांसद राजेश वर्मा पर तीसरी बार दांव लगाया। इससे खिन्न होकर महेन्द्र सिंह यादव ने पाला बदलते हुए भाजपा छोड़कर बसपा में चले गये ओर बसपा ने सीतापुर से उन्हें अपना उम्मीदवार भी घोषित कर दिया।

### छात्र-छात्राओं ने मंच पर बांधा समां

**लखनऊ।** जीसीआरजी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में चल रहे 3 दिवसीय वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक, खेलकूद कार्यक्रमों के साथ डीजे नाईट और लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट का आयोजन हुआ जिसमें 20 से ज्यादा कॉलेज के छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्रों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आनंद लिया और उच्च क्षमता वाली टीमों ने ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र जीते। वार्षिक उत्सव के द्वितीय दिन कॉलेज में डीजे नाइट का आयोजन हुआ जिसमें प्रसिद्ध डीजे रिया और अंतिम दिन भारतीय रैपर और हिप-हॉप संगीतकार पैराडॉक्स ने सभी छात्रों के बीच समा बांध दिया।

तीसरे दिन लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट हुआ जिसमें पैराडॉक्स ने छात्र-छात्राओं के बीच समा बांध दिया। शाम को शुरू हुए कार्यक्रम में जैसे ही पैराडॉक्स ने फिल्मी और गैर फिल्मी तराने गाने शुरू किए वहां उपस्थित हुजूम उनकी धुनों पर झूमने लगा क संस्थान के छात्र अपने बीच पैराडॉक्स को पाकर बेहद उत्साहित थे।

# रायबरेली के रण में सेनाएं डटीं पर बिना सेनापतियों के रंग फीका, 26 अप्रैल से शुरू होगा नामांकन

लोकमित्र ब्यूरो

**रायबरेली।** रायबरेली जिले में नामांकन 26 अप्रैल से होना है। जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। रायबरेली संसदीय क्षेत्र के रण में सेनाएं जंग के लिए मैदान में हैं, लेकिन बिना प्रत्याशियों के चुनाव का रंग फीका है। भाजपा, कांग्रेस और बसपा ने अब तक पत्ते नहीं खोले हैं। रण में बिना सेनापतियों के ही नेता अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। पूर्व के चुनाव में नामांकन के पहले चुनाव का माहौल हमेशा बना, लेकिन अबकी बार माहौल पूरी तरह से बदला हुआ है। कहीं भी चुनाव जैसा नजारा देखने को नहीं मिल रहा है। सबको सेनापतियों की घोषणा का इंतजार है। प्रत्याशियों की घोषणा के बाद ही चुनाव का रंग चोखा होने वाला है।

### प्रियंका के आने की चर्चा, बिना घोषणा जोश नहीं

सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने के बाद प्रियंका के रायबरेली के रण में सेनापति बनने के चर्चे तो खूब हैं, लेकिन घोषणा अब तक न होने के कारण कार्यकर्ताओं में जोश देखने को नहीं मिल रहा है।

- यूं तो अंदर ही अंदर कांग्रेसी चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। सीट को बरकरार रखने के दावे भी कर रहे हैं, लेकिन प्रत्याशी को लेकर कोई मुंह नहीं खोल रहा है। बस यही कहा जा रहा है कि दमदार प्रत्याशी आएगा और कांग्रेस का प्रत्याशी ही जीतेगा।

### भाजपा में बस लोकल या बाहरी प्रत्याशी की बहस

भाजपा के कई मंत्री यहां आकर जीत के दावे कर चुके हैं। अबकी हर हाल में कांग्रेस से सीट को हथियाने की बात कह रहे हैं, लेकिन हकीकत में आम वोटरों व भाजपाइयों में लोकल या बाहरी प्रत्याशी को उतारने की ही बहस सुनने को मिल रही है। अब तक किसी को भी मैदान में उतारने के संकेत हाईकमान से नहीं मिले हैं। भले ही मनोज पांडेय, दिनेश प्रताप सिंह और अजय अग्रवाल रोजाना आम जनता के बीच पहुंचकर माहौल बनाने में जुटे हैं।

### सपा तो कांग्रेस के साथ, पर बसपा के प्रत्याशी का इंतजार

बसपा ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि रायबरेली और अमेठी में अपना प्रत्याशी उतारकर दमदारी से जंग लड़ा जाएगा, लेकिन नामांकन शुरू होने से कुछ दिन पहले तक बसपा ने भी पत्ते नहीं खोले हैं। हालांकि पिछले कई चुनावों को देखा जाए तो बसपा पूरे दम के साथ लड़ी। बसपा के प्रत्याशी टॉप-3 प्रत्याशियों में रहे। सपा इस बार भी कांग्रेस के साथ है। सपा अपना प्रत्याशी अबकी बार भी नहीं उतारेगी।

### सभी पार्टियों की बैठकें जारी, बना रहे चुनावी रणनीति

भाजपा, कांग्रेस व अन्य पार्टियों के नेता माहौल बनाने के लिए बैठकें कर रहे हैं। समर्थकों को जंग के लिए पूरी तरह से तैयार करने के लिए दम भी भर रहे हैं, लेकिन प्रत्याशियों के सवालों पर सभी चुप्पी साधे हैं। हमेशा सबसे पहले प्रत्याशी उतारने वाली कांग्रेस भी इस बार मैदान मारने में पीछे है। हो चाहे जो, इस बार चुनाव रोमांचक होने वाला है। कांग्रेस सीट छोड़ने को राजी नहीं है तो अबकी भाजपा कमल खिलाने में कसर नहीं छोड़ेंगी।

# यूपी में सपा-कांग्रेस गठबंधन की एकजुटता पर उठ रहे सवाल, फीका दिख रहा प्रचार

लोकमित्र ब्यूरो

**बहराइच।** लोकसभा चुनाव के लिए अब जब नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और भाजपा के मुकाबले के लिए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन कर चुनाव मैदान में उतरने का फैसला किया है तो उसकी एकजुटता भी कसौटी पर है।

बहराइच जिले में लोकसभा चुनाव में ऐसा पहली बार हो रहा है कि जब सामान्य से सुरक्षित सीट होने के बाद भी एक बार विजय का स्वाद चख चुकी कांग्रेस पहली बार मैदान से गायब है, जबकि लगातार विजय का इंतजार कर रही समाजवादी पार्टी मुकाबले में उतरी है।

### वर्ष 2009 में जीती थी कांग्रेस

इस संसदीय सीट के सुरक्षित होने के बाद 2009 में पहली बार यहां से कांग्रेस के कमल किशोर ने विजय पताका फहराई थी, हालांकि 2014 के



चुनाव में पार्टी के पांव इस कदर उखड़े कि वह चौथे पायदान पर पहुंच गई। 2019 में कांग्रेस ने उम्मीदवार बदलकर भाजपा सांसद रहीं सावित्री बाई फुले को चुनाव मैदान में उतारा, लेकिन उनके भी कदम चौथे पायदान से आगे न बढ़ सके। यही कारण है कि 2024 के चुनावी रण में कांग्रेस उतरने के बजाय सपा के ही पाले में सीट सौंपकर भाजपा को रोकने की अपनी जवाबदेही से मुक्त हो गई।

### सपा और कांग्रेस ने कहा मजबूती से लड़ेगा गठबंधन

गठबंधन होने के बावजूद अभी तक दोनों दलों के बीच एक बार ही समन्वय बैठक हो सकी है। कांग्रेस के ज्यादातर नेता चुनाव मैदान में उतरने के बजाय अपने घरों में विश्राम कर रहे हैं, जबकि समाजवादी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के भरोसे ही चुनावी जंग का ताना बाना बुन रही है। यही कारण है कि लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस की जुगलबंदी अभी कहीं नजर नहीं आ रही है। ऐसे में उसका गठबंधन कसौटी पर देखा जा रहा है। हालांकि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव दावा करते हैं कि उनका कांग्रेस नेताओं से निरंतर संवाद चल रहा है और उनका जमीनी स्तर पर सहयोग मिल रहा है।

### सच्चे सिपाही की तरह जुटे हैं कार्यकर्ता

कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मुस्तकीम सलमानी का कहना है कि पार्टी नेतृत्व ने गठबंधन किया है तो सच्चे सिपाही के रूप में पार्टी का कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा रहा है। चुनाव प्रचार धीमा होने के सवाल पर वह कहते हैं कि नामांकन होने के बाद चुनाव प्रचार में तेजी जाएगी।

### ललन कुमार थे कांग्रेस से दावेदार

लखनऊ से ताल्लुक रखने वाले ललन कुमार यहां से लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार के रूप में दावेदारी कर रहे थे। 2009 में चूंकि कांग्रेस ने यहां जीत दर्ज की थी। ऐसे में उन्हें ही नहीं, पार्टी नेताओं को उम्मीद थी कि यदि समझौते में 2009 की जीती हुई सीटें कांग्रेस के खाते में आईं तो उन्हें चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा, लेकिन समझौते में 2009 का चुनाव परिणाम आधार नहीं बन सका और समाजवादी पार्टी ने अपनी सुविधानुसार कांग्रेस को सीटें दी तो बहराइच को अपने ही पाले में रखना ज्यादा सुरक्षित समझा।

## विजयनगर, क्रॉसिंग रिपब्लिक, सिद्धार्थ विहार और पटेल नगर में संभाला मंत्री नरेंद्र कश्यप ने मोर्चा

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग की जीत को शत प्रतिशत बनाने के लिए पार्टी और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री भी जुट गए हैं। इसी कड़ी में शनिवार को मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विजयनगर इलाके से जुड़े आसपास के क्षेत्र में चुनावी प्रचार किया। मंत्री नरेंद्र कश्यप सबसे पहले सुबह बिहारीपुरा विजयनगर में पहुंचे, यहां थान सिंह कश्यप के यहां लोगों को संबोधित किया और अतुल गर्ग के लिए प्रचार किया। इसके बाद ग्राम डूंडाहेड़ा निकट क्रॉसिंग रिपब्लिक में रामगोपाल जाटव के आवास और मलिन बस्ती में अतुल गर्ग के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने करीब 1:00 बजे प्रताप विहार सेक्टर-11 विजयनगर में पहुंचे, यहां शिवकुमार कश्यप के घर पर लोगों से मुलाकात की और भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील की। इसके साथ ही प्रतीक ग्रैंड सिटी सिद्धार्थ विहार में राजेश गुप्ता के आवास पर पहुंचे और वहां लोगों से जन संपर्क कर वोट मांगे। इसके साथ ही दोपहर के लिए तीन बजे खजान की धर्मशाला पटेल नगर में ओबीसी समाज के लोगों को एकत्रित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील भी की गई।

### मोदी को चुनेगी गाजियाबाद की जनता

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए जनता फिर एक बार विश्वास के साथ मतदान करेगी। साथ ही गाजियाबाद की लोकसभा सीट पर भी भाजपा और अतुल गर्ग को बड़ी विजय मिलेगी। उन्होंने कहा है कि पार्टी का एक-एक पदाधिकारी नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए जुटा हुआ है।

# प्रशिक्षण प्राप्त कर मतदान को सकुशल संपन्न कराएं: जिला निर्वाचन अधिकारी

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के उद्देश्य से शनिवार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक सूरज पटेल की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों (पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी प्रथम) को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान कार्मिकों से कहा की पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें और जो कुछ शंका हो उसका समाधान अपने मास्टर ट्रेनर से कर लें। उन्होंने कहा कि जनपद में 20 मई को मतदान होना है उस समय भीषण गर्मी रहेगी आप सभी लोग अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए मतदान को सकुशल संपन्न करायेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए आप सभी की पूर्ण जिम्मेदारी होगी इसलिए मतदान के दिन क्या करना है क्या नहीं करना है तथा ईवीएम/वीवीपैट से संबंधित समस्त जानकारी पूर्ण मनोयोग से हासिल कर लें जिससे मतदान के दिन आप लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जितने अच्छे ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे उतना ही बेहतर मतदान संपन्न करा पाएंगे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण को प्राप्त करें जो भी जिज्ञासाएं हैं उसका समाधान यहीं पर कर ले। इस दौरान उन्होंने मतदान कार्मिकों से सवाल जवाब भी किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईवीएम संबंधित विशेष बिंदुओं जैसे पीठासीन के कार्य, कितने प्रकार के लिफाफे जमा करते हैं, ईवीएम को जोड़ने का सही क्रम क्या है, एएसडी सूची क्या है, 17ए क्या है, 17सी क्या है, टेंडर वोट क्या है, चैलेंज वोट क्या है, वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में कौन-कौन सी मशीनें रहती हैं आदि का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू से लेकर अंत तक दिखाई गई और नए अपडेट्स के बारे में भी बताया गया। आज प्रथम दिवस के प्रशिक्षण में 936 मतदान कार्मिकों में से 920 मतदान कार्मिक उपस्थित रहे तथा 16 अनुपस्थित रहे। इस अवसर पर उक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, सहायक प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण अजय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## साहिबाबाद में पूर्व वैज्ञानिक की बहन का फ्लैट में मिला शव

लोकमित्र ब्यूरो



**साहिबाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के लाजपतनगर स्थित जी ब्लॉक में शुक्रवार रात पूर्व वैज्ञानिक की बहन गीता (39) का शव फ्लैट में फर्श पर पड़ा मिला। भाई काफी देर से बहन के शव के पास बैठे थे। पड़ोसी की सूचना पर पुलिस और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। भाई को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। लाजपतनगर में रहने वाले किशोर कुमार नैयर (49) करीब पांच साल पहले साउथ अफ्रीका में वैज्ञानिक थे। नौकरी छूटने के बाद वह अपनी बहन गीता (39) के साथ फ्लैट में रहते हैं जबकि दूसरी बहन दीपा राजेंद्रनगर सेक्टर तीन में परिवार के साथ रहती हैं।शुक्रवार रात करीब 9:00 बजे दीपा ने पड़ोसी को छोटी बहन गीता से बात करने के लिए फोन किया। कुछ देर बाद पड़ोसी उनके फ्लैट पर पहुंचे और दरवाजा खोलने के लिए खटखटाया तो भाई और बहन ने काफी देर तक कोई जवाब नहीं दिया। शक होने पर पड़ोसी ने धक्का मारकर दरवाजा खोला तो सामने फर्श पर गीता का शव पड़ा हुआ था, जबकि उसके पास रखे बेड पर किशोर बैठे हुए थे। पड़ोसी ने किशोर से घटना के बारे में पूछने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने कुछ नहीं बताया। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना तुरंत फोन से दीपा को दी। दूसरी तरफ डायल 112 पर पुलिस को मामले की सूचना दी गई। महिला की हत्या की सूचना पर अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पूरे फ्लैट की जांच की और घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। कुछ देर बाद साइंटिस्ट की बहन दीपा और परिजन प्रमोद व कृष्णा मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सभी से घटना के बारे में पूछताछ की लेकिन कोई महत्वपूर्ण तथ्य सामने नहीं आया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### पांच गांव में हुई भाजपा की नुक्कड़ सभा

**एटा।** शुक्रवार को एटा लोकसभा चुनाव के अंतर्गत मारहरा विधानसभा में मारहरा,श्योराइ, मरथरा, चौथामील एवं पिलुआ में भारतीय जनता पार्टी की नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया रहे। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के एटा लोकसभा के प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया एवं मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी ने किया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए सांसद राजवीर सिंह राजू भैया ने जनता को केंद्र सरकार की योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया साथ ही उन्होंने एटा लोकसभा में उनके द्वारा किए गए विकास कार्य एवं केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजना एवं परियोजना को उनके प्रयास द्वारा एटा लोकसभा में विकास कार्य शुरू होने पर जनता को नुक्कड़ सभा के माध्यम से विस्तार पूर्वक बताया।

## गोपाल कृष्ण अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ मेगा कैंप का आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर क्षेत्र में नमो सेवा केंद्र के माध्यम से भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को पूरा कर रहे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल के नेतृत्व में लगाए गए नोएडा सेक्टर 36 स्थित कम्युनिटी सेंटर कैंप में लगभग डेढ़ सौ से अधिक परिवारों के विभिन्न सदस्यों ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली तथा पात्र पाए गए व्यक्तियों ने योजना का लाभ प्राप्त किया इसमें से 32 से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड तुरंत बना कर दे दिए, और 12 लोगों के ई श्रम कार्ड भी लाभार्थी परिवारों को देकर गोपाल जी द्वारा सम्मानित किया गया।

तथा उनके लाभ को लेने के लिए उन्होंने हर संभव जानकारी दी। साथ ही नमो सेवा केंद्र के द्वारा लगाए गए इस कैंप में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के बारे में भी बताया गया। इस केंद्र के मुख्य अतिथि गोपाल कृष्ण अग्रवाल रहे । इसका आयोजन नमो सेवा केंद्र नोएडा सेक्टर 36 की RWA अध्यक्ष श्री अनीता सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए गोपाल अग्रवाल ने मतदाता जागरूकता के लिए जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में है, उन लोगों को वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से मोबाइल की सहायता से अपना नाम घर बैठे ही चेक करने की जानकारी दी। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए एवं भारत के लोकतंत्र को मजबूती बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में वोट डालने की अपील की और जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

## संक्षेप

### अल्फा 2 में रामलला की हुई प्राण-प्रतिष्ठा



नोएडा। अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष अनुसन्धान केंद्र अल्फा 2 तपोभूमि परिसर मे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा बड़े धूमधाम से हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्री राम जी के मूर्ति की प्राण–प्रतिष्ठा विधि विधान से की गई। तत्पश्चात हवन प्रसाद का वितरण हुआ। जिसमे गुरुदेव सम्पूर्णानंद मिश्र , वरिष्ठ समाजसेवी अरुण गौड, पुलकित महाराज, विनोद पाण्डेय, साधु महाराज नेतृपाल एवं अनेक सेक्टर वासियो ने प्रसाद प्राप्त किया और आनंद उठाते हुए जय श्री राम के जयकारे लगाए।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लाट बेचने के नाम पर करोडो रुपयो की ठगी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



नोएडा थाना फेस–3 पुलिस द्वारा, धोखाधडी व फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लाट बेचने के नाम पर करोडो रुपयो की ठगी करने वाले अभियुक्त कमल सिंह पुत्र स्व0 तीरथ सिंह को थाना फेस 3 पर पूछताछ के लिये बुलाया गया था। पूछताछ के बाद अभियुक्त की मुकदमा उपरोक्त में संलिप्तता पाये जाने पर अभियुक्त को धारा 419/ 420/ 467/ 468/ 471/120 बी भादवि से अवगत कराते हुये गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त अपने साथियों के साथ मिलकर जनता के साथ प्लाट बेचने के नाम पर फर्जी व्यक्ति व दस्तावेज तैयार कर करोडो रुपये की ठगी की है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### इनामी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

नोएडा। थाना फेस 2 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये मु0अ0सं0 997/19 धारा 354/354डी/376/506 भादवि के अंतर्गत 10,000 रूपये का इनामी वांछित अभियुक्त रसनाथ उर्फ छोटू पुत्र शिवराज को कुलेसरा पुश्ता के पास से गिरफ्तार किया गया है।

### 25 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

अमेठी। शनिवार को उ0नि0 प्रदीप कुमार मिश्रा थाना जायस मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त राजेन्द्र पुत्र बरातीलाल निवासी ग्राम अल्ताफगंज थाना जायस जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष को पूरे उसरहा मोड़ के पास से समय करीब 09 :45 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 25 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जायस पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### 15 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। शनिवार को उ0नि0 जंगबहादुर यादव थाना रामगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त मो0 दिलशाद पुत्र मेंहदी हसन निवासी धरौली मधुपुर थाना कोहडौर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 29 वर्ष को रेलवे क्रासिंग आलमपुर के पास से समय करीब 12 :40 बजे दिन गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबन्ध में थाना रामगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों में एफएसटी, एसएसटी सक्रियता के साथ कार्य कर रही

एटा। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सूचित किया है कि आयोग के निर्देश के क्रम में जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों में एफएसटी, एसएसटी सक्रियता के साथ कार्य कर रही हैं। टीमों द्वारा अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर वाहनों की सघन चैकिंग की जा रही है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत जनपद में चार विधानसभाएं (103–अलीगंज, 104–एटा, 105–मारहरा, 106–जलेसर) अवस्थित हैं, जिसमें प्रत्येक विधानसभा में एफएसटी, एसएसटी, वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो विविंग टीम कार्यरत हैं, जो निर्वाचन से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रख रही हैं।आयोग की मंशानुसार सम्पूर्ण जनपदभर में आदर्श चुनाव आचार संहिता का अनुपालन कराया जा रहा है। प्रत्येक बूथ पर अधिकारियों, कर्मचारियों को भेजकर मूलभूत सुविधाएं भी आयोग की मंशानुसार व्यवस्थित कराई गई हैं। सभी मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र में निर्धारित तिथि पर अपने पोलिंग स्टेशन पर जाकर मतदान अवश्य करें।

### जिलाधिकारी ने मण्डी समिति पहुंचकर प्रेक्षकगणों को ईवीएम स्ट्रांगरूम सहित अन्य व्यवस्थाओं से अवगत कराया

एटा। जिलाधिकारी एंव जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने शनिवार को अपरान्ह में मण्डी समिति पहुंचकर आयोग द्वारा आगरा लोकसभा क्षेत्र हेतु तैनात किए गए पुलिस प्रेक्षक एन0एस0 निशा आईपीएस, सामान्य प्रेक्षक आगरा लोकसभा वरुण रंजन आईएएस को ईवीएम स्ट्रांगरूम, बैरीकेटिंग सहित पार्टी रवानगी एवं ईवीएम सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं से अवगत कराया। डीएम ने कहा कि आयोग द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिए गए हैं, उनको अक्षरशः अनुपालन कराते हुए लोकसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान एवं मतगणना को कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेक्षकगणों को मण्डी समिति में आगरा लोकसभा क्षेत्र की जलेसर विधानसभा हेतु ईवीएम स्ट्रांगरूम हेतु चिन्हित किए गए स्थल, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल, वाहनों की पार्किंग, वैरीकेटिंग आदि के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ईवीएम की कमिश्निंग का कार्य मंडी समिति में ही किया जाएगा, आगरा लोकसभा क्षेत्र में में तृतीय चरण में 07 मई को मतदान होना है।

## यूपी बोर्ड मे अमेठी के छात्रों का रहा बोलबाला



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जनपद मे यूपी बोर्ड के इण्टरमीडियेट परीक्षा-2024 मे छात्रो का बोलबाला रहा ।शहर के श्री शिव प्रताप इण्टरमीडियेट कालेज अमेठी मे गुलाब चौहान पुत्र बलराम 96-4%,जसवन्त पुत्र कमलेश कुमार 95-6%,निशान्त तिवारी पुत्र सर्वेश कुमार 92-8%,आयुष कुमार पुत्र अनिल शर्मा 92-6% रहा। कालेज मे ग्यारह छात्रो ने अव्वल स्थान प्राप्त किया है ।

श्री शिव प्रताप इण्टरमीडियेट कालेज अमेठी की यूपी बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा 2024 मे टापर छात्र रहे। जिसमे सेजल तिवारी पुत्री बिजय तिवारी 95-6%,हिमांशु प्रजापति पुत्र उदयराज प्रजापति 94-3%,हिमांशु मिश्र पुत्र सन्तोष मिश्र 94%,जुनैद अहमद पुत्र हकीम अहमद 94%रहा। स्थानीय जंग बहादुर सिंह इण्टरमीडियेट कालेज ककवा अमेठी मे पिंकी यादव पुत्री राजेश यादव94-60%,अनुपम यादव पुत्र जय प्रकाश 94-20%,अनुज प्रजापति पुत्र श्रीनाथ 92-60%,अनुप कुमार पुत्र सन्तोष कुमार 92-60%,कोमल पुत्री अनिल कुमार 92-20%,खुशी पुत्री सन्तोष कुमार 92-20% हासिल किया है।

स्कूल के प्रबंधक रजवन्त सिंह ने शिक्षक और अभिभावक को बधाई दी। जिनके सहयोग से संस्थान शिखर पर है। पर्यावरण बिद प्रोफेसर डॉ अर्जुन पाण्डेय ने टापर छात्राओ को बधाई दी। एमएलसी गोविन्द नारायण शुक्ल उर्फ राजा बाबू ने शिक्षक,अभिभावक और छात्राओ को बधाई दी है। उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### विकसित भारत के लिए जीत की नहीं लीड की लड़ाई लड़नी होगी चुनाव को लेकर भाजपा की हुई बैठक

**मछली शहर।** भारतीय जनता पार्टी सीहीपुर मछली शहर के जिला कार्यालय जौनपुर पर लोकसभा चुनाव मुद्दे एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामविलास पाल जी ने किया बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश संगठन के महामंत्री राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य जी विशिष्ट अतिथि लोकसभा प्रभारी हरिओम मिश्रा जी व बैठक का संचालन जिला महामंत्री लोकसभा संयोजक डॉ अजय कुमार सिंह ने किया बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमरपाल मौर्य जी ने कहा हमको जीत कि नहीं लीड की लड़ाई लड़नी होगी पार्टी ने जो जीत का लक्ष्य रखा है 4 जून 400 के पार उसको पाने के लिए कार्यकर्ताओं को अपना-अपना भूत बूथ को बड़ेअंतर से जितना होगा जिसके लिए बूथ अध्यक्ष व पन्ना प्रमुखों को अपने-अपने बूथ पर मतदाताओं के निरंतर संपर्क बनाए रखना होगा।

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी हरौला एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** गांव हरौला शर्मा मार्किट स्थित निवासी ब्राह्मण शिरोमणि पंडित मांगेराम शर्मा की भतीजी एव वरिष्ठ पत्रकार जगदीश शर्मा की पुत्री एव वरिष्ठ नेता काँग्रेस सतेन्द्र शर्मा एव प्रदेश सदस्य यतेंद्र शर्मा की बहन की शादी के अवसर पर आशीर्वाद देने पहुँचे।

सतेन्द्र शर्मा ने बताया की हमारे चाचा जगदीश शर्मा पत्रकार की पुत्री का विवाह 20 अप्रैल शाम को होना है चुनाव में व्यस्त होने के कारण बेटी को आशीर्वाद देने सुबह 11.30 बजे आवास पहुँचे । प्रमोद तिवारी ने आयु चंचल शर्मा को आशीर्वाद दिया और परिवारजनों से मुलाकात की,इस मौके पर उपस्थित महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव से गौतमबुद्धनगर लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की और सगठन को मजबूत बनाने के लिए निर्देशित किया,वहाँ सभी काँग्रेस कार्यकर्ताओ को मजबूती से चुनाव प्रचार प्रसार में महेनत करने के लिए कहा,इस अवसर पर पँडित मांगें राम शर्मा,पंडित जगदीश शर्मा पत्रकार,वरिष्ठ नेता काँग्रेस सतेन्द्र शर्मा,अल्पसंख्यक के सचिव लियाकत चौधरी, महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव, प्रदेश सदस्य यतेद्र शर्मा,नेता दयाशंकर पांडेय, प्रदेश पूर्व आउटरीच के महासचिव विक्रम चौधरी, नेता जितेंद्र शर्मा, विनोद गुप्ता, महावीर अवाना,गिरिश शर्मा,रविन्द्र शर्मा,अमन इफोर्ट के पत्रकार अकरम चौधरी, उद्योगपति वरिष्ठ समाजसेवी पंडित मुकेश शर्मा, अरुण प्रधान, अक्षय शर्मा, सौरभ शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा,सचिन शर्मा, त्रुधन, सहित लोग उपस्थित रहे,वहाँ सभी ने प्रमोद तिवारी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

## तिरंगा यात्रा और रैली के माध्यम से दिया गया जन जागरूकता संदेश

लोकमित्र ब्यूरो



**नोएडा।** सामाजिक संस्था युवा शक्ति - वाईएसएस फॉउंडेशन और सनब्रीज पब्लिक स्कूल द्वारा राष्ट्रीयता और देशभक्ति के रंग में चुनाव के पर्व पर तिरंगा यात्रा और रैलियां निकाल कर राष्ट्रीय गौरव और इस तरह के आयोजन मतदान का दिन नागरिकों को अपने देश के प्रति कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करना हैं।

संस्था के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया की लोगों को एक साथ लाकर सामुदायिक भावना को मजबूत बनाना और लोगों को सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करना और उन्हें सामाजिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए लोगों को यह सिखाते रहना कि मिलकर हम बड़ी से बड़ी समस्याओं का भी समाधान कर सकते हैं, साथ ही लोगों में सकारात्मकता और उत्साह का संचार कर अपने सपनों को पूरा कर देश के विकास में योगदान दें सकते है एवं युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

सनब्रीज़ स्कूल के प्रबंधक ने कहा की कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न सामाजिक मुद्दों और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए, लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जानकारी प्रदान करना हैं।लोगों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में शिक्षित करते रहना चाहिये।

कार्यक्रम का उदेश्य न केवल राष्ट्रीय भावनाओं को जागृत करना बल्कि लोगों को सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करने और उन्हें एकजुट करने में भी मदद करना है। इस तरह के आयोजन राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज के कार्यक्रम मे 2000 से ज्यादा लोगों ने भाग ले कर राष्ट्र निर्माण मे अपनी भागीदारी के लिए आमंत्रीत किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल प्रधानाचार्य मोनिका चौहान, प्रबंधक जितेंद्र चौहान, गोपाल गुप्ता, विक्रम सेठी, मनीष पांडे, रेनू तोमर, अजय चौहान, ऋषभ गुप्ता, संदीप यादव, हिमांशु, निधि जैन, सुमित ठाकुर, रेखा भाटिया, चंचल शर्मा, छात्रों एवं अध्यापकों के साथ साथ स्थानीय निवासी आदि लोग सम्मिलित रहे।

### मंत्री नरेंद्र कश्यप ने संभाला लाइनपार इलाके में चुनावी मैनेजमेंट

**गाजियाबाद।** 26 अप्रैल को गाजियाबाद लोकसभा सीट का मतदान होना है और मतदान से पहले सभी पार्टी के पदाधिकारी और प्रत्याशी मेहनत कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अतुल गर्ग के लिए लाइनपार के कई इलाकों में प्रचार किया और वोट मांगे। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अतुल गर्ग को वोट करें। लोग जाति और लाभ हानि छोड़कर भारतीय जनता पार्टी को विजई बनाने पर जोर दें । इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विजयनगर क्रॉसिंग रिपब्लिक, ढूंढहेडा, प्रताप विहार सेक्टर-11, प्रतीक ग्रैंड सिटी सिद्धार्थ विहार और खजान की धर्मशाला पटेल नगर सहित अन्य इलाकों में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार किया और लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की।

## अखिल भारतीय चित्रगुप्त कायस्थ महासभा द्वारा भगवान श्री राम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय चित्रगुप्त कायस्थ महासभा रजि0 कन्हैया कुंज छपरौला द्वारा रामनवमी के पावन अवसर पर कन्हैया कुंज के चित्रगुप्त मन्दिर में भगवान श्री राम परिवार सहित सभी इष्ट माता देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर भगवान श्री राम जन्मोत्सव समारोह को धूम धाम से मनाया गया, उक्त समारोह में चित्रांश परिवार से यजमान अशोक कुमार श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष, महिला विंग की अध्यक्षा श्रीमती लक्ष्मी श्रीवास्तव, सचिव श्री विनय कुमार कुलश्रेष्ठ, महिला विंग की कोषाध्यक्ष श्री मति रीना कुलश्रेष्ठ, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, अविनाश कुमार श्रीवास्तव, अंकित कुमार श्रीवास्तव, मयंक कुमार श्रीवास्तव, अनय श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव, खुश्बू श्रीवास्तव, अलका श्रीवास्तव, अनन्या श्रीवास्तव, आनवी श्रीवास्तव, राशि श्रीवास्तव, वान्या कुलश्रेष्ठ जेन्या कुलश्रेष्ठ , कान्हा कुलश्रेष्ठ , उपस्थिति रहे ।वहीं सोसायती से तन्वी हेल्पिंग ग्रुप से राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय चौहान, राष्ट्रीय सचिव पूजा चौहान ,प्रेम सिंह चौहान सपरिवार, मोहन लाल, श्रीमती सुनीता देवी ,ललित ,मोंटी,नितिन, श्रीमती सीता देवी सपरिवार, श्रीमती दुलारी देवी सपरिवार, श्री तेजपाल सिंह सपरिवार, श्रीमती आरती अवस्थी सपरिवार, श्रीमती मंजू देवी मौर्य सपरिवार, दीपक सपरिवार , व्यास यादव सपरिवार, विश्वजीत सपरिवार, अनिल कुमार सपरिवार , श्रीराम सपरिवार, ऋषिकेश सपरिवार, सुजाय सपरिवार, अरुण कुमार सपरिवार,के साथ ही कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### कबाड़ गोदाम में लगी आग, आठ वाहन आए चपेट में, दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी में बीती रात एक कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। आग की चपेट में करीब सात से आठ वाहन आ गए। सुबह तक दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार खोड़ा थाना क्षेत्र में एक कबाड़ गोदाम में शुक्रवार रात करीब 2:15 बजे आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए वहां मौजूद खड़े वाहनों में भी पहुंच गई। सूचना मिलने पर वैशाली और साहिबाबाद से दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि कबाड़ गोदाम में आग लगने से करीब 7-8 वहां जल गए हैं। हालांकि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। सुबह सात बजे तक दमकल कर्मी आग पर काबू पानी के बावजूद निगरानी के लिए मौजूद रहे।

# राज सिंह ने चौथा तो श्रेया मिश्रा ने छठवां स्थान प्राप्त कर यूपी में लहराया जिले का परचम

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (यूपी बोर्ड) ने शनिवार को दसवीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया। प्रयागराज के राज सिंह सिविल लाइंस स्थित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र है। उन्होंने जनपद का नाम रोशन किया है। राज सिंह स्टेट मेरीट लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने 600 में 587 अंक हासिल किए हैं।

राज फतेहपुर जनपद के धाता के रहने वाले हैं। उनके पिता किसान हैं। राज सिंह कहते हैं कि हम सभी छात्रों को पढ़ाई के दौरान प्रतिदिन क्लास में जाना चाहिए। टीचर्स की बात माने। प्रतिदिन का काम उसी के दिन पूरा करें और सफलता जरूर मिलेगी।वहीं कोरांव तहसील के पंडरिया गांव निवासी श्रेया मिश्रा पुत्री दीपक मिश्रा ने इंटर की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले में गांव का नाम गौरवान्वित किया है। श्रेया के पिता दीपक मिश्रा शिक्षक है। श्रेया 94.8त्न प्राप्त किया है। श्रेया की मां अर्चना मिश्रा कुशल गृहिणी हैं। श्रेया परीक्षा में सफलता के बाद मेडिकल की तैयारी को लेकर कोटा राजस्थान में पढ़ाई कर रही हैं। 10वीं 11 व 12 की शिक्षा सरदार पटेल इन्टर कालेज सिकरो से उत्तीर्ण कर जिले में प्रथम तो प्रदेश में 6 वां स्थान प्राप्त किया है।यूपी बोर्ड के इंटर के टॉपर की टॉप टेन लिस्ट में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली नैनी की की आस्था सिंह प्रशासनिक सेवा के माध्यम से देश की सेवा करना चाहती हैं। उनको जब टॉप करने की सूचना मिली तो वह घर पर नहीं थी। वह परिवार के साथ अपने मौसी के यहां एक शादी समारोह में गई हुई है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद अप बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर प्रयागराज का नाम रोशन करने वाली आस्था सिंह का सपना आईएएस बनकर देश की सेवा करना है।वह जिले में दूसरे नंबर पर हैं और प्रदेश के टॉपर में टॉप टेन की सूची में सातवां स्थान उन्हें मिला है। नैनी के श्रमिक बस्ती की रहने वाली आस्था के पिता एक प्राइवेट इंटर कॉलेज में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। उनके पिता केशव सिंह एक इंटर कॉलेज में नौकरी करते हैं। जबकि मां शकुंतला देवी एक ग्रहणी है। आस्था दो बहनों में दूसरे नंबर की हैं। आस्था ने हाई स्कूल में भी जिले में पहला और प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया था। उनका कहना है कि वह 6 से 8 घंटे पढ़ाई करती हैं।





## अनुपस्थित एवं विलंब से ड्यूटी मिलने वाले कर्मचारियों का प्रथम प्रशिक्षण 22 को

**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-प्रथम का प्रशिक्षण 18, 19 एवं 20 अप्रैल को आयोजित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों एवं ऐसे कर्मचारी जिन्हें मतदान कार्मिक ड्युटी विलम्ब से प्राप्त हुई है, का प्रथम प्रशिक्षण 22 अप्रैल को प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक विशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एण्ड कालेज एवं मेरी लूकस स्कूल एण्ड कालेज आयोजित किया गया है।

उक्त दोनों कालेजों में तैनात सुपर मास्टर ट्रेनर, मास्टर ट्रेनर, रिजर्व मास्टर ट्रेनर एवं अन्य प्रशिक्षण कार्य में नियुक्त कार्मिक पूर्व की भाँति समय से अपने-अपने कक्ष में उपस्थित रहकर प्रशिक्षण कार्य सम्पादित करायेंगे। उक्त दोनों विद्यालय पूर्व प्रशिक्षण दिवसों की भाँति खुलेंगे। टेन्ट, फर्नीचर, साउण्ड, लाइट, प्रोजेक्टर, लैपटॉप, पेयजल, यातायात आदि व्यवस्थाएं पूर्ववत् सम्बन्धित विभाग और अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जायेंगी।

# यूपी बोर्ड के इंटर में कोड़ापुर की छात्रा ने जिला टाप करके किया नाम रोशन

लोकमित्र ब्यूरो

**फूलपुर।** गांवो में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है जिले में एक से बढ़ कर एक टापर स्कूल है जहा पढ़ाई और कोचिंग के नाम पर अभिभावक लाखो रुपए खर्च करके अपने बच्चो का भविष्य संवारने में लगे है किंतु फूलपुर क्षेत्र के कोड़ापुर गांव के दुलमापुर मोहल्ले की रहने वाली किसान के घर की एक छात्रा ने बिना किसी कोचिंग के केवल घर पर और स्कूल में पढ़ाई करके यूपी बोर्ड के इंटर मीडिएट परीक्षा के परिणाम में शनिवार को सब को चौका दिया। फूलपुर विकास खंड के कोड़ापुर गांव के दुलमापुर मोहल्ला के रहने वाले महेंद्र कुमार पटेल वर्तमान समय में प्रतापगढ़ जनपद में सफाई कर्मचारी है उनकी पत्नी अनु पटेल घर पर रहकर खेती किसानी का काम देखती है उनकी बड़ी पुत्री रिमझिम पटेल घर पर रहकर घर में मां के साथ खेती किसानी में हांथ बटाने के साथ बच्चाराम यादव इंटर मीडिएट कालेज बाबूगंज में इंटर की पढ़ाई करती थी स्कूल से आने के बाद घर पर मन लगाकर पढ़ती थी उसने कही कोई कोचिंग भी नही किया इस वर्ष इंटर की परीक्षा दिया था ।शनिवार को जब यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित हुआ तो रिमझिम पटेल 500 अंक में से 484 अंक पाकर मौके यूपी बोर्ड के उत्तर प्रदेश में 6 वा स्थान पाकर सब को चौंका दिया जब की प्रयागराज जनपद में इसका सबसे पहला स्थान बताया जा रहा है जानकारी मिलते है विद्यालय के लोग उसे स्कूल बुलाकर उसे माला पहना कर स्वागत किए घर वापस आने पर परिजनों ने खुशियों का इजहार करते हुए उसका स्वागत करते हुए मिष्ठान वितरण कर उक्त प्रतिभाशाली छात्रा का उत्साह वर्धन करते हुए उसे आगे की पढ़ाई में हर संभव मदत करने का आश्वासन दिए। इस मौके पर उक्त प्रतिभाशाली छात्रा से पूछने पर की यह चमत्कार कैसे हुआ की जिला में आप टाप कर लिए तो उन्होंने माता पिता और गुरु का आशीर्वाद बताया जब उनसे पूछा गया कि आगे क्या करना चाहती है तो उसने कहा सिविल सर्विस की तैयारी करके आई ए एस बनकर गांव का समाज का और देश की सेवा करना चाहती हूं।



# सुधांशु मिश्रा ने क्षेत्र का नाम किया रोशन

लोकमित्र ब्यूरो

**बहरिया,प्रयागराज ।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में बहरिया विकास खंड के छात्र छात्राओं का शानदार प्रदर्शन रहा। प्रदेश की टाप टेन की सूची में स्थान के साथ जिले की टापटेन में आधा दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं ने नाम रोशन किया है। हाईस्कूल में बहरिया विकास खंड के केदारनाथ नगरहा इंटर कालेज कहली के सुधांशु मिश्रा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त किया है। सुधांशु के पिता अवनीश कुमार मिश्रा शिक्षक हैं और माता बिंदु मिश्रा गृहणी हैं। सुंधाशु मिश्रा आईएएस बन कर देश की सेवा करना चाहते हैं। सुधांशु सफलता का श्रेय गुरूजनों और अपने माता पिता को दे रहे हैं। बीएल सतचौरी शैल कांवेट इंटर कालेज बाबूगंज सिकंदरा की विदुशी ने हाईस्कूल में 96.83प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की टाप टेन की लिस्ट में 10 वां स्थान ले आया है। विदुशा के पिता रमेश कुमार शिक्षक हैं। विदुशी डाक्टर बन कर लोगों की सेवा करना चाहती है।नईम उद्दीन मेमोरिएल इंटर कालेज सुल्ताना पुर की कशिश यादव ने 96.50 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले की सूची में सातवां स्थान बनाया है। सूरसती सहादेव गुप्ता इंटर कालेज बाबूगंज की छात्रा रिसिता गुप्ता का भी 96.50 प्रतिशत अंक के साथ जिले में सातवां स्थान है। बीएल सतचौरी शैल कांवेट इंटर कालेज बाबूगंज की मनतशा 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया है। भोलानाथ रामसुख पटेल इंटर कालेज विकास नगर किरांव की अलका ने 96.17 प्रतिशत अंक के साथ 9 वां स्थान, नईमउद्दीन मेमोरिएल इंटर कालेज सुल्तानापुर की खादीजा बानो भी 96.17प्रतिशत अंक के साथ 9वां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार इंटर में जीपी मेमोरिएल इंटर कालेज शीतलपुर कमला के छात्र एस मिश्रा ने 95.80 प्रतिशत अंक के साथ जिले में 5वां, बीएल सतचौरी शैल कांवेट कालेज बाबूगंज की रूपाली धनगर 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में 6वां एवं सृष्टि भी 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त का 6वां स्थान प्राप्त किया है। सूरसती सहादेव गुप्ता बाबूगंज की लक्ष्मी सरोज95.40 अंक के साथ 7वां तथा नईमउद्दीन मेमोरिएल इंटर कालेज सुल्तानापुर की रिया ने 95 प्रतिशत अंक के साथ जिले में 9वां स्थान प्राप्त किया है। जिले में आंठवा स्थान पाने वाली मनतशां ने बताया कि आज मैं बहुत खुश हूं मैं इसके लिये सरस्वती ज्ञान मंदिर कोचिंग के डायरेक्टर दयाराम का शुक्रिया करती हूं उन्हीं के दिशा-निर्देश से मुझे यह स्थान मिला है।



# चुनाव के मद्देनजर उतरांव पुलिस ने कसी कमर,1600 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

## 10 महीने के अंदर पांच दर्जन से अधिक संगीन अपराधों में वांछित भेजे गए जेल

लोकमित्र ब्यूरो

**हंडिया।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उतरांव पुलिस ने शांति ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए अपराधिक लोगों पर बड़ी कार्रवाई की है। क्षेत्र के गावों में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए 1600 लोगों को जहां पुलिस ने पाबंद किया है वहीं एक दर्जन लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट तथा लगभग पांच दर्जन लोगों के खिलाफ धारा 110 मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। काबिले गौर बात यह है कि थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी 14 जुलाई 2023 को थाने का चार्ज लिया है। तब से शत प्रतिशत अपराधी सलाखों के पीछे है। बड़ी वारदातों का तुरंत खुलासा और अपराधी पकड़ कर तत्काल जेल भेजें गयें है।बताया जाता है कि उन्होंने थाने का चार्ज लिया तो सर्वप्रथम थाने पर आने वाले दलालों की छुट्टी कर दी। जिससे थाने पर भीड़ बहुत कम हो गई । जिसकी वजह से चाय और नाश्ते की दुकान को बिक्री के अभाव की वजह से बंद करना पड़ा। थानाध्यक्ष के द्वारा 10 महीने के अंदर संगीन अपराधों में वांछित 60 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें सलाखों के पीछे जाना पड़ा है। यहीं भर नहीं 10 महीने के अंदर थानाध्यक्ष की त्वरित और तेज कार्रवाई से घटित संगीन वारदातों में अपराधियों को 24 घंटे के अंदर जेल जाना पड़ा है। 18 मार्च 2024 की रात को मोतिहां गांव के युवक रंजीत कुशवाहा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 19 मार्च को पुलिस ने रंजीत के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

घटनास्थल पर मिले एक चश्मे की वजह से थानाध्यक्ष ने 24 घंटे के अंदर वारदात को अंजाम देने वाले को गिरफ्तार कर जेल भेज कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। इसी प्रकार क्षेत्र के दमगड़ा गांव में 7 मार्च 2024 को मामूली बात को तूल पकड़ा कर दो समुदाय के लोग आपस में भीड़ गए। जिसमें थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों से संगीन धाराओं में वांछित आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 13 नवंबर 2023 को क्षेत्र के छबिलहां गांव में अनिल कुमार श्रीवास्तव की परिवार के लोगों ने हत्या कर दी थी। थाना अध्यक्ष ने आरोपित चारों अभियुक्तों को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 24 अक्टूबर 2023 को बेनीपुर गांव के पास अवधेश यादव को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। जिसमें वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 13 अगस्त 2023 को उतरांव पुलिस ने शराब तस्करों से लगभग 25 लाख की शराब को बरामद किया। 30 मार्च 2024 को बाइक चोरों के गिरोह को दबोच कर पुलिस ने 13 बाइकें बरामद किया। पकड़े गए बाइक चोर कई थाना क्षेत्रों में बाइक चुराकर पुलिस की नाक में दम कर दिया था।




# बिपिन ने वर्मा क्लब को जिताया



**प्रयागराज।** बिपिन पाल के हरफनमौला खेल (50 रन एवं तीन विकेट) की बदौलत वर्मा क्लब ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब को 21 रन से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।चक हरिहरवन झूंसी स्थित बीपीएससी मैदान पर खेले गए मैच में वर्मा क्लब ने 28.4 ओवर में 160 रन (बिपिन पाल 50, अमोघ पाण्डेय 33, अंसर कुशवाहा 22, लक्ष्य 6/17) बनाए। जवाब में नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्लब की टीम 29.1 ओवर में 139 रन (शिवम पटवा 48, लक्ष्य 21, बिपिन पाल 3/16, अमोघ पाण्डेय 3/20) पर सिमट गई।

# नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की प्रथम जीत

**प्रयागराज।** नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के तत्वाधान में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा के फुटबॉल मैदान पर आज ÷गोल÷ फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग के आजके मैच में नॉर्दन फुटबॉल अकादमी ने नैनी बॉयज को 2-0 से हराकर प्रथम जीत दर्ज कीद्ध मध्यांतर तक विजेता टीम एक गोल से आगे थी।

अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार शक्षम ओराओं ने एकल प्रयास से प्रथम एवं शक्षम के पास रुद्रांश ने दूसरा गोल किया।

प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार सक्षम को मिला। अभी तक सभी टीमों ने कुल दो दो मैच खेले है जिसमे विष्णु भगवान के 6 अंक, नॉर्दन अकादमी के 4 अंक,फाफामऊ के एक अंक, नैनी` फ़ के शून्य अंक है

# रिटायर्ड पुलिसकर्मियों ने एसीपी के सामने रखी अपनी व्यथा

## अपर पुलिस आयुक्त प्रयागराज एन0 कोलांची ने दिया समस्याओं के निवारण का आश्वासन

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस लाइन्स के सभागार पुलिस पेंशनर्स की बैठक आयोजित की गई जिसमे पेंशनर्स ने अपनी समस्याओं को अपर पुलिस आयुक्त के सामने रखा।बताते चले कि पुलिस विभाग से सेवा निवृत्त हुए कान्स0, सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर, उपाधीक्षक आदि को सेवा निवृत्ति के उपरांत किसी प्रकार की कोई समस्या हो तो उसके निवारण के लिए प्रत्येक तिमाही यह बैठक आयोजित की जाती है। जिसमे पुलिस के आला अधिकारी वहाँ उपस्थित रहकर उनकी हर तरह की समस्याओं को सुनते है और उसपर प्रभावी कार्यवाही भी करते है। आज पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में अपर पुलिस आयुक्त एन0कोलांचि, पुलिस उपायुक्त गङ्गा नगर अभिषेक भारतो, उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेंद्र पांडे सहित सेवा निवृत आईजी पुलिस के0पी0सिंह, सेवा निवृत्त पुलिस अधीक्षक ए0के0 पांडेय, ए0के0 निगम मंचासीन रहे।

पेंशनर्स की अधिकतर समस्याएं उनके इलाज पर खर्च की गई धनराशि के दावा प्रपत्रों के शीघ्र निस्तारण से सम्बंधित होती है। कुछ समस्या उनके निवास स्थान पर हो रही समस्याओं की होती है जिनके निराकरण हेतु सम्बन्धित थाना प्रभारी को निर्देशित किया जाता है। जहां तक मेडिकल रिम्बर्समेंट की बात है तो पुलिस अधिकारियों ने तत्काल सम्बन्धित लिपिक को बुलाकर वर्तमान प्रगति देखी तथा क्यो लंबित है, कहां लंबित है इसकी जानकारी लेकर उसके तुरंत निस्तारण के लिए आश्वासन दिया।

अपर पुलिसआयुक्त प्रयागराज एन0कोलांची ने सभी पेंशनर्स से कहा कि वे बारी बारी से अपनी समस्याओं को उनके सामने अपना परिचय देते हुए रखे।पुलिस आईजी के पद से रिटायर हुए के0पी0सिंह ने शुरुआत की। पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान के अध्यक्ष ने अनुरोध किया कि जिन लोगो की फाइल जिस स्तर पर लंबित है उन्हें शीघ्र निस्तारित करने की व्यवस्था की जाय।




# नुक्कड़ सभाओं से भाजपा के पक्ष में बनाएंगे माहौल

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** लोकसभा 52 प्रयागराज के रामपुर स्थित केंद्रीय कार्यालय में आज लोकसभा संयोजक शिवदत्त पटेल की अध्यक्षता में नुक्कड़ सभा और सोशल मीडिया के विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों की बैठक हुई। मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा के प्रभारी मनोज जयसवाल ने आगामी लोकसभा में होने वाले सोशल मीडिया सम्मेलन एवं शक्ति केंद्र स्तर पर होने वाले नुक्कड़ सभा के कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। मनोज जयसवाल ने बताया नुक्कड़ सभा प्रत्येक शक्ति केंद्र पर होनी है जिसकी व्यवस्था वहां के स्थानीय कार्यकर्ता सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सोशल मीडिया के वोलंटियर सम्मेलन को लेकर उन्होंने कहा की बूथ स्तर तक के सोसल मीडिया कार्यकर्ता सम्मेलन में सहभाग करेंगे। इसकी संरचना बनाई जाए ऐसा निर्देश उन्होंने विधानसभा पदाधिकारियों को दिए। बैठक में संयोजक सोशल मीडिया हनुमान पांडेय, विधानसभा सोशल मीडिया प्रमुख मधुमिता नाथ, आईटी संयोजक चंदन भट्ट, सतीश, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राजकुमार मिश्र, समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# रेजोनेंस एंड रिदम राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का उद्घाटन गांधी कला वीथिका मे आज

**प्रयागराज।** भारत फाइन आर्ट अकादमी कानपुर द्वारा आयोजित रेजोनेंस एंड रिदम (प्रतिध्वनि एवं लय) राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का उद्घाटन 21 अप्रैल को शाम 4ः00 बजे गांधी कला वीथिका उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर नारायण अग्रवाल के कर- कमलों से होगा। इसमें देश के 18 प्रसिद्ध कलाकारों की कुल 72 शानदार कलाकृतियां प्रदर्शित होंगी जो प्रयागराज के कलाकारों का उत्साह वर्धन करेगीं।

संस्था के निदेशक सुमित ठाकुर ने बताया कि विख्यात् कलाकारों में प्रो. डॉ सुनील सक्सेना, अनूप कुमार सिंह लखनऊ, अनिल सोनी, खुशबू उपाध्याय सोनी मथुरा, कमलेश वर्मा मुंबई, मो.सुलेमान समस्तीपुर, सौमिक नन्दी,पायल चक्रवर्ती नंदी कोलकाता, सुमित ठाकुर, आर.एस.पांडेय कानपुर, राजीव सेमवाल फरीदाबाद, शचिकांत झा दिल्ली, रवीन्द्र कुशवाहा, डॉ सचिन सैनी, अर्चना पांडेय, डॉ.कावेरी विज़, सर्वेश पटेल, शिवम प्रजापति प्रयागराज के अद्भुत चित्रों की प्रदर्शनी रसास्वादन लिए प्रदर्शित होगी। इस भव्य राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का संयोजन कलाकार अर्चना पांडेय कर रही हैं। राज्य ललित कला अकादमी के निवर्तमान कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा के संरक्षण में यह प्रदर्शनी प्रयागराज के कला प्रेमियों हेतु दिनांक 24 अप्रैल तक प्रातः 11ः00 बजे से सायं 6ः00 बजे तक खुली रहेगी।

# दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को मिली जीत




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने भानु प्रताप सिंह क्लब को 35 रन से हराकर संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। दौलत हुसैन मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 19.5 ओवर में 172 रन (अब्दुर रहमान 53, ऐमन सिद्दीकी 45, अविनाश यादव 23, प्रवेश सिंह 3/23, अक्ष श्रीवास्तव 3/24, दिव्यांश यादव 2/24, सुब्रत प्रसाद तिवारी 2/29) बनाये। जवाब में भानु प्रताप सिंह क्लब की टीम 16.3 ओवर में 137 रन (सुब्रत प्रसाद तिवारी 48, अथर्व प्रजापति 32, शुभम वर्मा 19, अखिलेश यादव 4/41, मोहम्मद हम्माद 2/14, ऐमन सिद्दीकी 2/21, अविनाश यादव 2/25) पर सिमट गई। ऐमन सिद्दीकी को पूर्व रणजी क्रिकेटर राकेश मिश्र ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। प्रतियोगिता में रविवार दौलत हुसैन कॉलेज का मुकाबला एसके क्लब से दोपहर एक बजे से होगा।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में मनाया गया अग्निशमन सेवा सप्ताह, साथ ही शहीद वीरों को किया नमन

लोकमित्र ब्यूरो

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार के केन्द्रीय सुरक्षा औद्योगिक बल (सीआईएसएफ) की फायर विंग के सौजन्य से अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक किया गया। इस साप्ताहिक आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर अग्नि से सुरक्षा व अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने व बचाव के विषय में जागरूक करने का प्रयास किया गया। समापन समारोह के दौरान सीआईएसएफ के द्वारा अग्नि दुर्घटनाओं के दौरान घायल व्यक्ति को दुर्घटना स्थल से निकाले जाने के विभिन्न रेस्क्यू मेथड, गैस दुर्घटना, इलैक्ट्रिक फायर, ऑयल पाइप में लगी आग तथा केबल गैलरी के अग्नि दुर्घटना की रोकथाम के लिए अग्नि सुरक्षा प्रदर्शन किया गया।साथ ही पूरे सप्ताह के दौरान नारा व निबंध लेखन, ड्राइंग व प्रश्नोत्तरी आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिनमें अमोलिका, हार्दिक, अंशिका, नंदिनी, काजल, आदित्य, रिया, सुमित, आंचल, माधुरी, रत्नप्रिया, शेफाली, सोनिया, ज्योति, पूनम, सूर्यांश, गार्गी, साक्षी, नेहा, रणवीर, संजीत, गगन, मुकुल, अभिमन्यु, प्रदीप, रोहित व सुरेश ने पुरस्कार प्राप्त कर अग्निशमन सेवा सप्ताह को सफल बनाया। अग्निशमन सेवा सप्ताह समापन समारोह में एनटीपीसी ऊंचाहार के परियोजना प्रमुख श्री मनदीप सिंह छाबड़ा व प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब की अध्यक्षा श्रीमती तरुणा छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी को संबोधित करते हुए श्री छाबड़ा ने अग्निशमन सेवा सप्ताह के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं और साथ ही कहा कि सीआईएसएफ की फायर विंग सदैव एनटीपीसी ऊंचाहार की सुरक्षा के लिए तत्पर रहती है, ये ही कारण है कि फायर सेफ्टी के दृष्टिगत अग्नि से सुरक्षा सुनिश्चित हो पाती है। इस साप्ताहिक कार्यक्रम में सीआईएसएफ की फायर विंग की ओर से प्लांट व टाउनशिप के विभिन्न स्थानों पर अग्नि से बचाव के कई जागरुकता कार्यक्रम चलाए गए, जो वास्तव में सराहनीय हैं।पूरे कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री अतुल कमलाकर देसाई, महाप्रबंधक (प्रचालन) श्री राजेश कुमार, प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती ऊर्जस्वला देसाई, डिप्टी कमांडेट (सीआईएसएफ) श्री प्रतीक रघुवंशी, अस्सिस्टेंट कमांडेंट आर एस सिरोही, अन्य विभागाध्यक्ष तथा सीआईएसएफ कर्मचारी व उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सीआईएसएफ इंस्पेक्टर राम सुरेश ने किया।



# जेलों में बंद कैदी भी हुए कामयाब

## 10वीं में 89 तो 12वीं 87 कैदी हुए उत्तीर्ण

**प्रयागराज।** रामपुर, गाजियाबाद, आगरा, लखनऊ की जेल सहित उत्तर प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद कैदी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शनिवार को यहां यूपी बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी किये जिसके मुताबिक, 10वीं कक्षा की परीक्षा में गाजियाबाद की जेल से 17, आगरा जेल से आठ, मथुरा जेल से छह, रामपुर जेल से पांच, बरेली जेल से नौ और लखनऊ जेल से नौ कैदी परीक्षा में शामिल हुए और ये सभी उत्तीर्ण हुए। यूपी बोर्ड के मुताबिक, प्रदेश के 30 जनपदों की जेलों में बंद कुल 91 कैदी 10वीं की परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 89 कैदी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इसके अनुसार इसी तरह, 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 105 कैदी शामिल हुए जिसमें से 87 उत्तीर्ण हुए। विज्ञप्ति के मुताबिक, 12वीं की परीक्षा में सबसे अधिक 21 कैदी गाजियाबाद से शामिल हुए जिसमें से 17 कैदी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इसके अनुसार इसी तरह, बुलंदशहर की जेल से 11 कैदी परीक्षा में शामिल हुए और इसमें से 10 उत्तीर्ण हुए। विज्ञप्ति के अनुसार हरदोई जेल से परीक्षा में शामिल हुए सभी चार कैदी उत्तीर्ण हुए।

# जलवायु परिवर्तन पर ओम द हॉलिस्टिक कॉन्क्लेव का आयोजन जयपुर में

**प्रयागराज।** बदलते पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन का असर इस समय पूरे देश के मौसम में दिखाई दे रहा है। कही हीट वेव, कही भूकंप, और बेमौसम बारिश का असर जन हानि के रूप में रौद्र रूप ले रहा है। इसी क्रम में विगत वर्ष की भांति 21 अप्रैल को रीजनल साइंस सेंटर ऑडिटोरियम में शख्सियत पत्रिका एवं थर्ड आई न्यूज नेटवर्क के संयुक्त तत्वाधान में ओम द हॉलिस्टिक कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक डॉक्टर दीप्ति शर्मा ने बताया कि इस एक दिवसीय संगोष्ठी में देश भर से आए पर्यावरणविद, आध्यात्मिक गुरु एवं प्रकृति संरक्षण पर कार्य कर रहे बुद्धजीवी भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, डायमंड गेस्ट स्वपन बोस, विधायक एवं महामंडलेश्वर बालमुकुंदचार्य, आचार्य वीरेंद्र पुरोहित आदि शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क रहेगा।

# भाजपा की कथनी और करनी में आकाश-पाताल का फर्क- आनंद भदौरिया



लोकमित्र ब्यूरो

**हरगांव,सीतापुर।** भाजपा झूठ, फरेब और जुमलों की राजनीति करती है। उसकी कथनी और करनी में आकाश और पाताल का सिर्फ अंतर है। भाजपा बीते दस सालों से डबल इंजन की सरकार का ढिढ़ोरा पीट रही है, लेकिन इन दस सालों से जिस तरह से गरीबों, किसानों और नौजवानों के साथ धोखा किया जा रहा है, उससे हर कोई त्राहि-त्राहि कर रहा है।

यह बात धौरहरा संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने शनिवार को हरगांव विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही। क्षेत्र के शेखापुर, अख्तियारपुर, बक्सोहिया, गुरधपा, परसेहरा, पिपरामील, क्योटीकलां, कबीरपुर, कटियारा, सलारपुर आदि गांवों में आयोजित जन सभाओं को संबोधित करते हुए सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि समाजवादी पार्टी बदले की नहीं बल्कि विकास की राजनीति करती है। सपा सरकार ने हमेशा गरीब पिछड़े, दलितों, किसानों एवं मजदूरों के हित में काम किया है। सपा प्रत्याशी ने पुलिस के डॉयल नंबर को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा ने डॉयल 100 की व्यवस्था बनाई थी, लेकिन भाजपा ने इसका नंबर बढ़ाकर इसे 112 कर दिया और पुलिस वालों ने भी उसी अनुपात में अपनी वसूली का स्तर बढ़ा दिया है।जन सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अनिल वर्मा ने कहा कि बीते दस सालों में विकास के नाम पर भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार ने विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया है। भाजपा सरकार में अराजकता चरम पर है। डबल इंजन की इन सरकारों में हर व्यक्ति इस कदर परेशान है कि अब लोगों ने इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जुट गया है। इस बार केंद्र में गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। गठबंधन सरकार बनने के बाद धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा। इसलिए आप सभी लोग एकजुट होकर सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के पक्ष में मतदान कर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाने का काम करें। जन सभाओं को अनिल भार्गव, कांग्रेस नेत्री ममता वर्मा, फुरकान खां आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जितेंद्र शुक्ल विजय वर्मा, लाल सिंह यादव, अनिल भार्गव, महेंद्र यादव, राजेश भदौरिया, कपिल मिश्रा, अमरजीत सिंह, रवि कौशल, क्रांति मिश्र आदि मौजूद रहे।

## कायमपुर के अमन कुमार इंटर में 89.6 अंक पाने से गांव में खुशी

बारा, कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद का रिजल्ट शनिवार को जैसे ही वेबसाइट में आया वैसे ही विद्यार्थियों में खुशी के माहौल के साथ



अपना अपना रिजल्ट देखने के लिए विद्यार्थी उत्सुकता के देखने के उतावले दिखे उसी में अमन कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी कायमपुर को पता चला गांव में माता पिता के आशीर्वाद के साथ गांव में खुशी का माहौल छा गया और अमन कुमार ने बताया कि इसी प्रकार डी.डी.पब्लिक इंटर कॉलेज के विद्यार्थी हूं और विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं के आशीर्वाद से मुझे यह सफलता मिली और विद्यालय के प्रधानाचार्या पुष्पा रानी विश्वास के साथ साथ गांव लोग बधाई दे कर उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# परिवार नियोजन को लेकर जिले में चलेगी उम्मीद परियोजना



**सीतापुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोबियस फाउंडेशन एवं पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। इस क्रम में उम्मीद परियोजना का शुभारम्भ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनूप श्रीवास्तव ने सीएमओ कार्यालय सभागार में किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम जिले में परिवार नियोजन के साथ ही अन्य कार्यक्रम के उददेश्यों को भी पूरा करने में सहायक होगा। साथ में उन्होंने कहा कि इस साझा कार्यक्रम से परिवार नियोजन परामर्श और सेवाओं की पहुंच में वृद्धि होगी। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की राज्य निदेशक शिल्पा नायर ने बताया कि उम्मीद परियोजना का उद्देश्य जनपद में जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में परिवार नियोजन कॉर्नर की स्थापना करना, आरोग्य मंदिर और उप केंद्रों को परिवार नियोजन किट प्रदान करना, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं और परामर्श के लिए स्वास्थ्य प्रदाताओं, एएनएम और आशाओं को प्रशिक्षित करना है।इसके साथ ही कम उम्र में विवाह, किशोर गर्भावस्था, नए तरीकों और पुरुष सहभागिता सहित गर्भनिरोधक विकल्पों के बारे में जागरूकता अभियान आयोजित करना है जोकि मातृ तथा शिशु स्वास्थ्य में सुधार करने में सहायक होगा। मोबियस फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा आकार परियोजना वर्तमान में 8 जिलों में चलाई जा रही है जो कि जनसंख्या स्थिरीकरण पर आधारित हैं। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सलाहकार बीके जैन ने बताया कि काउंसलिंग कॉर्नर की सहायता से परिवार नियोजन की काउंसलिंग में गुणवत्ता आयेगी और परिवार नियोजन की स्वीकार्यता भी बढ़ेगी। इस मौके पर परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रबंधक जावेद खान, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के बलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल कन्या शिक्षण संस्थान गोडैचा हाई स्कूल में प्राप्त किया आठवां और नौवां स्थान



लोकमित्र ब्यूरो

**महमूदाबाद,सीतापुर।** जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद के थाना सदरपुर इलाके के गोडैचा से रेउसा जाने वाले मार्ग पर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल कन्या शिक्षण संस्थान में तीन छात्राओ ने हाई स्कूल में प्रदेश स्तर पर आठवां और नौवा स्थान प्राप्त किया। रिया वर्मा,लकी राज वर्मा, गोल्डी वर्मा, हाई स्कूल परिणाम में प्रदेश में यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही हल चल मच गयी है और वही सभी स्कूलों के हाई स्कूल, इंटर मीडिएट का परिणाम शनिवार को घोषित हुआ ।अबकी बार लोक सभा चुनाव की दृष्टि से पूरे प्रदेश में महमूदाबाद तहसील के गांजर क्षेत्र में कालेज जहा पर गरीब किसान मजदूर के बच्चे पढ़ते है अभिभावको की यह भी शिकायत रहती थी कि समय से फीस भी नही जमा हो पाती है पर कालेज का रिजल्ट देखकर यह लगता है कि बच्चो में काफी उत्साह वर्धन किया जाता है गरीब के बच्चो को निशुल्क भी पढ़ाया जाता है अबकी बार सरदार वल्लभ भाई पटेल कन्या शिक्षण संस्थान का नाम पहली बार पूरे प्रदेश में स्थान प्राप्त किया और शिक्षको की कड़ी मेहनत का असर दिख रहा है विद्यालय का अनुशासन कालेज के प्रधानाचार्य दिलीप सिंह व प्रबंधक उत्कर्ष वर्मा ने बताया की आज बहुत खुशी का दिन हैं प्रदेश स्तर पर छात्राओ ने विद्यालय का नाम रोशन किया अठवा पर नौवा स्थान पाकर बच्चो के चेहरे पर खुशी छा गई है और सभी बच्चों के परिजनो और गुरुजनों के द्वारा छात्राओ को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई और उनको माला पहना कर स्वागत किया मिठाई खिलाई कालेज के सभी अध्यापकों ने बधाई दी।

# परिवार नियोजन को लेकर जिले में चलेगी उम्मीद परियोजना

एसीएमओ ने किया शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

**सीतापुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोबियस फाउंडेशन एवं पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। इस क्रम में उम्मीद परियोजना का शुभारम्भ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनूप श्रीवास्तव ने सीएमओ कार्यालय सभागार में किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम जिले में परिवार नियोजन के साथ ही अन्य कार्यक्रम के उददेश्यों को भी पूरा करने में सहायक होगा। साथ में उन्होंने कहा कि इस साझा कार्यक्रम से परिवार नियोजन परामर्श और सेवाओं की पहुंच में वृद्धि होगी। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की राज्य निदेशक शिल्पा नायर ने बताया कि उम्मीद परियोजना का उद्देश्य जनपद में जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी में परिवार नियोजन कॉर्नर की



स्थापना करना, आरोग्य मंदिर और उप केंद्रों को परिवार नियोजन किट प्रदान करना, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं और परामर्श के लिए स्वास्थ्य प्रदाताओं, एएनएम और आशाओं को प्रशिक्षित करना है।इसके साथ ही कम उम्र में विवाह, किशोर गर्भावस्था, नए तरीकों और पुरुष सहभागिता सहित गर्भनिरोधक विकल्पों के बारे में जागरूकता अभियान आयोजित करना है जोकि मातृ तथा शिशु स्वास्थ्य में सुधार करने में सहायक होगा।
मोबियस फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा आकार परियोजना वर्तमान में 8 जिलों में चलाई जा रही है जो कि जनसंख्या स्थिरीकरण पर आधारित हैं। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सलाहकार बीके जैन ने बताया कि काउंसलिंग कॉर्नर की सहायता से परिवार नियोजन की काउंसलिंग में गुणवत्ता आयेगी और परिवार नियोजन की स्वीकार्यता भी बढ़ेगी। इस मौके पर परिवार कल्याण कार्यक्रम के प्रबंधक जावेद खान, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के बलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# डॉ. बनकर समाज की सेवा करना करना चाहता हूँ-अभय वर्मा

लोकमित्र ब्यूरो

**महमूदाबाद,सीतापुर।** महमूदाबाद तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर के प्रधान मनोरमा वर्मा एवं प्रधान प्रतिनिधि व क्षेत्र पंचायत सदस्य डॉक्टर जितेंद्र वर्मा के पुत्र अभय वर्मा ने हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में 93.66 अंक पाने वाले अभय वर्मा ने सीता चिल्ड्रन एकेडमी इंटर कॉलेज की सफलता का श्रेय कॉलेज के समस्त शिक्षक गणों को दिया और उन्होंने बताया कि हमारे कॉलेज के हाई स्कूल को पढ़ने वाले समस्त अध्यापकों ने मुझे प्रोत्साहित कर सदैव अच्छा मार्गदर्शन दिया और हर कठिन से कठिन प्रश्न का समाधान किया जिसका आज जीता जागता उदाहरण देखने को मिल रहा है।हमने सालभर दिन रात बोर्ड परीक्षा की तैयारी करते हुये कड़ी मेहनत करके 562 अंक( 93.66त्न) हासिल करके सफलता प्राप्त किया। मेरी जिज्ञासा है कि मैं डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहता हूं और समाज के हित में कार्य करना चाहता हूं इससे यह लगता है की कॉलेज का रिजल्ट देखकर अभय वर्मा में काफी उत्साह दिखा है शिक्षकों की कड़ी मेहनत का असर भी दिख रहा है विद्यालय का अनुशासन कॉलेज के चैयरमैन आर के बाजपेई ने बताया



की कॉलेज परिवार के लिए आज बहुत खुशी का दिन है हमारे कॉलेज के ज्यादा से ज्यादा छात्रों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है और मनोरमा वर्मा पत्नी जितेंद्र वर्मा ने बताया की आज मुझे गर्व के साथ कह रहा हूं कि कि आज मुझे बहुत खुशी है क्योंकि हाई स्कूल का रिजल्ट देखकर अभय स्कूल परिवार और गांव समाज,तहसील, जिले का नाम रोशन किया है ग्रामीणों के द्वारा अभय वर्मा को माला पहनकर मिठाइयां खिलाते हुए स्वागत करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया और अभय के माता-पिता ने कॉलेज परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं दिया।

# नंदिनी मौर्य ने क्षेत्र का किया नाम रोशन

लोकमित्र ब्यूरो

**रामपुर मथुरा,सीतापुर।** यूपी परीक्षा बोर्ड में विकास खण्ड रामपुर मथुरा के पंडित संतोषी लाल शुक्ल इंटर कॉलेज चांदपुर बाजार की नंदनी मौर्य ने हाईस्कूल में यूपी की टॉप टेन लिस्ट में अपना नाम रोशन किया है जिसको 96.83 परसेंट मार्क्स मिले हैं जो कॉलेज का नाम रोशन करके क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।



वही छोटेलाल मिश्र बालिका इंटर कॉलेज रामपुर मथुरा की आयुषी वर्मा को इंटरमीडिएट में 94.8 प्रतिशत मार्क्स मिले हैं तथा इंटरमीडिएट का छात्र अरुणांशु वर्मा को 94.94 प्रतिशत । तथा हाई स्कूल में राजू को 94 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

रानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामपुर मथुरा की हाई स्कूल की छात्रा शिवानी देवी को 88 परसेंट तथा निधि सिंह को 87 पॉइंट 5 परसेंट तथा इंटरमीडिएट के शिवम मौर्य को 86.2 तथा सावित्री देवी को 83.8 परसेंटनंबर मिलकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। राम जानकी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की हाई स्कूल के छात्र महक वर्मा को 90.6 परसेंट तथा शिवम प्रजापति को 90.6 परसेंट मार्क मिलकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

वही बाबा बालक राम इंटर कॉलेज गोंडा देवरिया के हाई स्कूल की छात्रा रोशनी को 95.83 परसेंट तथा उत्कर्ष मौर्य को 95 पॉइंट 83 परसेंट तथा इंटर के छात्र प्रांचल तिवारी को 90.2त्न तथा सुमन देवी को 90त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# मजदूरों, मज़लूमो की सशक्त आवाज़ थे गया प्रसाद भूषण- वृंदारकनाथ मिश्र




**बिसवां,सीतापुर।** वरिष्ठ समाजसेवी, लोकतंत्र सेनानी, श्रमिक नेता गया प्रसाद भूषण की तृतीय पुण्यतिथि पर साहित्य सृजन संस्थान द्वारा स्थापित सृजन पुस्तकालय में याद कर गोष्ठी हुई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। उनकी स्मृतियों पर प्रकाश डाला गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद वृन्दारकनाथ मिश्र ने कहा भूषण जी शोषित पीड़ित वंचित वर्ग की एक सशक्त आवाज़ थे। वरिष्ठ समाजसेवी गंगा स्वरूप मिश्र ने कहा कि गया प्रसाद भूषण को किसी सांचे मे बांध कर नही रखा जा सकता। उन्होंने श्रमिकों के हितो की रक्षा के लिए आपातकाल का विरोध कर जेल गये। हमारे लोकतंत्र संविधान की रक्षा की। शिक्षक राकेश शुक्ल ने कहा गया प्रसाद भूषण के व्यक्तित्व् से हमे समाज़ सेवा करने की प्रेरणा मिलती हैं। रामचंद्र वर्मा ने कहा कि भूषण जी ने समाज़ मे किसी भी वर्ग के साथ हो रहे अन्याय का मुखर होकर विरोध किया। अधिवक्ता आनंद मेहरोत्रा ने कहा निःस्वार्थ भाव से शोषित वंचित लोगो की सेवा करनी चाहिए। अधिवक्ता मनोज गुप्ता ने कहा स्व भूषण एक महान व्यक्तितव् थे। पवन कुमार मिश्र ने कहा कोरोना काल मे अपनी सम्मान राशि दान कर गरीबो को राशन देकर जनसरोकार निभाए। गोष्ठी का संचालन संदीप मिश्र सरस ने किया ।ब्रज भूषण पाण्डेय ने आभार एवं धन्यवाद किया।इस अवसर पर आफ़ताब अहमद,विकास अवस्थी,दिनेश वर्मा,विशाल वर्मा,उपस्थिति रहे।

# घटिया सामग्री से किया जा रहा आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण



**पहला,सीतापुर।** जहां एक तरफ सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, वही दूसरी तरफ ग्रामीण अंचल में विकास करने की बात करते है सूबे के मुखिया साफ सुथरी सरकार चलाने का दावा करते हैं, तो वहीं दूसरी तरफ जनपद सीतापुर के विकास खण्ड पहला के जिम्मेदार अधिकारी उनकी छवि धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, भष्टाचार को लेकर एक नहीं तमाम मामला जनपद सीतापुर की ब्लॉक पहला क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में देखा जा सकता है, ताजा मामला जनपद सीतापुर की ब्लाक पहला क्षेत्र की ग्राम पंचायत लोधौरा राजा साहब का है, इस ग्राम पंचायत के गांव मनिकापुर के प्राथमिक विद्यालय मनिकापुर के परिसर में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र में ठेकेदार द्वारा मानक विहीन निर्माण कराया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र के पिलरों में 12द्धद्ध सरिया की जगह पर 8द्धद्ध की सरिया व मौरंग,सीमेंट की मात्रा को कम करके सिर्फ और सिर्फ बालू का मसाला लगाया जा रहा है।इस पूरे प्रकरण को लेकर मौके पर पहुंच कर मीडिया कर्मियों द्वारा खण्ड विकास अधिकारी पहला विकास सिंह को जानकारी दी, तो उन्होंने अपने पद का रौब दिखाते हुए मामले को दिखवाने की बात कही लेकिन ग्राम पंचायत के किसी भी जिम्मेदार को मौके पर नही भेजा।वही अगर सूत्रों की मानें तो ठेकेदार के द्वारा इस मामले से जुड़े सभी संबंधितों को पहले से ही अपनी जेब में छिपा कर रखा है, हालाकि पूरे मामले को लेकर जिले के उच्च अधिकारीयों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन अब देखना होगा कि ऐसे भ्रष्ट ठेकेदारों का भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई होती है। मामले को लेकर लीपापोती की जाती है ।

# हर घर तक कांग्रेस का न्याय पत्र लेकर पहुंच रहे यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता

## सरेनी विधानसभा में अभिनव तिवारी संगम के नेतृत्व में यूथ कांग्रेस ने संभाला चुनावी मोर्चा



लोकमित्र ब्यूरो

**सरेनी/रायबरेली –** सरेनी विधानसभा में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता घर, घर जाकर कांग्रेस का न्याय पत्र पहुंचा रहे है। इस पत्र में कांग्रेस के पांच प्रमुख न्याय और 25 गारंटी की चर्चा की गई है।पांच प्रमुख न्याय में युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की बात की गई है। इसमें प्रमुख रूप से युवा न्याय के तहत 30 लाख सरकारी नौकरी, अग्नि वीर योजना रद्द और सेना में पुरानी भर्ती प्रक्रिया बहाल करने की बात, नारी न्याय के तहत हर जरूरतमंद महिलाओं को सालाना ₹100000 एवं आशा बहनों ,आंगनवाड़ी, मिड डे मील बनाने वाली बहनों का वेतन दोगुना करने की बात, किसान न्याय के तहत एमएसपी की लीगल गारंटी, कर्ज माफी आयोग का गठन और कृषि यंत्र पर जीएसटी माफ करने की बात की गई है ।श्रमिक न्याय के तहत न्यूनतम मजदूरी दर ₹400 और श्रमिको को मुक्त स्वास्थ्य सुविधाएं एवं बीमा की बात की गई है, हिस्सेदारी न्याय के तहत जाति जनगणना के साथ-साथ एससी एसटी ओबीसी आरक्षण पर बात की गई है। इस न्याय पत्र के साथ यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता जीतेंद्र द्विवेदी ,अंकित त्रिवेदी ,सुमित कुमार, हुजैफा हाशमी धीरज पाल आदि कार्यकर्ता काफी उत्साहित दिखे।

# परास की नादिया परवीन बनी विद्यालय की टॉपर

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम शनिवार को जारी किया गया। विकास खंड कड़ा के परास में स्थित श्री हाजी अब्दुल खालिक इंटर कालेज की छात्रा नादिया परवीन ने 93.6: अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर बनी। विद्यालय के प्रबंधक व जिला पंचायत सदस्य मुंसब अली उस्मानी ने टॉपर छात्रा को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इसी तरह विकास



खंड कड़ा के सयारा में स्थित बाबू सिंह इंटर कॉलेज मे इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में शमीम अहमद 449 अंक पाकर पहला स्थान प्राप्त किया, श्रेष्ठता सिंह को 448 को दूसरा , इल्हेसा सिद्दिकी 434 के साथ चौथे व निशा देवी 424 अंक पाकर पांचवें स्थान पर रही । हाई स्कूल में प्रिंस कुशवाहा ने 486 नंबर के साथ प्रथम , प्रज्ञा कुमारी 474 , ज्योति व सफिया ताहिर को 474 के साथ तीसरा व कशिश को 457 चौथा और 438 अंक पाकर वफा नाज ने पांचवा स्थान प्राप्त किया।

# उदय श्याम सिराथू में इंटर में अमन सोनकर ने 95.40 फीसदी अंक प्राप्त कर जनपद में हासिल किया चौथा स्थान


## हाईस्कूल मे सेफ्ता बानो ने 95 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में किया टॉप



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू कस्बे में स्थित उदय श्याम इंटर कालेज मे बोर्ड परीक्षा में इंटर मीडिएट में अमन सोनकर ने 95.40 फीसदी अंक प्राप्त कर जनपद में चौथा स्थान हासिल किया। विद्यालय की छात्रा सेफ्ता बानो ने हाईस्कूल में 95 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। परीक्षा मे अव्वल आने वाले टाप दस बच्चों को विद्यालय के प्रबंधक उमेश केशरवानी ने माला पहना कर सम्मानित किया। शनिवार को यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सिराथू के उदय श्याम इंटर कॉलेज में छात्रों ने बाजी मारते हुए जनपद में स्थान हासिल किया । हाईस्कूल की परीक्षा में सेफ्ता बानो ने 95: के साथ पहला स्थान , मानसी 94.33,: दूसरा स्थान , सेजल तीसरा 94.2: , काव्या केसरवानी 93.66: चौथा स्थान , गरिमा 92.83: पांचवा , रिया 91.83: छठा स्थान , अदिति केसरवानी 91.66: सातवा स्थान , जान्हवी 091.16: आठवा , आदर्श 91: नौवां स्थान , प्रिया 90.34: दसवां व बशरा 90.2: अंक प्राप्त कर विद्यालय में ग्यारहवां स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया । वही इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में अमन सोनकर 95.4 प्रतिशत प्रथम स्थान, अंजू तिवारी 92.8 दूसरा स्थान, कोमल 90 प्रतिशत तीसरा स्थान , शिखा केसरवानी 88: चौथा स्थान , बबली मौर्या 88 प्रतिशत ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम में अच्छे अंक लाकर विद्यालय परिवार का नाम रोशन करने वाले बच्चों को प्रबंधक उमेश केसरवानी , प्रधानाचार्य अनुपमा सिंह, प्रधानाचार्य एकता सिंह सहित विद्यालय स्टॉफने मेघावी छात्र छात्राओं को माला पहना कर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

# डीडीआर पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्र- छात्रों का शत प्रतिशत रहा परिणाम




लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज द्वारा घोषित 20 अप्रैल 2024 को हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट छात्र-छात्राओं के बोर्ड रिजल्ट को घोषित किया गया। इस बोर्ड परीक्षा परिणाम में डीडीआर पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज के छात्रों ने जिले में अपना नाम रोशन किया और यहां का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इस परीक्षा परिणाम में इण्टर मीडिएट से अमन 89.6 प्रतिशत, शिवम 82 प्रतिशत, वर्षा 81.2 प्रतिशत, शान्या 80 प्रतिशत, वाजिया 79.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया वही हाई स्कूल में मितेंद्र 88.1 प्रतिशत, राबिया 85.5 प्रतिशत, पंकज 82.8 प्रतिशत, जाहिन 81.8 प्रतिशत, हर्ष 81.5 प्रतिशत ने प्रतिशत अंक प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही चारों तरफखुशी का माहौल व्याप्त हो गया छात्र-छात्राओं के साथ ही साथ टीचर्स भी परीक्षा परिणाम देख करके खुशी से चहक उठे और एक दूसरे को लड्डू खिला करक ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। कॉलेज के प्रबंधक संजय उपाध्याय ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी।